CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 19°C

मुरादाबाद, शनिवार 18 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 242 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 29 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में अपराध नियंत्रण के लिए 500 फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स तैयार पेज 2



बेंगलुरु-दिल्ली के बीच बड़े मुकाबले में विराट पर रहेंगी सबकी नजरें खेल टाइम्स



धरोहरों में धड़कता भारतीय इतिहास सम्पादकीय



ईरान से समझौते के लिए खुद पाकिस्तान जाएंगे ट्रम्प ! पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में भीषण गर्मी का दौर शुरू, बांदा में पारा 44 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** देश के मैदानी राज्यों में भीषण गर्मी जारी है। यूपी के बांदा में पारा 44.4 डिग्री सेल्सियस, एमपी के नर्मदापुरम में 43 डिग्री सेल्सियस, राजस्थान के बाड़मेर में 42.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच है। इधर, राजस्थान के हनुमानगढ़ में बारिश के साथ ओले गिरने से मंडी में रखा अनाज भीग गया। मौसम विभाग के मुताबिक, जयपुर समेत 5 से ज्यादा जिलों में बरसात हो सकती है। हरियाणा में भी शुक्रवार दोपहर को बारिश और ओले गिरे। छत्तीसगढ़ में हीटवेव के कारण 11 दिन पहले स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। मध्य प्रदेश के अनूपपुर-डिंडोरी में भी स्कूलों का समय बदलकर सुबह 7 से 12 बजे तक कर दिया गया है। गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड में अगले 3 दिन लू का अलर्ट है।

### सबरीमाला मंदिर केस में 5वें दिन भी सुनवाई जारी रही

**नई दिल्ली।** केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 5वें दिन भी सुनवाई जारी रही। याचिकाकर्ता की तरफ से एडवोकेट राजीव धवन ने कोर्ट से कहा कि आस्था या विश्वास समय के साथ हमेशा बदलते रहते हैं। यह बदलाव सिर्फ किसी कानून के बन जाने से नहीं आता, बल्कि यह बदलाव तो लोगों के बीच से ही उभरकर आता है। इससे पहले 9 जजों की बेंच ने 15 अप्रैल की सुनवाई में कहा था कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक है। साथ ही यह भी कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता। वहीं मंदिर प्रशासन त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने कहा कि सबरीमाला कोई खिलौने की दुकान या रेस्टोरेंट का मामला नहीं है। यहां के देवता ब्रह्मचारी हैं। भारत में अयप्पा के लगभग 1,000 मंदिर हैं। अगर महिलाओं को दर्शन करना है, तो वहां जाएं।

### सेना को सशक्त बनाने व रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल

**नई दिल्ली।** सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे सैन्य संघर्षों और ऑपरेशन सिंदूर के अनुभवों के आधार पर सेना को हर तरह से सशक्त बनाने तथा उसकी जरूरतों को देश में ही पूरा करने के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल दिया गया। सैन्य नेतृत्व ने मानव रहित हवाई प्रणालियों और ड्रोन रोधी प्रणालियों के उपयोग सहित संचालन क्षमता बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को वक्तव्य जारी कर कहा कि सेना के कमांडरों के 13 अप्रैल से शुरू हुए चार दिन के सम्मेलन की अध्यक्षता सेना प्रमुख ने की और इसमें शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया। सम्मेलन को कैबिनेट सचिव, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, रक्षा सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष तथा नौसेना प्रमुख सहित सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने संबोधित किया। 'भविष्य के लिए तैयार बल' बनने के दृष्टिकोण के अनुरूप, सेना ने वर्ष 2026 को नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता का वर्ष घोषित किया है।

# ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट खोला, डोनाल्ड ट्रम्प बोले शुक्रिया

**तेहरान/वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और लेबनान में लागू युद्धविराम के बीच ईरान ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। ईरान ने सीजफायर के दौरान होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खोल दिया है।

विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि सभी कमर्शियल जहाजों को गुजरने की इजाजत होगी। यह फैसला लेबनान में युद्धविराम के बाद लिया गया है। उन्होंने बताया कि जहाज एक सुरक्षित रास्ते से गुजरेंगे, जिसे ईरान के पोर्ट्स और मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन ने पहले से तय कर रखा है, ताकि सफर के दौरान कोई खतरा न हो। अराघची ने कहा कि इस दौरान जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि समुद्री व्यापार प्रभावित न हो। विदेश मंत्री के अनुसार, यह निर्णय युद्धविराम अवधि के शेष समय के लिए लागू रहेगा और पहले से घोषित समन्वित मार्ग के तहत सभी व्यापारिक जहाजों को गुजरने की अनुमति दी जाएगी। यह मार्ग ईरान के पोर्ट्स एंड मैरीटाइम ऑर्गनाइजेशन द्वारा निर्धारित किया गया है। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक माना जाता है, जहां से वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। ऐसे में इस मार्ग को खोलने का निर्णय अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा बाजार और शिपिंग उद्योग के लिए राहत भरा माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम क्षेत्रीय तनाव को कम करने और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखने की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ईरान को शुक्रिया कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही होर्मुज स्ट्रेट खुल गया है, लेकिन ईरान पर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी और यह सिर्फ ईरान पर लागू होगी। ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान अपने एनरिच्ड (संवर्धित) यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है।




- लेबनान में युद्धविराम के बाद फैसला, लेकिन ईरान की नाकाबंदी जारी रहेगी
- जहाज एक सुरक्षित रास्ते से गुजरेंगे

### ट्रम्प ने दिल्ली के एलजी बनने पर तरनजीत संधू को दी बधाई

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को दिल्ली के उपराज्यपाल का पदभार संभालने पर तरनजीत संधू को बधाई दी।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि दिल्ली के नए उपराज्यपाल बनने पर तरनजीत संधू को बधाई। एक अनुभवी राजनयिक और अमेरिका में पूर्व राजदूत के रूप में तरनजीत संधू ने हमेशा अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करने के लिए गहरी प्रतिबद्धता दिखाई है। दिल्ली की प्रगति का नेतृत्व करने और वैश्विक संबंधों को आगे बढ़ाने में उनकी सफलता की कामना करता हूं। तरनजीत सिंह संधू, जो दिल्ली के 21वें उपराज्यपाल के रूप में कार्यरत हैं, फरवरी 2020 से जनवरी 2024 तक अमेरिका में भारत के 28वें राजदूत रहे।

### भाजपा नेता की हत्या में कांग्रेस एमएलए को उम्रकैद

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के भाजपा नेता योगेश गौड़ा गौदार हत्याकांड में बेंगलुरु के स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी समेत 17 दोषियों को उम्रकैद की सजा दी है। कोर्ट ने सभी दोषियों पर 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कर्नाटक के धारवाड़ में 15 जून 2016 को बीजेपी नेता और जिला पंचायत सदस्य योगेश गौड़ा की उनके जिम में हत्या कर दी गई थी। शुरुआत में स्थानीय पुलिस ने जांच की, लेकिन राजनीतिक दबाव और आरोपों के चलते 2019 में मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था।

# महिला आरक्षण से जुड़ा बिल गिरा

## 21 घंटे हुई बिल पर चर्चा , पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े

शाह टाइम्स ब्यूरो

**54 वोट से गिरा बिल, 11 साल के शासन के दौरान पहली बार मोदी सरकार बिल पास नहीं करा पाई, बेअसर रही शाह की एक घंटा स्पीच**

**परिसीमन संशोधन संविधान बिल 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून ( संशोधन ) बिल 2026 पर सरकार ने वोटिंग कराने से किया इन्कार**

**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण बिल से जुड़े संविधान के 3 संशोधन बिल सरकार लोकसभा में पास नहीं करा पाई। 21 घंटे की चर्चा के बाद सबसे पहले संविधान संशोधन बिल पर वोटिंग हुई। संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026 के जरिये 850 सीटें करने का प्रावधान था। इसके पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े।

लोकसभा में 528 सांसदों ने वोट डाले। बिलों को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 528 का दो तिहाई 352 होता है। इस तरह बहुमत नहीं मिलने से ये बिल 54 वोट से गिर गया। इसके बाद सरकार ने बाकी 2 बिल- परिसीमन संशोधन संविधान बिल 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल 2026 पर वोटिंग कराने से इन्कार कर दिया। 11 साल के शासन में यह पहला मौका जब मोदी सरकार सदन में कोई बिल पास नहीं करा पाई। इससे पहले अमित शाह ने एक घंटा स्पीच दी थी। कहा कि अगर ये बिल पास नहीं होते हैं, तो इसकी जिम्मेदारी विपक्ष की होगी। देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनकी राह का रोड़ा कौन है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने संविधान पर हुए इस हमले को हरा दिया है। हमने साफ तौर पर कहा है कि यह महिला आरक्षण बिल नहीं है, बल्कि यह भारत की राजनीतिक संरचना को बदलने का एक तरीका है। शाह ने कहा कि मैं टीवी पर विपक्ष के नेता का भाषण सुन रहा था। आपकी जिम्मेदारी है कि सदन की गरिमा बनी रही। वे कहते हैं कायर हैं, सरेंडर कर रहे हैं।



### विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया, बहुत खेद की बात: किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने से जुड़ा ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण विधेयक था। इसी पर यह नतीजा आया है। विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया। बहुत खेद की बात है। आपने एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया। महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने का हमारा अभियान जारी रहेगा और हम उन्हें अधिकार दिलाकर ही रहेंगे।

### देर रात जारी हुआ नोटिफिकेशन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण कानून यानी 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' को 16 अप्रैल 2026 से लागू कर दिया था। संसद में गुरुवार से ही इसके संशोधन पर 3 दिनों के लिए बहस शुरू हुई। इस बीच, आधी रात को मूल कानून लागू करने का नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसका मतलब यह है कि महिला आरक्षण के जिस कानून में संशोधन की बात की जा रही है, वह लागू ही नहीं हुआ था। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, कानून में बदलाव तभी हो सकता है जब वह लागू हो चुका हो। अचानक सरकारी नोटिफिकेशन की यही वजह है।

# पवन खेड़ा की ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने की मांग खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को बड़ा झटका देते हुए उनकी ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने की अर्जी ठुकरा दी है।

यह मामला असम पुलिस द्वारा असम के मुख्यमंत्री सरमा की पत्नी की शिकायत पर दर्ज की गई एक प्राथमिकी से जुड़ा है। श्री खेड़ा का आरोप था कि श्री सरमा की पत्नी के पास अलग-अलग देशों के कई पासपोर्ट हैं। श्री खेड़ा की उस अर्जी को भी अदालत ने ठुकरा दिया, जिसमें उन्होंने ट्रांजिट जमानत को अगले मंगलवार तक बढ़ाने की मांग की थी, ताकि वह सोमवार को असम की अदालत में पेश हो सकें। यह घटनाक्रम शीर्ष अदालत द्वारा उनकी अग्रिम जमानत पर रोक लगाने के दो दिन बाद सामने आया है। यह अग्रिम जमानत उन्हें तेलंगाना उच्च न्यायालय ने दी थी। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और अतुल एस. चांदुरकर की पीठ ने टिप्पणी की कि यदि संबंधित अदालत काम नहीं कर रही है, तो मामले की सुनवाई के लिए अनुरोध किया जा सकता है, जिस पर मौजूदा चलन के अनुसार विचार किया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया कि न तो वह और न ही तेलंगाना उच्च न्यायालय असम की उस अदालत के काम में कोई दखल देगा, जो पवन खेड़ा के खिलाफ मामले की सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि 5 अप्रैल को एक संवाददाता सम्मेलन में श्री खेड़ा ने आरोप लगाया था कि श्री सरमा के पास कई पासपोर्ट हैं और कई देशों में उनकी संपत्तियां हैं, जिनका जिक्र असम के सीएम ने अपने चुनावी हलफनामे में नहीं किया था।

- सुप्रीम कोर्ट ने किया स्पष्ट, वह मामले में दखल नहीं देगा

# नोएडा में 203 संविदाकारों के लाइसेंस रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश में श्रम विभाग ने श्रम कानूनों के उल्लंघन पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई शुरू की है।

प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिला में अपर श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी ने 24 कारखानों से जुड़े 203 संविदाकारों के खिलाफ लाइसेंस निरस्तीकरण, धनराशि वसूली और एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई अमल में लाई गई है। शुक्रवार को अपर श्रमायुक्त द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि श्रम विभाग की जांच में सामने आया है कि कई संविदाकारों ने श्रमिकों को उनके वैधानिक हितलाभों से वंचित रखा। इसके चलते विभाग ने कुल एक करोड़ सोलह लाख पांच हजार रुपये की पेनल्टी निर्धारित करते हुए संबंधित संविदाकारों को नोटिस जारी किया है। यह राशि सीधे श्रमिकों को भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। हाल ही में हुए श्रमिक आंदोलन के दौरान तोड़फोड़ की घटनाओं में भी कुछ संविदाकारों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है, जिसकी जांच की जा रही है। अन्य दोषी संविदाकारों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्रमिकों के वेतन वृद्धि के मुद्दे पर उन्होंने बताया कि शासन स्तर पर गठित उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों के आधार पर गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद के 74 अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के वेतन में 21 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह नई दरें एक अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगी और मई 2026 में सात से दस तारीख के बीच भुगतान किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वेतन वृद्धि संविदा और स्थायी दोनों प्रकार के श्रमिकों पर समान रूप से लागू होगी।

- श्रम विभाग ने 1.16 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

### राहुल गांधी मानहानि मामले में अगली सुनवाई 22 अप्रैल को

**सुल्तानपुर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले में शुक्रवार को एमपी- एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने वादी पक्ष के लगातार स्थगन मांगने पर सख्त रुख अपनाते हुए भविष्य में किसी भी तरह की ढिलाई न बरतने की चेतावनी दी है। मामले की अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को अदालत में धारा 311 सीआरपीसी के तहत दाखिल एक प्रार्थना पत्र पर बहस होनी थी।

# दोहरी नागरिकता मामले में राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

इसके बाद अब राहुल गांधी की मुश्किल बढ़ गई है। दोहरी नागरिकता के मामले में शुक्रवार को लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। यह मामला निचली अदालत के उस फैसले के खिलाफ है, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया था। यूपी सरकार की तरफ से वकील ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई करे। इस पर जज ने मंजूरी दी। कहा कि एफआईआर करके मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाए। अब एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रकरण की जांच सीबीआई करेगी। गौरतलब है कि कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने यह याचिका दाखिल की थी। याची ने लखनऊ की विशेष एमपी/एमएलए अदालत के 28 जनवरी 2026 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की उसकी अर्जी खारिज कर दी थी।

- इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने कहा: ब्रिटिश नागरिकता की जांच करे सीबीआई

# गौतम अडानी बने एशिया के सबसे अमीर इंसान

## अडानी की संपत्ति का शुद्ध मूल्य 92.6 अरब डॉलर आंका गया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी एशिया के सबसे अमीर इंसान बन गए हैं। ब्लूमबर्ग के दुनिया के 500 सबसे अमीर अरबपतियों के दैनिक सूचकांक में श्री अडानी की संपत्ति का शुद्ध मूल्य 92.6 अरब डॉलर आंका गया है।

पिछली सूची के बाद उनकी संपत्ति 3.56 अरब डॉलर बढ़ी है और वह दुनिया में 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। साथ ही वह एशिया के सबसे धनाढ्य व्यक्ति भी बन गए हैं। श्री अडानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। पिछली सूची के बाद श्री अंबानी की संपत्ति में 7.67 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ है और यह 90.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। वह वैश्विक सूची में अब 20वें स्थान पर हैं। इस सूची में पहले आठ स्थान पर अमेरिका का कब्जा है और ये सभी प्रौद्योगिकी कंपनियां हैं। जाने-माने उद्योगपति एलन मस्क 656 अरब डॉलर के साथ पहले स्थान पर हैं। उनके बाद क्रमशः लैरी पेज, जेफ बेजोस, सर्गेई ब्रिन और मार्क जुकरबर्ग रहे। शीर्ष 20 में अमेरिका के अलावा भारत के दो और फ्रांस, मेक्सिको तथा स्पेन की एक-एक कंपनियां शामिल हैं।






- मुकेश अंबानी को पछाड़कर अडानी ने यह उपलब्धि हासिल की

# लगातार तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति चुने गए हरिवंश

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के मनोनीत सदस्य हरिवंश को शुक्रवार को लगातार तीसरी बार उच्च सदन के उप सभापति के पद पर ध्वनिमत से चुन लिया गया।

नेता सदन जगत प्रकाश नड्डा ने हरिवंश को उप सभापति चुने जाने का प्रस्ताव रखा, जिसका भारतीय जनता पार्टी की सदस्य एस. फांगनोन कोन्याक ने समर्थन किया। सदन ने इस प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया। वह इस पद पर लगातार तीसरी बार चुने गए हैं। प्रस्ताव रखे जाने के दौरान विपक्ष के सदस्यों ने इस संबंध में कुछ कहना चाहा, लेकिन सभापति ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। विपक्ष की ओर से इस पद के लिए किसी का नामांकन नहीं किया गया था। यह पहला अवसर है, जब किसी मनोनीत सदस्य को सदन का उप सभापति चुना गया है।

- विपक्ष के सदस्यों को सभापति ने कुछ कहने की अनुमति नहीं दी

## एक नजर

### भाकियू जिला सचिव का निधन



**हल्दौर।** ग्राम पोटा गांवड़ी निवासी धर्मेंद्र सिंह (55) भारतीय किसान यूनियन के जिला सचिव के पद पर कार्यरत थे। बीती सात फरवरी को वह खेत पर फसलों की सिंचाई के लिए गए थे। अचानक विद्युत करंट की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गए। परिजनों ने उन्हें मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। गुरुवार की दोपहर उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। उनकी मौत से संगठन के कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों में कोहराम मच गया। उनका अंतिम संस्कार दारानगर गंज में कर दिया गया है।

### विधानसभा संगोष्ठी का आयोजन



**नजीबाबाद।** संविधान निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान 2026 विधानसभा संगोष्ठी का आयोजन आज दोपहर स्थानीय एक बैंकट हॉल में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री भाजपा अनुप वाल्मीकि रहे। अध्यक्षता गुरुकुल इंटरनेशनल एकेडमी के प्राचार्य शिवकुमार ने की। कार्यक्रम में बाबा साहब के अनेको बलिदानों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री बलराज त्यागी रहे। सहसंयोजक जिला मंत्री मोनिका यादव रही। संचालन जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा सुधीर भुईयार ने किया। विशिष्ट अतिथि पार्टी पार्षद लीना सिंघल, पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, नकुल अग्रवाल, वरुण अत्रेय, भूपेंद्र राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री निराला, गोपीचंद, मनीष सैनी, जयपाल सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, शोभित चौधरी, संदीप चौधरी, रितेश सेन, राकेश कौशिक सहित सैकड़ों की तादाद में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय रेंजर्स शिविर का समापन



**बिजनौर।** आरबीडी डिग्री कॉलेज में रेंजर्स का तीन दिवसीय शिविर के अंतिम दिन प्रशिक्षक पुष्पा चौहान द्वारा रेंजर्स को गाठ्य बंधन, प्राथमिक चिकित्सा के अंतर्गत स्ट्रेचर बनाना जबड़े की पट्टी बांधना तथा दो लाठी के द्वारा स्ट्रेचर तैयार करना सिखाया गया। रेंजर्स प्रभारी डा. दयावती देवी द्वारा सभी रेंजर्स को समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने, अनुशासन में रहने, समाज उपयोगी कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

### एमडी स्कूल में जश्न का माहौल



**राजा का ताजपुर।** क्षेत्र के ग्राम रवाना शिकारपुर में एमडी इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल में उत्साह और गर्व का माहौल बन गया। विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय के कक्षा दस के पहले ही शैक्षिक वर्ष में विद्यार्थियों ने अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम क्षेत्र में रोशन कर दिया।इस वर्ष विद्यार्थियों ने सिर्फ परीक्षा पास नहीं की, बल्कि अपने सपनों को अंकों में बदल दिया। तुषार यादव 97 प्रतिशत, जोनू सैनी 95.4 प्रतिशत, कंगना शर्मा 94 प्रतिशत एवं अंशिका 92.6 प्रतिशत ने न केवल विद्यालय में, बल्कि पूरे क्षेत्र में अधिकतम अंक प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि लगन, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से असंभव भी संभव बन जाता है। परिणामों ने केवल विद्यालय का मान बढ़ाया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि छोटे-छोटे सपने जब मेहनत से जुड़ते हैं तो बड़ी सफलता बन जाते हैं। प्रबंधक देवेन्द्र सिंह ने छात्रों की इस नई पीढ़ी की बड़ी उड़ान बताते हुए कहा कि यह परिणाम आने वाले वर्षों के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल है।

# बजरंग दल का जोरदार प्रदर्शन

## शास्त्री चौक पर मानव श्रृंखला बनाकर लव जिहाद का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बजरंग दल द्वारा आज शास्त्री पर चौक 'लव जिहाद' का पुतला दहन किया गया।

इससे पूर्व बजरंग दल के कार्यकर्ता आदमपुर स्थित विश्व हिंदू परिषद कार्यालय पर एकत्रित हुए। जहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बजरंग दल के विभाग संयोजक शिवम वर्मा ने बताया कि अभी हाल ही में देश की सबसे बड़ी कंपनी टीसीएस के नासिक कार्यालय में बड़ी संख्या में सुनियोजित योजना के अंतर्गत कंपनी की एचआर निदा खान द्वारा लव जिहाद चलाया जा रहा था। जिसमें 10-12 लड़कियों ने केस भी दर्ज किया है। इसी प्रकार देश के अंदर अलग-अलग संस्थानों में मुस्लिम जिहादियों द्वारा इस प्रकार से अलग-अलग जिहाद चलाए जा रहे हैं। जैसे लैंड जिहाद, पेशाब जिहाद, कॉर्पोरेट जिहाद आदि इन सभी का विरोध करना जरूरी है,



ताकि देश को एक बड़े षडयंत्र से बचाया जा सके यह सनातन धर्म के ऊपर बड़ा हमला है, जिसे बजरंग दल कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगा। इसके बाद सभी कार्यकर्ता कार्यालय से प्रदर्शन करते हुए शास्त्री चौक पर पहुंचे। शास्त्री चौक पर मानव श्रृंखला बनाकर लव जिहाद का पुतला दहन कर एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में राष्ट्रपति को लव जिहाद, हिंदू कन्याओं का शारीरिक शोषण, अल फलाह यूनिवर्सिटी का आतंकी कनेक्शन, अवैध लैंड जिहाद एवं पवित्र खान, पान इन सभी बिंदुओं से अवगत कराया गया। मांग की गई कि ऐसी राष्ट्र विरोधी और आपराधिक मानसिकता वाले तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध त्वरित एवं कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर हुए सभी अवैध कब्जों को तत्काल हटाया जाए। लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण जैसे कृत्यों को रोकने हेतु कठोर केंद्रीय कानून लागू किया जाए। जनजातीय क्षेत्रों में हो रहे शोषण को रोकने हेतु विशेष सुरक्षा तंत्र विकसित किया जाए।

बजरंग दल राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए प्रतिबद्ध है। हम मांग करते हैं कि प्रशासन इन असामाजिक तत्वों पर नकेल कसे ताकि देश में शांति और सद्भाव बना रहे।

इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त सह मंत्री जितेंद्र चौधरी, विहिप के विभाग मंत्री मनोज शर्मा, जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, जिला मंत्री सौरभ शर्मा, बजरंग दल के विभाग संयोजक शिवम वर्मा, जिला संयोजक अरुण चौधरी, सहसंयोजक नवदीप, कैलाश, उपाध्याय मलखान सिंह, अनमोल शर्मा, शिवम त्यागी, आशीष बालियान, सुधाकर शर्मा, शिवाकर त्यागी, स्पर्श चोपड़ा, रजत चौधरी, विनीत पाल, विपिन, संजय चौधरी, हिमांशु, रॉकी नायक आदि उपस्थित रहे।

### इमाम के बेटे ने राबते के इम्तिहान में अव्वल पोजीशन हासिल की



**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला मुनीरगंज स्थित कोल्हू वाली मस्जिद के पेश इमाम मौलाना इम्तियाज अहमद कासमी के बेटे मौहम्मद ने राबते के इम्तिहान में अव्वल पोजीशन हासिल की। ग्राम कनकपुर निवासी पेश इमाम मौलाना इम्तियाज अहमद कासमी के बेटे मदरसा इस्लामिया अरबिया इमदादुल उलूम मौहल्ला मुगलूशाह के तालिब ए इल्म मौहम्मद ने राबते के इम्तिहान में 100 में से 100 नम्बर हासिल कर अव्वल पोजीशन हासिल की। मौहम्मद के राबते के इम्तिहान में अव्वल पोजीशन हासिल करने पर डॉ. शाकिर खान, मास्टर दिलदार अहमद, गुलजार सैफी ठेकेदार, पूर्व सभासद इरशाद अहमद, हसीनुद्दीन उर्फ कक्कू भाई, अख्तर सैफी, जियाउद्दीन अंसारी, शादाब जफर ने बच्चे के रोशन मुस्तकबिल की दुआएं दी है।

# देवांग त्यागी ने स्कूल में पाया प्रथम स्थान

## आरआर पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** आरआर पब्लिक स्कूल के छात्र देवांग त्यागी ने सीबीएसई की दसवीं कक्षा में 97.8 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र देवांग त्यागी ने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्कूल के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सीबीएसई द्वारा दसवीं कक्षा का आरआर पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता के अनुसार स्कूल के 17 बच्चों ने 98 से 90 प्रतिशत, 20 बच्चों ने 90 से 80 प्रतिशत, 45 बच्चों ने 80 से 75 प्रतिशत अंक हासिल किए। दसवीं कक्षा में देवांग त्यागी ने 98 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रग्वी वत्स ने 95.8 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय, मनुश्री कंधालिया व सार्थक चौहान ने 95.2 प्रतिशत अंक




हासिल कर संयुक्त रूप से तृतीय, शिवांग राजपूत ने 94.2 प्रतिशत अंक हासिल कर चौथा व कुलद. ीप सिंह ने 93.8 प्रतिशत अंक हासिल कर पांचवां स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त मनुश्री एवं गुरप्रीत कौर ने अंग्रेजी में 100 अंक, देवांग त्यागी ने सामाजिक विज्ञान में 100 अंक, सार्थक चौहान ने विज्ञान में 100 अंक तथा श्रग्वी वत्स ने सूचना प्रौद्योगिकी में 100 अंक प्राप्त कर अपने शिक्षकों एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। स्कूल के चेयरमैन डॉ. मनुजेन्द्र गुप्ता ने स्कूल का नाम रोशन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन ने मीठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं भेंट की।

इस दौरान स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, संजीव डबास, विरेन्द्र चौहान , नीरज त्यागी, मुकुल शर्मा, कपिल बब्बर, रश्मि बंसल, तरुण गर्ग, स्वाति यादव, चंचल कटारिया, अनिल शर्मा, गौरव चौहान आदि मौजूद रहे।

# बाबा साहब की जयंती पर संगोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विश्व महामानव भारतरत्न एवं संविधान के निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके नगर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मार्ग स्थित शुभम मंडप में विशाल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के चारों मंडल, धामपुर, शेरकोट, स्योहारा एवं सरकड़ा चकराजमल के कार्यकर्ताओं के साथ ही विधानसभा क्षेत्र के नगरों एवं ग्रामों से बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।



## कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम में धामपुर विधायक अशोक कुमार राणा ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर द्वारा संजोए गए सपनों को साकार करने के लिए समाज के हर वर्ग को जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर ने समाज के प्रत्येक वर्ग महिला, युवा, किसान, श्रमिक, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विधायक अशोक राणा ने अपने संबोधन में पूर्व सरकारों पर संविधान निर्माता की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने समय-समय पर डा. अंबेडकर को सम्मान देने का कार्य किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा पूरे देश और प्रदेश में अंबेडकर जयंती मनाने के निर्देशों का उल्लेख करते हुए इसे ऐतिहासिक पहल बताया। साथ ही उन्होंने लोगों से भ्रमित करने वाली बातों से सावधान रहने का आह्वान भी किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों द्वारा भारत माता एवं डा. अंबेडकर के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में राणा प्रियंकर सिंह, स्योहारा ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र धनोरिया, जिला उपाध्यक्ष रवि चौधरी, सुभाष चौहान, भूपेंद्र सैनी, मिथिलेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, अनिल कुमार शर्मा, विनीत कौशिक आकाश जोशी, सोनू वाल्मीकि सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम मोहड़ा के पूर्व प्रधान होरी सिंह ने की। संचालन भाजपा जिला महामंत्री दिनेश सैनी ने किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं का स्वागत पटका पहनाकर किया गया। महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

इसके अलावा विभिन्न वक्ताओं ने डा. अंबेडकर के जीवन दर्शन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान 'भारत माता की जय', 'जय श्री राम', 'वंदे मातरम' एवं 'जय संविधान' के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

## एक नजर

### गन शूटिंग में देवांश ने जीता स्वर्ण



**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी के विद्यार्थियों ने गन शूटिंग प्रतियोगिता में एक बार फिर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 11 के छात्र देवांश चौधरी एवं कक्षा 12 के छात्र देवांश ने मेरठ में आयोजित गन शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। दोनों छात्रों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी कीन लहर है। विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### आरबीडी में पोस्टर प्रतियोगिता



**बिजनौर।** आरबीडी डिग्री कॉलेज में प्राचार्य प्रो.पारुल त्यागी के निर्देशन में महिला आरक्षण अधिनियम-2023 (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) प्रचार अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति की समन्वयक डा.अल्पना के मार्गदर्शन में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में महिलाओं के अधिकारों, समानता एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरुकता बढ़ाना था। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने 'नारी शक्ति', 'समान अधिकार', 'राजनीति में महिलाओं की भागीदारी' जैसे विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपूर्ण पोस्टर बनाए गए। छात्राओं की रचनात्मकता, रंगों का प्रयोग तथा सामाजिक संदेश अत्यंत सराहनीय रहा। प्रतियोगिता न केवल विद्यार्थियों की कला प्रतिभा को निखारने में सहायक रही, बल्कि उन्हें महिला अधिकारों और सामाजिक समानता के प्रति जागरुक करने में भी सफल रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. नीरु, डा. शताक्षी चौधरी एवं डा. जैदी ने विशेष योगदान दिया।

### बाइक से किशोर का पैर कुचला

**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर निवासी वंश (12 वर्ष ) पुत्र रवि कुमार शादीपुर बस अड्डा मार्ग पर खड़ा था। तभी ग्राम शादीपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने वंश को टक्कर मार दी। बाइक का पहिया वंश के पैर को कुचलता हुआ आगे निकल गया। बाइक चालक मौके से भाग गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। गंभीर हालत में परिजन वंश को बिजनौर ले गए जहां से गंभीर स्थिति देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। वंश के माता और पिता दोनों पैर से दिव्यांग हैं। परिजनों के अनुसार वंश के पैर पर बाइक का पहिया उतरने के कारण उसके पैर का अंगूठा बुरी तरह कुचल गया है। परिजनों ने घटना की तहरीर थाना कोतवाली देहात में दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक सवार की तलाश कर रही है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान



**नजीबाबाद।** शासन की मंशा और आयुक्त मुरादाबाद के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा आज नगर क्षेत्र में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। नगर पालिका ईओ के आदेशानुसार चलाए गए अभियान में लगभग 1.8 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक व ग्लास आदि जब्त किए गए। साथ ही 1400 रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। अभियान का निर्देशन पालिका के राजस्व निरीक्षक विपिन चौहान ने किया। इस दौरान पालिका के लिपिक विशेष कुमार, पंकज कुमार, फैसल, टैक्स कलेक्टर रूपेश कुमार, हेमंत कुमार, मोहन लाल और सफाई नायक अरुण कुमार व प्रीतम सिंह अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। अभियान के अंतर्गत टीम ने नगर के विभिन्न बाजारों और क्षेत्रों का निरीक्षण किया। दुक. ानदारों एवं पथ विक्रेताओं को पूर्णत: प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए सख्त चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# चौहान के निर्देश पर अमानक बीज मामले में कार्रवाई

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से राजधानी दिल्ली में मध्यप्रदेश के धार और खरगोन जिले के किसानों ने मिलकर उनके समक्ष करेले की फसल में अमानक बीज और रोपाई से हुए भारी नुकसान का मामला रखा। इस पर सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए और दोषी कंपनी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उनके निर्देशों के बाद धार जिले के मनावर थाने में संबंधित कंपनी- नुन्हेम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। चौहान ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि किसानों के हित उनके लिए सर्वोपरि हैं। इन निर्देशों के बाद प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धाराएं 318(4) और 324(5), आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धाराएं 3 व 7 तथा बीज अधिनियम, 1966 की धारा 19 के तहत मामला दर्ज किया गया। प्राथमिकी में नुन्हेम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना को आरोपी के रूप में दर्ज किया गया है। किसानों की शिकायत है कि उन्होंने नवम्बर 2025 में विभिन्न नर्सरियों और कृषि सेवा केंद्रों से संबंधित इस कंपनी के बीज खरीदे थे, लेकिन बुआई और रोपण के बाद करेला फसल में अपेक्षित उत्पादन नहीं हुआ और फल छोटे, पीले होकर गिरने लगे।



# पश्चिम बंगाल में फिर गरजेंगे योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक बार फिर पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतरने जा रहे हैं। शनिवार को उनका दौरा बेहद अहम माना जा रहा है, जहां वे उत्तर से दक्षिण तक तीन जिलों में लगातार जनसभाएं और रोड शो कर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सबसे पहले कूचबिहार जिले के माथाभांगा विधानसभा क्षेत्र में दोपहर 12 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां वे भाजपा प्रत्याशी निशीथ प्रमाणिक के समर्थन में जनता से संवाद करेंगे। सीमावर्ती इस क्षेत्र में पार्टी अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में है और योगी की सभा को इस दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके बाद मुख्यमंत्री जलपाईगुड़ी जिले के धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्र पहुंचेंगे, जहां दोपहर 1:20 बजे भाजपा उम्मीदवार नरेश चंद्र रॉय के



**उप्र के मुख्यमंत्री के कूचबिहार से लेकर बांकुड़ा तक ताबड़तोड़ कार्यक्रम**

समर्थन में जनसभा करेंगे। उत्तर बंगाल में पिछले चुनावों में मिली बढ़त को और मजबूत करने पर पार्टी का विशेष फोकस है। दिन के अंतिम चरण में मुख्यमंत्री बांकुड़ा पहुंचेंगे, जहां शाम 4:15 बजे भाजपा प्रत्याशी नीलाद्रि शेखर दाना के समर्थन में रोड शो करेंगे। जंगलमहल क्षेत्र के इस अहम जिले में इस रोड शो को शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है और स्थानीय स्तर पर इसकी व्यापक तैयारियां की गई हैं।

### जन समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं अधिकारी: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं और समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। जनता दर्शन कार्यक्रम में पहुंचे 200 लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि घबराइए मत। सरकार, आपकी हर समस्या पर प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराएगी।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि 11.05.2026 है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 15:30 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 01-GSU-MB-26-27 17.04.2026 |
| कार्य का नाम | ABSS- Improvements of circulating area & Facade, Concourse at Gajraula station and Improvement of Circulating area, parking area, provision of Shelter at PF 1 at Garhmukteshwar station under Dy CE.GSU/MB |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 11.05.2026, 15:30 Hrs. |
| अनुमानित लागत | 8,93,15,610.48 |
| धरोहर राशि | 17,86,300.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 27.04.2026 |

सं.: Dy.CE/GSU/MB/Publication-01/26-27 दिनांक: 17.04.2026 1286/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई-टेंडर जिनके बंद होने की तिथि 11.05.2026 है। निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 15:30 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या, दिनांक | 02-GSU-MB-26-27, 17.04.2026 |
| कार्य का नाम | Improvement of circulating area, Facade, Parking and platform and Construction of Electrical Sub Station and Parcel Office along With Approach Road at Roorkee station under Dy. CE/GSU/MB |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 11.05.2026, 15:30 Hrs. |
| अनुमानित लागत (रु.) | 6,70,05,238.09 |
| धरोहर राशि (रु.) | 13,40,100.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 27.04.2026 |

सं.: Dy. CE/GSU/MB/Publication-02/26-27 दिनांक: 17.04.2026 1285/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# धामपुर में जीएसटी टीम की छापेमारी

## सात घंटे तक खंगाले रिकॉर्ड, बाजार में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कालागढ़ मार्ग स्थित एक प्रतिष्ठान पर आज जीएसटी टीम ने छापेमारी कर करीब सात घंटे तक रिकॉर्ड खंगाले। एक दर्जन से अधिक अधिकारियों की टीम ने दस्तावेजों की गहन जांच की। जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार एलआईसी कार्यालय के पास स्थित एक प्रतिष्ठान पर आज दोपहर जीएसटी अधिकारियों का काफिला पहुंचा। आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों में आई टीम ने पहुंचते ही प्रतिष्ठान को घेर लिया और दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी। शाम से लेकर रात करीब आठ बजे तक अधिकारी रिकॉर्ड खंगालते रहे।

इस दौरान अधिकारियों ने स्टॉक और दस्तावेजों का मिलान किया। टीम के अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई एक नियमित प्रक्रिया के तहत की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जीएसटी टीम की इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही आसपास के बाजार, खासकर मोबाइल मार्केट में हलचल बढ़ गई। कई दुकानदारों ने एहतियातन अपनी दुकानें बंद कर दीं। पूरे दिन चली इस कार्रवाई को लेकर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

प्रशासनिक कार्रवाई के चलते क्षेत्र में दिनभर लोगों की भीड़ जुटी रही और लोग मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं करते नजर आए। फिलहाल जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# अंबेडकर जयंती पर बसपा का सबसे शर्मनाक प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अंबेडकर जयंती पर बसपा के सबसे शर्मनाक प्रदर्शन ने साफ संकेत दे दिए है कि अब जनपद में इस पार्टी का कोई भी जनाधार नहीं बचा है।

गौरतलब है कि एक वक्त में जनपद को बसपा का गढ़ कहा जाता था। यहां पर सभी विधायक बसपा के ही थे। जिला पंचायत अध्यक्ष भी बसपा का था और ज्यादातर ब्लॉक प्रमुख भी बसपा के ही थे। बिजनौर एवं नगीना सीट से सांसद भी बसपा के ही थे। हालांकि दोनों सांसद सपा से गठबंधन की वजह से ही बने थे। वैसे तो सत्ता से हटने के बाद बसपा का ग्राफ तेजी के साथ नीचे गिरा था। मगर लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन करने के बाद बसपा को नई ऊर्जा मिली थी। इसके बावजूद बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा से गठबंधन तोड़ लिया था। इसके बाद बसपा की हालत प्रदेश में इतनी ज्यादा खराब हो गई है कि आज यह सभासद एवं ग्राम प्रधान पद का चुनाव जीतने की स्थिति में भी नहीं है।

पूर्व में बसपा अध्यक्ष मायावती की रैली में भारी भीड़ उमड़ती थी। बसपा की एक रैली अपनी ही दूसरी रैली का रिकार्ड तोड़ती थी। लेकिन आज इस पार्टी



## रैली के लिए नहीं जुटा पाए सौ कार्यकर्ता

की हालत बेहद पतली हो गई है। हाल ही में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित लखनऊ रैली में भी इस पार्टी का प्रदर्शन बेहद शर्मनाक रहा। पार्टी के दिग्गज नेता रैली में सौ कार्यकर्ताओं को भी नहीं ले जा पाए। नजीबाबाद के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अबरार आलम ने ही इस रैली में सहयोग किया। संगठन भीड़ जुटाने में बिल्कुल नाकाम रहा। जिससे साफ हो गया है कि अब इस पार्टी का न तो कोई जनाधार रहा है और न ही कोई जनाधार वाला नेता या कार्यकर्ता इस पार्टी से जुड़ना चाहता है। इसकी स्थिति वोट कटवा पार्टी जैसी बन कर रह गई है। हालात यह है कि पार्टी अध्यक्ष मायावती से मिलाई के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों को नेता नहीं मिल पा रहे है। कोई भी मजबूत व आर्थिक रूप से सक्षम नेता मायावती से मिलने के लिए नहीं जा रहा है। जिससे पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी परेशान है और उनका तारगेट पूरा नहीं हो रहा है। अगर यही हालत रही, तो पार्टी में जो थोड़े-बहुत नेता बचे है, वह अपना भविष्य सुरक्षित करने के लिए दूसरी पार्टियों में चले जाएंगे।

## नहीं टिक पा रहे जिलाध्यक्ष

**बिजनौर।** बसपा का जिला अध्यक्ष बनना आसान नहीं है। अगर कोई जिलाध्यक्ष बन भी जाता है, तो यह गारंटी नहीं होती है कि वह एक-दो महीने इस पद पर टिका रहेगा। लगातार बसपा के जिलाध्यक्ष बदले जा रहे है। जिसका समाज में गलत संदेश जा रहा है। न जाने कितने दलित नेताओं के नाम के आगे पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष लिखा जा चुका है। यह क्रम रूकने का नाम नहीं ले रहा है।

## अज्ञात शव की शिनाखत

**बूंदकी।** ग्राम तेलीपाड़ा कॉलोनी के निकट उत्तराखंड बॉर्डर से सटे जंगल में बीती शाम करीब एक युवक शव पड़ा मिला था। नगीना देहात पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस ने कोटद्वार नजदीक होने के कारण शव को उठाकर सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में रखवा दिया था। पुलिस ने मृतक के फोटो को सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया तथा प्रिंट मीडिया के जरिए से शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की गई। सोशल मीडिया पर फोटो चलते-चलते सऊदी मुल्क तक पहुंच गए। नगीना देहात की टांडा माईदास पुलिस चौकी इंचार्ज नितेंद्र कुमार ने बताया कि सऊदी में मृतक को किसी युवक ने पहचान लिया। वह युवक कोतवाली देहात थाना क्षेत्र का रहने वाला था। उसने उसके घर पर सूचना दी। तब मृतक का भाई जुबेर अपने परिजनों के साथ थाना नगीना देहात आया और फोटो को देखकर व अपने भाई मौहम्मद तारीख पुत्र खालिद निवासी मौहल्ला कुरैशियान, कोतवाली देहात के रूप में पहचान की। जुबेर के बताने पर पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शराब की लत की वजह से उसकी पत्नी दो वर्ष से उससे अलग अपने मायके में रह रही है। उसके दो बच्चे भी है।

## एक नजर

### तस्मिया ने किया नाम रोशन



**मंडावर।** मौहल्ला पटवारियान निवासी जिंदल सिद्दीकी की पुत्री तस्मिया सिद्दीकी ने दसवीं की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक लाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनकी इस कामयाबी से परिवारजनों में हर्ष का माहौल है। तस्मिया सिद्दीकी ने अपने कामयाबी का श्रेय अपने गुरुजनों व परिवारजनों को दिया।

### श्रेयांशु उपाध्याय ने किया टॉप



**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, मंडावर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। श्रेयांशु उपाध्याय ने 98.4प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। श्रेयांशु की इस उपलब्धि से परिवार सहित कस्बे में खुशी का माहौल है। मालूम हो कि श्रेयांशु के पिता चंचल उपाध्याय नगर पंचायत में कार्यरत हैं तथा उनकी माता ग्रहणी हैं। श्रेयांशु के चाचा अशोक उपाध्याय अधिवक्ता हैं। श्रेयांशु ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय गुरुजनों सहित अपने परिवार को दिया। इसके साथ ही मंडावर मार्डन एरा स्कूल के हार्दिक राजपूत ने 98 प्रतिशत, महिमा चौधरी ने 98 प्रतिशत, कार्तिक राजपूत ने 96 प्रतिशत, प्रांजुल राजपूत ने 96 प्रतिशत, अभिनव प्रताप सिंह ने 96 प्रतिशत, मानवी राजपूत ने 94 प्रतिशत, अक्षिता राजपूत ने 94 प्रशित तस्मिया सिद्दीकी ने 94 प्रशित व इशिका सिंह ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 30 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और 08 से अधिक बच्चों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

### अदीबा मंसूरी का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बुंदकी।** सीबीएसई 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित होते ही मेधावी विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे और उनके घर में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के ग्राम हरगनपुर निवासी आरआर मोरारका पब्लिक स्कूल की छात्रा अदीबा मंसूरी ने सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अदीबा ने 10वीं की परीक्षा में 98% अंक प्राप्त कर स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। अदीबा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अबरार मंसूरी एवं माता शन्नो मूंसरी व शिक्षकों को देते हुए कहा उनके माता-पिता ने हमेशा प्रोत्साहित किया। शिक्षकों के सही मार्गदर्शन और प्रयासों से ही उन्हें यह सफलता प्राप्त हुई है। अदीबा ने बताया कि वह अच्छी शिक्षा प्राप्त कर डॉक्टर बनना चाहती है।

### गुलदार पिंजरे में कैद



**अफजलगढ़।** भूतपुरी सूरजननगर मार्ग पर ग्राम महावतपुर स्थित सोमवती इंटर कॉलेज की दीवारों पर मस्ती करने वाला गुलदार बीती रात पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने गुलदार को पिंजरे सहित सुरक्षित स्थान पर ले जाकर वन विभाग में छोड़ दिया। गौरतलब है कि ग्राम महावतपुर के सोमवती इंटर कॉलेज की दीवार पर देर शाम मस्ती करने वाले गुलदार को देखकर खेतों से गेहूं का भुस भरने आए किसान भयभीत हो गए थे। किसानों ने गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग से गुहार लगाई थी वन विभाग ने गुरुवार को प्रातः गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था, जो सफल रहा। गुलदार की गतिविधियों से स्थानीय लोगों में दहशत फैल हुई थी, गुलदार के पिंजरे में फंसने से किसानों मजदूरों व ग्रामीणों को राहत मिली है। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि वन विभाग की टीम गुलदार का स्वास्थ्य परीक्षण कर, वन रेंज में सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की कार्यवाही करेगी।

## एक नजर

### तालिब बंधुओं को नहीं मिली राहत

**बिजनौर।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रीति चौधरी के न्यायालय से आज भी तालिब बंधुओं को कोई राहत नहीं मिली। न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई की अगली तिथि 28 अप्रैल निर्धारित की है। न्यायालय में विवेचक उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र ने बताया कि अभियुक्तों से रिमांड के दौरान आठ अप्रैल को किसी प्रकार की बरामदगी नहीं हो पाई। विवेचक ने बताया कि वादी तुषार मलिक का कहना है कि जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई। लेकिन तालिब बंधुओं के अधिवक्ता का कहना था कि पुलिस द्वारा झूठे और बेबुनियाद तथ्यों के आधार पर उनका चालान किया गया था। उनका कहना था कि इस मामले में धारा 109(1) बीएनएस का कोई अपराध नहीं बनता है। जिसकी वजह से प्रार्थीगण का रिमांड निरस्त किए जाने योग्य है। न्यायालय का कहना था कि आदेश दिनांक 2 अप्रैल को रिव्यू करने का अधिकार उन्हें प्राप्त नहीं है। खालित, तालिब आबिद का प्रथम न्यायिक रिमांड स्वीकृत होने के उपरांत से आज तक उक्त मामले के तथ्यों में कोई परिवर्तन नहीं आया है। अभियुक्तगणों खालित, तालिब आबिद से तमंचे की बरादमगी न होने के आधार पर यह नहीं माना जा सकता कि उक्त घटना घटित ना हुई हो। उपरोक्त मामले में अभी विवेचना प्रचलित है एवं साक्ष्य संकलित किया जाना अभी शेष है। इसलिए अग्रिम न्यायिक रिमांड 28 अप्रैल तक स्वीकृत किया जाता है।

### पालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान



**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा मुख्य मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण को देखते हुए विशेष अभियान चलाकर अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। यह अभियान ईओ विजेंद्र सिंह पाल के दिशा-निर्देश पर नगर को सुचारू यातायात एवं स्वच्छ व्यवस्था प्रदान करने के उद्देश्य से चलाया गया। अभियान के दौरान नगर पालिका की टीम ने मुख्य बाजार प्रमुख सड़कों एवं सार्वजनिक मार्गों पर सड़क किनारे लगाए गए अस्थायी ठेले फड़ अवैध निर्माण सामग्री एवं अन्य अतिक्रमणों को हटवाया। नगर पालिका प्रशासन ने दुकानदारों एवं व्यापारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक मार्गों पर दोबारा अतिक्रमण न किया जाए, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा आमजन को आवागमन में होने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों से नगर को साफ-सुथरा एवं व्यवस्थित रखने में सहयोग करने की अपील भी की। अभियान में प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार, अमित कुमार, मौहम्मद शान आदि अन्य नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

### आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोपी गिरफ्तार

**नजीबाबाद।** स्थानीय पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाने पर 14 अप्रैल को वादी द्वारा तहरीर देकर आरोप लगाया गया था कि ग्राम बिजौरी निवासी योगेश उर्फ मोनू उर्फ राधे कश्यप ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो प्रसारित कर डॉ. अंबेडकर के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की। सह-अभियुक्त निखिल कश्यप द्वारा उक्त वीडियो का समर्थन किया गया। तहरीर के आधार पर नजीबाबाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। गुरुवार को उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम में शामिल कांस्टेबिल नीरज व सीताराम ने मुख्य आरोपी योगेश कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

### गुलदार पकड़ा जाने से राहत



**नगीना।** नगर व आसपास के क्षेत्र में लंबे समय से गुलदार की दहशत के बीच वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। ग्राम सैदपुरी अमींचद में पिछले एक सप्ताह से लगाए गए पिंजरे में आज सुबह एक नर गुलदार कैद हो गया। पकड़े गए गुलदार की उम्र लगभग पांच वर्ष बताई जा रही है। गौरतलब है कि क्षेत्र के ग्रामीण और किसान खेतों में जाने से बुरी तरह भयभीत थे। संसाधनों की कमी के बावजूद वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा के निर्देशन में टीम ने दीपू के खेत में पिंजरा लगाया था। आज सुबह जैसे ही गुलदार के पकड़े जाने की सूचना मिली, वन दरोगा धर्मेंद्र सिंह, अभिषेक, विशाल प्रताप और मोहित की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम गुलदार को सुरक्षित कृषि अनुसंधान केंद्र ले गई है, जहां से उच्चाधिकारियों के निर्देश पर उसे जंगल में छोड़ा जाएगा।

# जारा फैजान कालेज में सम्मानित

## अग्रिम एकेडमी में प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल टॉप किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एमकेडी अग्रिम एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय की छात्रा जारा फैजान ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल छा गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्कूल के निदेशक अंकित कुमार अग्रवाल ने आयोजित सम्मान समारोह में बताया कि सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में एम.के.डी. अग्रिम एकेडमी का प्रदर्शन बीते चार वर्षों में सर्वश्रेष्ठ रहा। जारा फैजान की



इस उपलब्धि ने न केवल स्कूल का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता से शिक्षकों और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय प्रबंधन ने मेधावी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस मौके पर विद्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह में तालियों की गूंज के बीच विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय के निदेशक अंकित अग्रवाल ने इस मौके पर कहा, 'बच्चों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के अटूट समर्पण और अभिभावकों के भरोसे का परिणाम है। एमकेडी अग्रिम एकेडमी शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और अनुशासन को अपनी प्राथमिकता मानती है, ताकि छात्र नई ऊंचाइयों को छू सकें। एलआरएस ग्रुप नगीना के चेयरमैन राजेश अग्रवाल और प्रधानाचार्या तृप्ति अग्रवाल ने भी मेधावियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी। समारोह के दौरान स्कूल का समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों त्साह से भरे हुए नजर आए।

# अतिक्रमणकारियों को अंतिम चेतावनी

## दो दिन में खाली न करने पर कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मंडी समिति परिसर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने अब सख्त रुख इख्तियार कर लिया है।

आज एसडीएम/सभापति के निर्देशानुसार मंडी परिसर में मुनादी कराई गई। जिसमें सभी अतिक्रमणकारियों को दो दिनों के भीतर अवैध कब्जे हटाने की अंतिम चेतावनी दी गई है। दरअसल मंडी समिति परिसर में कई ऐसे व्यापारी हैं जिन्हें दुकानें तो आवंटित हैं, लेकिन उन्होंने नियमों के विरुद्ध टीन शेड डालकर अतिरिक्त जगह घेर रखी है। इसके अलावा कई लोग नीलामी चबूतरे पर अवैध रूप से कार्य कर रहे हैं, जिससे मंडी की व्यवस्था और नीलामी प्रक्रिया बाधित हो रही है। मुनादी के माध्यम से स्पष्ट किया गया है कि यदि अगले दो दिनों के भीतर नीलामी चबूतरे और टीन शेड वाले अतिक्रमण को स्वतः नहीं हटाया गया, तो प्रशासन बल प्रयोग कर इन्हें ध्वस्त कर देगा। नोटिस के अनुसार, अतिक्रमण हटाने के अभियान में आने वाला समस्त




खर्च (हर्जा-खर्चा) संबंधित व्यापारी या व्यक्ति से ही वसूला जाएगा। इतना ही नहीं, नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों के लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित पक्ष की होगी। इस मुनादी के बाद से मंडी परिसर में हड़कंप मचा हुआ है। अब देखना यह है कि प्रशासन की इस अंतिम चेतावनी के बाद व्यापारी स्वयं अतिक्रमण हटाते हैं या बाबा का बुलडोजर कार्रवाई करेगा।

## जंगल से भटक कर कस्बे में घुसा हिरण

**बढ़ापुर।** झुंड से बिछड़कर एक हिरण बस स्टैंड के पास बनी दुकान में आकर घुस गया। वन विभाग की टीम हिरण को पकड़कर रेंज कार्यालय ले गई। आज दोपहर एक हिरण अपने झुंड से बिछड़ गया। हिरन दौड़ता हुआ बस स्टैंड पर स्थित ग्रामीण बैंक के बराबर में बनी एक दुकान में जा घुसा। हिरण को देखने के लिए मौके पर भीड़ जमा हो गई। उधर सूचना मिलने पर बढ़ापुर वन रेंज में तैनात दरोगा प्रकाश सिंह वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और हिरण को पकड़कर गाड़ी में बैठाकर वन रेंज कार्यालय ले गए। वन क्षेत्राधिकारी बढ़ापुर रेंज रमेश कुमार सिंह ने बताया कि हिरण का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है जोकि स्वस्थ है। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद हिरण को जंगल में छुड़वा दिया गया है।

# आसिफ शान ने टॉपर को किया सम्मानित

## श्रेयांशु को मिठाई खिला कर दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** नगर पंचायत में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पुत्र श्रेयांशु उपाध्याय के सीबीएसई हाई स्कूल में टॉपर होने की सभी सराहना कर रहे हैं।

आज चेयरमैन मौहम्मद आसिफ उर्फ शान ने उसके घर पहुंचकर मिठाई खिलाई और प्रोत्साहित किया। श्रेयांशु उपाध्याय ने हाल ही में हुई परीक्षा में टॉपर का खिताब हासिल किया है। उनके पिता चंचल उपाध्याय नगर पंचायत मंडावर में कर्मचारी हैं। सम्मान समारोह के दौरान नगर



पंचायत के वरिष्ठ लिपिक राज. कुमार, लाखन सिंह, साहिल अहमद, रामवतार, सलमान सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। चेयरमैन आसिफ उर्फ शान ने श्रेयांशु की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और कहा कि उनकी मेहनत और लगन युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्रेयांशु भविष्य में और ऊंची उपलब्धियां हासिल करेंगे।


ग्राम के विकास के लिए समर्पित

फिरोज बेग

ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स' की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### गन्ना पावर कोल्हू पर भीषण आग



**नहटौर।** ग्राम अंबरपुर जाफर उर्फ मच्छमार निवासी मईनुद्दीन का गन्ना पावर कोल्हू ग्राम के पास स्थित है। बताया गया कि कोल्हू के पड़ोस के खेत में एक किसान गन्ने की पत्तियां जला रहा था। हवा के तेज झोंकों के कारण आग की चिंगारियां उड़कर कोल्हू पर रखे खोई के ढेर तक पहुंच गईं, जिससे आग लग गई। आग लगने की सूचना तुरंत स्थानीय लोगों और कोल्हू मालिक ने दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों और कोल्हू के कर्मचारियों ने मिलकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, इस घटना में खोई का एक बड़ा हिस्सा जलकर राख हो गया है, जिससे काफी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे सूखे खेतों या कोल्हू के पास आग जलाते समय विशेष सावधानी बरतें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### नाबालिग को भगाने का आरोपी दबोचा



**स्योहारा।** क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया कि उसकी नाबालिग पुत्री को एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया तथा उसके साथ अनुचित व्यवहार किया मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर आरोपी की तलाश तेज कर दी पुलिस टीम ने सटीक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अजय पुत्र टेक्का निवासी ग्राम वजीदपुर, थाना शेरकोट को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की इस तत्पर कार्रवाई की क्षेत्रवासियों द्वारा सराहना की जा रही है।

### संयुक्त स्वास्थ्य निदेशक का निरीक्षण



**स्योहारा।** संयुक्त स्वास्थ्य निदेशक, मुरादाबाद डा. देवीदास ने आज सीएचसी स्योहारा एवं पीएचसी सहसपुर एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर महमूदपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र परिसर की साफ-सफाई ओपीडी स्टोर रूम प्रसूता कक्ष तथा ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया और दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। आयुष्मान आरोग्य मंदिर महमूदपुर में भी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति देखी तथा नियमित सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीएचसी अधीक्षक डा.बीके स्नेही को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केंद्र का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें तथा गर्मी व संभावित हीट वेव को देखते हुए ओआरएस दवाएं व तरल पदार्थ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखें। स्टाफ की ड्यूटी निर्धारित कर आवश्यक प्रशिक्षण देने के भी निर्देश दिए गए। इस मौके पर डा.राकेश कुमार, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, राजेश कुमार, फार्मासिस्ट योगेश, हरीश एआरओ आलोक कुमार, बीपीएम शालिनी विश्नोई, स्टाफ नर्स अमृता, नीरज, अमित, देवेंद्र डीईओ राशि, अनम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम



**नहटौर।** नहटौर डिग्री कॉलेज में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका विषय समाज में महिलाओं की भागीदारी और उनके संवैधानिक अधिकार था। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजीव गौड़ ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय नारी परंपरा और आधुनिकता का संगम है, जो शक्ति, सृजन और सहनशीलता का प्रतीक है। प्राचीन काल में वेदों की ज्ञाता से लेकर आज खेल, विज्ञान, राजनीति, सेना और अंतरिक्ष तक हर क्षेत्र में महिलाएं आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व कर रही हैं। वे परिवार की आधारशिला के साथ-साथ राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### चिल्ड्रन्स एकेडमी का परिणाम शत-प्रतिशत

**नूरपुर।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दस में चिल्ड्रन्स एकेडमी का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के 38 बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया। देव ने 97.6 प्रतिशत के साथ प्रथम, श्लोक 94. 2प्रतिशत के साथ द्वितीय, गौरश कुमार 90.2प्रतिशत के साथ तृतीय, हुदा मंसूरी ने 86.8प्रतिशत के साथ चतुर्थ व अनुभूति गुप्ता 85. 4प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को विद्यालय के चेयरमैन सत्यवीर गुप्ता द्वारा पदक प्रदान किए गये। इस अवसर पर मैनेजर डॉ. प्रज्ञा गोयल, डायरेक्टर गौरव गोयल एवं प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार शर्मा ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# ममेरी बहन की शादी में शामिल होने आए युवक की हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** ममेरी बहन की शादी में शामिल होने आए युवक की दर्दनाक सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई।



प्राप्त समाचार के अनुसार इकरार अंसारी (20 वर्ष) पुत्र नजर हसन उर्फ भोले निवासी ग्राम रामनगर, थाना अफजलगढ़ मुम्बई में सैलून चलाता है। इकरार तीन-चार दिन पूर्व मुम्बई से अपनी ममेरी बहन की शादी में शामिल होने घर आया था। आज इकरार के मामा सलाउद्दीन निवासी हसनपुर, थाना रेहड़ की लड़की की शादी थी। खुशी के मौहाल के बीच शादी की रस्मे चल रही थी। देर शाम करीब साढ़े सात बजे इकरार सलामी के लिए गिफ्ट खरीदने बाइक से अफजलगढ़ जा रहा था। रास्ते में बादीगढ़-सुआवाला मार्ग पर ग्राम भगतावाला के समीप बादीगढ़ चौराहे की तरफ से रॉन्ग साइड से आ रही लगभग 50 कुंतल गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने इकरार की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे इकरार सड़क पर गिर गया और ट्रैक्टर के पहिए उसके ऊपर से उतर गए। इकरार की मौके पर ही मौत हो गई। अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने पास ही स्थित लक्ष्य चौहान के गेट में जोरदार टक्कर मारी इसके बाद सरकारी हैंडपंप को तोड़ते हुए जमीन में पहिया धंसने पर चालक मौके पर ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक अफजलगढ़ और रेहड़ थाना पुलिस मौके पर मौजूद थी। उधर इकरार की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

### अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा

**नगीना।** रविवार को शेरकोट से नगीना आ रही बाइक (UP20AK 0325) को रॉन्ग साइड से आ रहे एक तेज रफ्तार डीसीएम (UP20AT 9753) ने जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में सात वर्षीय हम्माद की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बाइक सवार अनस और हूमा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को उपचार के लिए बिजनौर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक के मामा मौ. दानिश की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1), 281, 125(इ) और 324(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

#### लव जिहाद के विरोध में प्रदर्शन के बीच

## इंदिरा पार्क में युवक-युवती को पकड़ने का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर में लव जिहाद के मुद्दे को लेकर माहौल गर्म बना हुआ है। शुक्रवार सुबह विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया और पुतला फूंककर अपना आक्रोश जताया।

इसी बीच शाम के समय एक और घटना सामने आई। जब विश्व हिंदू परिषद से जुड़े कुछ कार्यकर्ताओं ने इंदिरा पार्क में एक युवक और युवती को पकड़ लिया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यह मामला लव जिहाद से जुड़ा हुआ है। उनके अनुसार, युवक मुस्लिम समुदाय का है जबकि युवती हिंदू है।

बताया जा रहा है कि युवक शहर के एक मौहल्ले का निवासी है और रिक्शा चलाने का काम करता है। कार्यकर्ताओं का दावा है कि दोनों को पार्क में संदिग्ध परिस्थितियों में देखा गया, जिसके बाद उन्हें पकड़ लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और युवक व युवती को अपने साथ थाने ले आई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



#### जांच में जुटी पुलिस

# स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ा विरोध

## दूसरे दिन भी महिलाओं ने किया बिजलीघर का घेराव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**स्योहारा।** ग्राम सफियाबाद सहित आसपास के कई स्थानों पर लगाए जा रहे स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर लोगों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। विरोध के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में उपभोक्ता बिजलीघर पहुंच गए और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया



प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि विभाग द्वारा बिना सहमति के जबरन पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि मीटर बदलने के दौरान पुलिस का दबाव बनाकर नए मीटर लगाए गए। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से बिजली बिलों में अचानक बेतहाशा बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। उनका कहना है कि पहले की अपेक्षा अब कई गुना अधिक बिल आ रहे हैं। जिससे आम परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर मोबाइल रिचार्ज प्रणाली की तरह कार्य कर रहे हैं। रिचार्ज समाप्त होते ही बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है। जिससे घरेलू कार्यों, बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा की गतिविधियों पर असर पड़ रहा है। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। पुलिस की मौजूदगी में स्थिति सामान्य बनी रही। ग्राम सफियाबाद के साथ-साथ नगर एवं क्षेत्र के अन्य इलाकों में भी स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों की नाराजगी खुलकर सामने आ रही है। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

इस संबंध में विद्युत विभाग की ओर से मौके पर कोई वार्ता नहीं हुई। हालांकि पूर्व में हुई बातचीत के आधार पर विद्युत विभाग के एसडीओ ने बताया कि शासन के आदेश के अनुसार ही स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से स्मार्ट मीटर व्यवस्था की जांच कराने बढ़े हुए बिजली बिलों की समीक्षा करने तथा उपभोक्ताओं की सहमति के बिना लगाए गए मीटरों को हटाने की मांग की है।

# मुठभेड़ में चार गोवंश तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददता**

**चांदपुर।** पुलिस ने ग्राम बेरखेड़ा जलीलपुर के पास खेत में गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने के मामले में 14 अप्रैल को मुकदमा अपराध संख्या 200/2026 धारा 3,5,8 अज्ञात में दर्ज किया था।



## तीन फरार, तमंचे-कारतूस व स्कूटी बरामद

घटना के खुलासे के लिए टीम गठित की गई थी। 16/17 अप्रैल की रात मुखबिर की सूचना पर ग्राम बेरखेड़ा की तरफ जाने वाले रास्ते पर मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि वसीम अहमद पुत्र याकूब कुरैशी ग्राम रसूलपुर नंगला, फईम अहमद पुत्र तसलीम अहमद निवासी मौहल्ला शाहचंदन चांदपुर, तहसीन उर्फ कलवा पुत्र शकूरा निवासी ग्राम सब्दलपुर, थाना चांदपुर, नईम अहमद पुत्र मतलूब अहमद ग्राम रसूलपुर नंगला, अजीम अहमद उर्फ छंगा पुत्र याकूब कुरैशी बताए। जबकि फरार में अजीम अहमद पुत्र छंगा पुत्र याकूब कुरैशी, तहसीन पुत्र मतलूब अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गए। पुलिस फरार आरो. पियों की खोज में जुटी है। जबकि गिरफ्तार वसीम, फईम, तहसीन उर्फ कलवा, फरीद अहमद का चालान कर दिया। पुलिस ने एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जीवित कारतूस व एक खोका कारतूस 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर, दो जिंदा कारतूस 12 बोर, एक स्कूटी, संख्या यूपी20 सीक्यू 3111 धारा 207 एमवी एक्ट में सीज बरामद की।

पुलिस ने बताया सुशील कुमार पुत्र रामकिशन निवासी मौहल्ला चिम्मन, थाना चांदपुर द्वारा पुलिस को 14 अप्रैल को तहरीर दी गई थी कि ग्राम बेरखेड़ा की तरफ जाने वाले रास्ते में स्थित एक खेत में गोवंश के अवशेष पड़े है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। आज इस मामले में चार को गिरफ्तार कर लिया जबकि तीन फरार आरोपियों की खोज जारी ह है।

सीओ देश दीपक वर्मा के अनुसार पुलिस मुठभेड़ में वसीम को भी गोली लगी है। यह तीनों एक बाइक पर सवार थे। पकड़े गए आरोपियों ने कहा कि 14 अप्रैल को जो घटना घटित हुई थी, उसमे वही शामिल थे।

# धरने की सफलता के लिए विद्यालयों का भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी दो मई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर होने वाले धरने की सफलता के लिए माध्यमिक विद्यालयों में भ्रमण कर शिक्षकों से संपर्क कर रहे हैं। संगठन की उपलब्धियां तथा आगामी रणनीति पर शिक्षकों से चर्चा कर रहे हैं तथा दो मई को धरना स्थल पर पहुंचकर धरने को सफल बनाने का आह्वान कर रहे हैं।



## सदस्यता अभियान पर विशेष जोर

आज जिला मंत्री विनोद कुमार के साथ शिक्षकों ने आदर्श इंटर कॉलेज उमरी, देवता इंटर कॉलेज मोरना, जनता इंटर कॉलेज आजमपुर, कृषक इंटर कॉलेज धुंधली, एसएन इंटर कॉलेज गो. हावर, इंटर कॉलेज अस्करीपुर, आरजीएनपी इंटर कॉलेज राजा का ताजपुर आदि का भ्रमण किया तथा शिक्षकों की समस्याओं को सुना। जिला मंत्री विनोद कुमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली, विनियमित किए गए शिक्षकों को पुरानी पेंशन माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा सुरक्षा नियमों की स्थापना आदि विभिन्न मांगों को लेकर दो मई को प्रांतीय आह्वान पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन का आयोजन होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से शासन को ज्ञापन दिया जाएगा। जिला स्तर पर लंबित समस्याओं के निस्तारण के लिए भी डीआईओएस पर दबाव बनाया जाएगा।

भ्रमण के दौरान विद्यालयों की प्रधानाचार्य तथा शिक्षकों से प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता की।

# मौसम का मिजाज बदला, कई जगह बूंदाबांदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। आसमान में बादल छाए रहे और कई जगह हल्की बुंदाबादी भी हुई। जिससे गेहूं की फसल को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है।



## गेहूं की फसल को लेकर बढ़ी चिंता

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर से जनपद में मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में बादल छा गए। तेज हवाओं के साथ जनपद में कई जगह हल्की बुंदाबांदी भी हुई। देर शाम तक आसमान में काले बादल मंडरा रहे थे। जिससे उम्मीद जताई जा रही है कि रात में बारिश हो सकती है। इससे गेहूं की फसल को लेकर किसान चिंता में डूब गए है। ज्यादातर खेतों में गेहूं की फसल तैयार खड़ी है। जिन्होंने गेहूं व सरसों की बुवाई अगेती की थी, उन्होंने फसल काट ली है। पिछले दिनों तेज आंधी के साथ हुई बारिश से भी फसलों को नुकसान पहुंचा था।

दूसरी तरफ मौसम का मिजाज बदलने से गर्मी से थोड़ी राहत भी मिली है। पिछले सात दिनों से जनपद में ठीकठाक गर्मी पड़ रही थी। तेज धूप की वजह से घरों से बाहर निकलने में तकलीफ हो रही थी। जिससे अंदेशा जताया जा रहा है कि इस बार भीषण गर्मी पड़ेगी।

## एक नजर

### छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली



**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो.पारुल त्यागी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में महिला आरक्षण अधिनियम- 2023 (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) प्रचार अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति की समन्वयक डा.अल्पना तथा रासेयो के अधकारियों डा. मीनू सिरोही, डा. आराधना दीक्षित के निर्देशन में महाविघ्यालय की स्वयसेविकाओं एवं छात्राओं ने जन जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से अलग-अलग नारे लगाते हुए जैसे, जब नारी में शक्ति होगी तभी देश में उन्नति होगी, सशक्त नारी सशक्त समाज, यही है उन्नति का राज आदि से जनपद की महिलाओं को यह संदेश दिया कि वे राजनीति, में बढ़ चढ़कर भाग लें, अपने अधिकारों से अवगत रहे। रैली का उघ्देश्य महिला सम्मान, महिला सुरक्षा तथा नारी शक्ति वंदन अभियान प्रचार के प्रति जागरूक करना था।

### फादरसन पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम



**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा कक्षा प्रथम के सभी सेक्शनों के लिए कम्प्यूटर गतिविधि का आयोजन किया गया। यह गतिविधि दो दिन, 16 एवं 17 अप्रैल तक आयोजित की गई। जसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को तीन चरणों में सम्पन्न किया गया। प्रथम चरण में प्रत्येक सेक्शन से दो विद्यार्थियों का चयन किया गया। द्वितीय चरण में कुल छह विद्यार्थियों को फाइनल राउंड के लिए चुना गया। अंतिम चरण का आयोजन निर्णायक, साक्षी चौहान, अर्चना चौधरी एवं प्रियंका तोमर की देखरेख में किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का मूल्यांकन कर विजेताओं की घोषणा की। प्रथम स्थान यशस्वी राजपूत (सेक्शन ई), द्वितीय स्थान अथर्व कुमार (सेक्शन ए) एवं तृतीय स्थान पावनी चौधरी (सेक्शन ए) एवं अल्तमश शेख (सेक्शन सी) विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रंगों से महिला सशक्तिकरण का संदेश

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कॉलेज में महिला सशक्तिकरण अधिनियम के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने रंगों द्वारा महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.साधना द्वारा की गई। उन्होंने अपने संबोधन में नारी शक्ति वंदना अधिनियम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागी हिमानी, शैली, निशिका राणा, समीक्षा पाल, मनीषा, सबा फातिमा, आलिया, मंतशा आदि छात्राओं ने सुंदर रंगोली बनाई।

### छात्र-छात्राओं व अभिभावकों में उत्साह

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के स्कूलों के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालयों का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही स्कूलों में खुशी का माहौल छा गया और छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अभिभावकों में भी उत्साह देखने को मिला। कक्षा 10 के मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन से शानदार अंक हासिल किए। केडीबीएल इंटरनेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल फतेहउल्लाह नगर अफजलगढ़ में जिकरा पुत्री नईम अहमद 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रेहान पुत्र मौहम्मद हनीफ ने दूसरा, जुनैरा पुत्री शेख मौहम्मद याकूब ने तीसरा, जोया खान पुत्री जुल्फिकार ने चौथा व सफिया पुत्री शेख मौहम्मद जुनैद ने पांचवां स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। नैनीताल कान्वेंट स्कूल अगवानपुर में सीबीएसई 10वीं बोर्ड के स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। स्कूल में गुरमीत कौर पुत्री अंग्रेज सिंह निवासी रामनगर गोसाई ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। अंशिका गुप्ता पुत्री प्रदीप गुप्ता अफजलगढ़ में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान, शगुन प्रीत कौर पुत्री जसवंत सिंह निवासी का कादराबाद ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान, ऋषभ शर्मा पुत्र राजन शर्मा निवासी कालागढ़ ने 91 प्रतिशत नंबर प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया।

## एक नजर

### उमना फातिमा गोल्ड मेडल से सम्मानित




**किरतपुर।** क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि काजी तारिक अली की पुत्री उमना फातिमा ने जामिया हमदर्द से एम.एससी (बायोमेडिकल साइंस) अंतिम वर्ष में प्रथम स्थान हासिल कर परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से नगर में खुशी और उत्साह का माहौल है। उमना फातिमा को उनकी इस शानदार सफलता पर माननीय चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण क्षण रहा। उनके पिता काजी तारिक अली ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जामिया हमदर्द का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संस्थान ने उनकी पुत्री को बेहतरीन शिक्षा और अनुकूल वातावरण प्रदान किया, जिससे वह इस मुकाम तक पहुंच सकीं। साथ ही उन्होंने माननीय चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति सूर्यकांत का भी धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि उमना की सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन, परिवार का सहयोग और समाज का आशीर्वाद शामिल है। उमना फातिमा की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है। विभिन्न सामाजिक व शिक्षण क्षेत्र से जुड़े लोगों द्वारा परिवार को बधाइयां दी जा रही हैं। यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

### होम डिलीवरी की लिस्ट फाड़ने पर हंगामा



**नजीबाबाद।** उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार के आदेश पर होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर वितरण की व्यवस्था के बावजूद इंडियन गैस एजेंसी के गोदाम पर हंगामा हो गया। उपभोक्ताओं की भीड़ ने वितरण के लिए लगाई गई सूची फाड़ दी। स्थिति बिगड़ती देख एजेंसी स्टाफ ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। एसडीएम के आदेश के अनुसार प्रतिदिन 290 उपभोक्ताओं को सूची के आधार पर सिलेंडर दिए जाने हैं। सभी सिलेंडर उपभोक्ताओं के घर तक पहुंचाए जाएंगे। इस व्यवस्था में किसी भी उपभोक्ता को गोदाम पर आने या लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है। इसके बावजूद आज रात 12 बजे से ही गोदाम के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लग गई। सुबह भीड़ बढ़ने पर कुछ उपभोक्ताओं ने गोदाम पर चस्पा की गई वितरण सूची फाड़ दी। हंगामा बढ़ने पर इंडियन गैस एजेंसी स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और आपूर्ति विभाग के अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस बल की मदद से गोदाम के बाहर जमा भीड़ को हटाया गया। अधिकारियों ने कहा कि सभी गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को घर पर ही उपलब्ध कराए जाएंगे। इंडियन गैस एजेंसी के वर्कर होम डिलीवरी के माध्यम से घर-घर गैस पहुंचाएंगे। इंडियन गैस एजेंसी के मैनेजर खेम सिंह ने बताया कि सात अप्रैल से जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग हुई है, उन सभी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर घर पर पहुंचाया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा कि वे गोदाम पर भीड़ न लगाएं और सूची के अनुसार घर पर ही सिलेंडर प्राप्त करें।

### छात्राओं को अधिनियम की जानकारी दी



**बिजनौर।** आरबीडी डिग्री कॉलेज में प्राचार्या प्रो.पारुल त्यागी के निर्देशन में महिला आरक्षण अधिनियम 2023 (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) प्रचार अभियान के अंतर्गत भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में राजनीति विज्ञान विभाग की असि.प्रो. डा.अल्पना सिंह ने छात्राओं को अधिनियम के बारे में जानकारी दी। इसके बाद हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डा. शारदा द्विवेदी ने भी छात्राओं को अधिनियम के बारे में जागरूक करते हुए निरंतर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। इसके उपरांत बीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा आयशा परवीन, फायजा परवीन, मंतशा एवं कशिश ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि यदि भविष्य में उनको अवसर मिलेगा, तो वह नारी सशक्तिकरण में अपना योगदान देंगी व समाज में व्याप्त नारी समस्याओं का समाधान करेंगी। डा. अल्पना सिंह ने यह भी कहा की इस प्रकार के कार्यक्रम आम नारी को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हैं। कार्यक्रम में संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डा. आराधना दीक्षित का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने छात्राओं को देश की सशक्त नारियों के उदाहरण देते हुए उनके जीवन परिचय से अवगत करवाया।

### एजुकोल का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत



**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में कक्षा दसवीं बोर्ड का परीक्षाफल गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा। परीक्षाफल देखकर सभी छात्राएं खुशी से झूम उठीं। कक्षा दसवीं में मदीहा रहमानी ने 96%, डिम्पल राणा ने 94%, जिज्ञासा आर्या ने 93.8%, वरुनी ने 93.6%, रहमा नूर ने 92.4% प्राप्त कर विद्यालय का नाम उज्जवल किया। सभी छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों एवं माता-पिता को दिया। जिनके परिश्रम एवं आशीर्वाद से उन्होंने यह सफलता प्राप्त की। विद्यालय प्रबंधक डा. लोकेंद्र सिंह ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए मिठाई वितरित की तथा प्रधानाचार्या मिस प्रीति अग्रवाल ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी छात्राएं आगे भी ऐसे ही अपने विद्यालय, माता-पिता तथा गुरुजनों का नाम रोशन करें। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजद रहा।

# मिट्टी से लदे वाहनों से उड़ रही धूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बुंदकी रोड इन दिनों धूल के गुबार और अनियंत्रित रफ्तार का पर्याय बन गई है। मानकों को ताख पर रखकर मिट्टी का अवैध परिवहन करने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपर क्षेत्र के लोगों, विशेषकर स्कूली बच्चों के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं। बिना तिरपाल ढके और मिट्टी के ओवरलोड वाहन न केवल यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि मासूमों की सेहत से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। बुंदकी रोड पर तीन से चार प्रमुख निजी स्कूल संचालित हैं। स्कूल खुलने और छुट्टी के समय सड़क पर बच्चों की भारी भीड़ रहती है। इसी दौरान मिट्टी से लदे वाहन तेज रफ्तार से निकलते हैं। नियमानुसार मिट्टी परिवहन के दौरान उसे तिरपाल से ढकना अनिवार्य है। लेकिन यहां चालक बेखौफ होकर खुले में मिट्टी उड़ाते हुए निकल रहे हैं। सड़क पर उड़ने वाली धूल के कारण बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धूल की वजह से दृश्यता कम हो जाती है। जिससे दुर्घटना का भय बना रहता है। साथ ही बच्चों में सांस की तकलीफ और आंखों में जलन जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि घनी आबादी और स्कूल जोन होने के बावजूद इन वाहनों पर कोई अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। नागरिकों का आरोप है कि ये वाहन चालक बिना किसी डर के फर्राटे भर रहे हैं। इससे प्रतीत होता है कि इन्हें प्रशासन या पुलिस का कोई खौफ नहीं है। नागरिकों ने मांग की है कि बिना मानक मिट्टी ढोने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि किसी बड़ी अनहोनी को टाला जा सके।



## स्कूली बच्चों की सेहत पर संकट

# फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शिवाला कलां।** फ्यूचर चिल्ड्रेन एकेडमी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि विद्यालय के कक्षा 10 के विद्यार्थियों का परिणाम सीबीएसई द्वारा घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।



विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन एवं अनुशासन के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष कई विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में कुनाल ने 95%, कनिका ने 92%, आदर्श ने 92%, शशांक ने 85% तथा लविश ने 84% अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग को दिया गया है। विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने कहा कि फ्यूचर चिल्ड्रेन एकेडमी सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी विद्यार्थियों को इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती रहेगी।

# तीन दिवसीय पर्यवेक्षक प्रशिक्षण का शुभारंभ

## व्यावहारिक समस्याओं और उनके निराकरण पर विस्तृत चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एडीएम/जिला जनगणना अधिकारी वान्या सिंह के दिशा निर्देश में आज तहसील एवं नगर निकाय स्तर पर तीन दिवसीय प्रगणक एवं पर्यवेक्षक की ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



एडीएम वान्या सिंह ने बताया कि आगामी जनगणना कार्यों को शुद्धता और समयबद्धता के साथ संपन्न कराने के लिए शासन के मंशानुसार आज जनपद में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज हुआ। एडीएम वान्या सिंह के कुशल दिशा-निर्देशों के क्रम में आज जनपद की समस्त तहसीलों एवं नगर निकायों में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया।

उन्होंने बताया कि जनगणना एक राष्ट्रव्यापी महत्वपूर्ण कार्य है, जिसकी सफलता सटीक डेटा पर निर्भर करती है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को जनगणना की बारीकियों, तकनीकी पहलुओं और मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा फीडिंग की प्रक्रिया में दक्ष बनाना है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी तीन दिनों तक निरंतर जारी रहेगा। इस बार डिजिटल माध्यमों पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि डेटा संकलन में त्रुटि की गुंजाइश न रहे। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं और उनके निराकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने विभिन्न केंद्रों पर आयोजित सत्रों में संबंधित तहसीलदारों और अधिशासी अधिकारियों ने मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से प्रगणकों को संबोधित किया। प्रगणकों को निर्देशित किया गया कि वे घर-घर जाकर जानकारी जुटाते समय आम जनमानस के साथ मृदु व्यवहार करें और प्रत्येक कॉलम को सावधानीपूर्वक भरें।

जिला जनगणना अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पर्यवेक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे सुनिश्चित करेंगे कि उनके अधीन कार्य कर रहे प्रगणक निर्धारित क्षेत्र (Layout Map) के अनुसार ही कार्य कर रहे हैं और कोई भी परिवार गणना से वंचित न रहे।

इस मौके पर जिला प्रभारी जे पी यादव, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स और बड़ी संख्या में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# उर्वरकों के संतुलित उपयोग की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि क्षेत्र में बढ़ती लागत को कम करने और मिट्टी की सेहत सुधारने के उद्देश्य से आज ग्राम चन्दुपुरा (कोतवाली) में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार कृषि विज्ञान केंद्र नगीना द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'उर्वरकों का संतुलित उपयोग और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन' रहा। कार्यक्रम में केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. शिवांगी ने किसानों को संबोधित करते हुए मृदा परीक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बिना जांच के अंधाधुंध उर्वरकों का प्रयोग न केवल मिट्टी की संरचना को बिगाड़ रहा है, बल्कि किसान की खेती की लागत भी बढ़ा रहा है। उन्होंने संतुलित उर्वरक प्रबंधन के गुर सिखाते हुए बताया कि किस तरह सही मात्रा में खाद डालकर पैदावार को बढ़ाया जा सकता है।

गन्ना बेल्ट होने के कारण फसल सुरक्षा पर विशेष चर्चा हुई। वैज्ञानिक डा. पिंटू कुमार ने गन्ने में लगने वाले विभिन्न कीटों और बीमारियों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से 'टॉप बोरर' कीट की पहचान और उसके जैविक व रासायनिक नियंत्रण के उपायों के बारे में विस्तार से बताया, ताकि किसान समय रहते अपनी फसल को नुकसान से बचा सकें। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डा. केके सिंह ने किसानों को रसायनों पर निर्भरता कम करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा वर्तमान समय में 'नवरत्न हरी खाद' की बुवाई मिट्टी की उर्वरता शक्ति सुधारने का सबसे सशक्त माध्यम है। इससे न केवल यूरिया-डीएपी पर निर्भरता कम होगी, बल्कि भूमि की जलधारण क्षमता भी बढ़ेगी। इसके साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी कृषि योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

क्षेत्र के प्रगतिशील किसान नितिन सिरोही ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आज के दौर में पारंपरिक खेती के बजाय नवीन वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि तकनीक आधारित खेती ही भविष्य में कृषि को लाभ का सौदा बनाएगी। कार्यक्रम में गन्ना मिल धामपुर के सीनियर केन मैनेजर सुरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

# विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की हुंकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आर.के. फार्म्स में संगठन सृजन एवं समीक्षा की एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली बैठक आयोजित की गई, जिसने जिले की राजनीति में एक स्पष्ट और मजबूत संदेश दिया।

बैठक की समीक्षा एआईसीसीसचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल द्वारा किया गया। उन्होंने प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों पर सरकार की उदासीनता अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कांग्रेस पार्टी जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष को और तेज करेगी। नरवाल ने विशेष रूप से बिजनौर जनपद की सभी आठ विधानसभा सीटों पर मजबूती के साथ काम करने का आह्वान किया और कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव, जो अब केवल लगभग आठ महीने दूर हैं के लिए पूरी तरह तैयार रहने एवं संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने पर जोर दिया।



## आठ विधानसभा सीटों पर तेज होगी तैयारी

जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने पिछले एक वर्ष में बिजनौर कांग्रेस द्वारा किए गए संघर्षों और उपलब्धियों को मजबूती से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हर मोर्चे पर जनता की आवाज बनकर प्रशासन को जवाबदेह बनाने का कार्य किया है। चाहे वह किसानों, युवाओं, महिलाओं या आम नागरिकों के मुद्दे हों।

उन्होंने कार्यकर्ताओं के जज्बे और संघर्षशीलता की सराहना करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी कांग्रेस का हर कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जनता के हक की लड़ाई लड़ रहा है।

बैठक के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जो इस बात का प्रमाण है कि जनता का विश्वास तेजी से कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है और आने वाले समय में संगठन और भी सशक्त होकर उभरेगा।

इस अवसर पर जिला, शहर, नगर, ब्लॉक, विभाग एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्षगण, उनके समिति सदस्य, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पीसीसी सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विवेक में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम



**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय परिसर में आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम-प्रचार अभियान के अंतर्गत नारी शक्ति दीवार और मानव श्रृंखला के कार्यक्रम आयोजित किए गए। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम की संयोजिका डा.मीना चौधारी ने संस्कृतिक कार्यक्रम समिति के सदस्यों के साथ विज्ञान, कॉर्मस और इंजीनियरिंग की छात्राओं ने विश्वविद्यालय के आयुर्वेद स्कूल में मानव श्रृंखला बनवाई तथा नारी शक्ति जागरण तथा नारी असमिता पर विस्तृत संदेश दिया। इस श्रृंखला निर्माण के अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति इंजी.दीपक मित्तल, वित्त-निदेशक डीके अग्रवाल, कुलसचिव डा. हितेश शर्मा तथा डीन साइंस डा. संजय कुमार त्यागी उपस्थित रहे। प्रतिकुलाधिपति द्वारा नारी शक्ति दीवार की स्थापना भी की जिस पर शिक्षिकाओं और छात्राओं ने विचार लिखे और हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम की सफलता में ऋचा चौधरी, डा. निधि शुक्ला, डा. पुष्पा जोशी, डा. संतोष गुप्ता, डा. माया देवी, डा. डीजी बारी, शालिनी राजपूत, ऋतु बिष्ट, डा. मीनाक्षी, डा. पूनम अग्रवाल, धयुति त्यागी, मनिका विश्नोई, डा. राशि तंवर आदि का सहयोग रहा।

### जनगणना के लिए सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण



**नगीना।** आगामी जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आज ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नियुक्त प्रगणकों और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया गया है। यह प्रशिक्षण अभियान 29 अप्रैल तक जारी रहेगा। तहसीलदार नगीना व चार्ज अधिकारी (ग्रामीण क्षेत्र) द्वारा जारी सूचना के अनुसार जनगणना अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए तहसील नगीना के ग्रामीण क्षेत्रों में 748 प्रगणक और 125 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, किसी भी आपात स्थिति या आवश्यकता के लिए 75 प्रगणकों और 13 सुपरवाइजरों को रिजर्व में रखा गया है। प्रशासन ने प्रशिक्षण कार्य को व्यवस्थित करने के लिए कुल 18 बैच बनाए हैं। प्रशिक्षण का कार्यक्रम चार चरणों में निर्धारित किया गया है। प्रथम बैच 16, 17, 18 अप्रैल, द्वितीय बैच 20, 21, 22 अप्रैल, तृतीय बैच 23, 24, 25 अप्रैल और चतुर्थ बैच 27, 28, 29 अप्रैल 2026 को सुबह 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक रहेगा। इसके लिए नगर के एमएम इंटर कॉलेज और हिंदू इंटर कॉलेज के भवनों को चिन्हित किया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद, नियुक्त प्रगणकों द्वारा जनगणना के प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके तहत 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का महत्वपूर्ण कार्य संपादित किया जाएगा। प्रशासन ने सभी नियुक्त कर्मचारियों को समय से प्रशिक्षण में उपस्थित होने और कार्य को पूरी गंभीरता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### गेहूं की फसल जलकर राख



**हीमपुर दीपा।** खेत में आग लगने से किसान की फसल जलकर राख हो गई और हजारों रुपए का नुकसान भी हो गया। ग्राम माढ़ी में किसान सतपाल सिंह पुत्र बसंत की दो बीघा जमीन में खडी गेहूं की फसल में आग लग गई। जिससे किसान को लगभग 20 हजार रुपए का नुकसान हो गया। पीड़ित ने बताया कि किसी नशेड़ी के द्वारा बीड़ी या सिगरेट डालने के कारण आग लग गई।

### नारी शक्ति बंधन अधिनियम पर संगोष्ठी



**धामपुर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज एंड हॉस्पिटल पीपलसाना में नारी शक्ति बंधन अधिनियम 2023 विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रबंधक डा. एनपी सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समाज में समान अधिकार एवं अवसर प्रदान करना समय की आवश्यकता है, जिस देश का विकास संभव हो सके। प्राचार्या डा.ममता सिंह ने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो महिलाओं को सशक्त बनाकर उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाती है। संगोष्ठी में उपस्थित फैकेल्टी चंचल सैनी, सलोनी चौहान, हिमांशु कुमार,इकरा परवीन, शैली चौहान, तनु चौहान, तनु ज्योति, वर्षा सैनी, प्रिया चौहान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ने पर जोर दिया।

### चुराई नकदी के साथ दबोचा

**नजीबाबाद।** थाना पुलिस ने क्षेत्र में एक घर से हजारों रुपए चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई पूरी रकम भी बरामद कर ली। सोनू पुत्र जगदीश निवासी ग्राम जसवन्तपुर उर्फ लुकादड़ी में 15 अप्रैल को थाना नजीबाबाद में तहरीर देकर बताया था कि ग्राम के ही निवासी रिजवान पुत्र यामीन ने उसके घर से पांच हजार रुपए चोरी कर लिए। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह, कांस्टेबिल नीरज पंवार व कांस्टेबल सीताराम ने आरोपी रिजवान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए पांच हजार रुपए भी बरामद कर लिए। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से कोर्ट ने आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

# विहिप व बद कार्यकर्ताओं ने जिहाद का पुतला फूंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिहाद के खिलाफ विहिप के देशभर में विरोध प्रर्दशन के आहवान पर विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रर्दशन किया। जबकि पुतला दहन किया।

विहिप व बजरंग दल के आहवान पर जिलों और तहसीलों मे प्रर्दशन कर जिहाद का विरोध किया गया।

**0 शंकर कॉलेज चौराहे पर किया विरोध प्रदर्शन**

नगर के शंकर कॉलेज चौराहे पर पहुंचे बजरंगदल व विहिप कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रर्दशन किया और जिहाद का पुतला दहन किया। इस दौरान विभाग मंत्री अमित ने कहा कि संगठन देशभर में एक विशेष अभियान के तहत ऐसे मुद्दों के खिलाफ आवाज उठा रहा है, जिन्हें वे समाज के लिए खतरा मानते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' जैसे मामले ग्रामीण और अन्य क्षेत्रों में सामने आते थे, लेकिन अब यह प्रवृत्ति बड़े शहरों और मल्टीनेशनल कंपनियों तक फैल रही है। पदाधिकारी का आरोप है कि यह एक सुनियोजित गतिविधियों के रूप में सामने आ रही है, जिसका विरोध करना आवश्यक है। इसी को लेकर प्रदर्शन और पुतला दहन किया गया। उन्होंने कहा कि संगठन का मकसद लोगों को जागरूक करना और ऐसे मुद्दों पर समाज का ध्यान आकर्षित करना है। हालांकि, इस तरह के कार्यक्रमों को लेकर अलग-अलग वर्गों की राय भी सामने आ रही है। कुछ लोग इसे सामाजिक जागरूकता का प्रयास बता रहे हैं, जबकि अन्य इसे विवादित मुद्दों को बढ़ावा देने वाला कदम मान रहे हैं।




सम्भल। जिहाद के विरोध में प्रदर्शन करते विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता।

## स्मार्ट मीटर हटाने को दिया प्रार्थना पत्र

**सम्भल।** स्मार्ट मीटर को प्रीपेड के स्थान पर पोस्टपेड मोड में रखने की मांग तेज हो गयी है। नगर निवासी रमेश कुमार ने अधिशासी अभियंता क विद्युत वितरण खंड को आवेदन देकर प्रीपेड स्मार्ट मीटर को पोस्टपेड करने की मांग की है।

# पालिका की बोर्ड बैठक हो सकती है हंगामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर पालिका बोर्ड की बैठक हंगामी होने के आसार है। हाउस और वाटर टैक्स बढ़ाये जाने के मामले में सभी सभासदों में असंतोष है। इसी मुददे को लेकर सभासद लाम्बंद हैं और बोर्ड की बैठक हंगामी होने के साथ बहिष्कार करने की भी चर्चायें ज़ोरों पर है।

नगर पालिका परिषद की बोर्ड की बैठक कल आज पालिका के सभागार में चेयरपर्सन आसिश मुशीर की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक का एजेंडा भी सभी सभासदों और पदेन सदस्यों को जारी कर दिया गया है। सुबह निर्धारित समय पर बोर्ड बैठक के आयोजन को पालिका प्रशासन की ओर से तैयारियां भी कर ली गई हैं लेकिन करोड़ों के विकास कार्यों और बजट को लेकर होने वाली बोर्ड की बैठक

**0 हाउस टैक्स, वाटर टैक्स बढ़ाने के विरोध में बहिष्कार की भी चर्चा तेज**

इस बार अलग ही हंगामी होने के आसार नजर आ रहे है। सूत्रों की माने तो नगर पालिका परिषद में हाउस टैक्स और वाटर टैक्स में की गई बढ़ोत्तरी से सभासद असंतुष्ट हैं और उनमें रोष है। नाम न छापने की शर्त कुछ सभासदों का कहना है कि जनता से चुनकर आए सभासद हाउस टैक्स और वाटर टैक्स बढ़ाने का बोझ जनता पर डाले जाने का क्या जवाब देंगे। इसके अलावा कुछ प्रस्तावों को लेकर भी सभासदों में असंतोष माना जा रहा है। बोर्ड बैठक से पहले सभासद बैठक का बहिष्कार कर सकते हैं। हालांकि अभी अधिकारिक रूप से बहिष्कार अथवा हंगामी होने की पुष्टि नहीं की सकता लेकिन अधिकांश सभासद बढ़ाये गए हाउस टैक्स और वाटर टैक्स के विरोध में हैं। इसी मुददे को लेकर बोर्ड बैठक हंगामी होने के साथ बहिष्कार की भी अधिक सम्भावनायं जतायी जा रही हैं।

# दो हाइड्रा मशीनों से ध्वस्त हुई मस्जिद की मीनार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अवैध कब्जों पर शुक्रवार को प्रशासन का ताबड़तोड़ बुलडोजर फिर मस्जिद और मदरसे पर गरजा। डीएम एसपी की मौजूदगी में स्थानीय प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा में सरकारी जमीन पर मस्जिद और मदरसे का निर्माण करने के आरोपों पर ध्वस्त कर दिया। जबकि मस्जिद की नब्बे फीट ऊंची मीनार को दो हाइड्रा मशीनों ने कड़ी मशक्कत कर जमींदोज कर दिया।



**0 ग्राम मुबारकपुरबंद में सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर मस्जिद और मदरसे का निर्माण करने के आरोप**

**0 जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक कार्रवाई के दौरान रहे मौजूद, पूर्व में भी हो चुका है ध्वस्तीकरण**

असमोली थाना के क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद में करीब चार घंटे ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी। खेल के मैदान और खाद के गडढों पर कब्जा कर करीब तीस साल पहले मदरसा बना लिया गया था जबकि मस्जिद पर नब्बे फीट ऊंची मीनार वाली बना ली गई थी। मदरसे वाली मस्जिद नाम रखकर नमाज पढ़नी शुरू कर दी थी। मस्जिद के खर्च को आठ दुकानों का भी निर्माण कराया गया था। तरीब तीस साल से यहां नमाज और मदरसे का संचालन किया जा रहा था। हल्का लेखपाल की रिपोर्ट पर सम्भल के तहसीलदार की अदालत से धारा 67 के तहत केस दर्ज कर अवैध स्ट्रक्चर हटाने का आदेश दिया था। आदेश के बाद. मस्जिद कमेटी के लोगों ने स्वंय निर्माण हटाने का भरोसा दिया कई दिनों की कोशिश में सिर्फ दुकानें और मस्जिद का कुछ हिस्सा ही हट पाया। इसके बाद कमेटी ने प्रशासन से निर्माण हटाने की मांग की जिस पर पहुंचे कुल तीन बुलडोजर एवं दो हाइड्रा मशीनों ने मीनार मस्जिद और मदरसे को जमींदोज कर तीस साल पुराने निर्माण को मिटा दिया। जबकि दो सरकारी स्कूलों के बीच स्थित कब्जामुक्त कराई जमीन को स्कूल के बच्चों को खेल के मैदान के रूप में देकर दोनों स्कूल को पूर्ववत एक करने का ऐलान किया है। डीएम ने बताया कि प्रधान की शिकायत पर लैंड बैंक के लिए अवैध कब्जे हटवाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने बताया कि जिला प्रशासन एवं पुलिस संयुक्त रूप से लैंड बैंक का काम कर रही है लैंड बैंक का काम अनवरत जारी रहे। लोगों को अवैध कब्जे हटालेने चाहिए अन्यथा पुलिस प्रशासन कार्यवाही और जुर्माना लगाएगा। इस दौरान दो प्लाटून पीएसी एक कंपनी आर आर एफ एवं चार थानों की पुलिस तैनात रही।

# स्मार्ट मीटरों के विरोध में उतरी आजाद अधिकार सेना

**0 राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा, स्मार्ट मीटर व्यवसायिक उपयोग तक सीमित करने की मांग**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** स्मार्ट मीटर को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। प्रीपेड मीटरों से हो रही दुशवारियों के खिलाफ सेना के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर स्मार्ट मीटरों का उपयोग केवल व्यवसायिक उपयोग तक सीमित रखने की मांग की।

आजाद अधिकार सेना के प्रदेश महासचिव खिजर गौस के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद आम उपभोक्ताओं की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। लोगों को मीटर के संचालन और बिलिंग प्रक्रिया की सही जानकारी नहीं दी गई, जिससे भ्रम और आर्थिक दबाव की स्थिति बन रही है। खिजर गौस ने बताया कि कई मामलों में 500 तक का बिल होने पर भी उपभाक्ता का कनेक्शन प्रथम कर दिया जाता है। जबकि विभाग में शिकायत करने पर संतोषजनक समाधान नहीं मिलता। उन्होंने आरोप लगाया कि उपभोक्ता भुगतान कर देते हैं, तब भी उनके खातों में अतिरिक्त चार्ज जुड़ जाते हैं। इस प्रक्रिया से आम जनता के अधिकारों का हनन हो रहा है। ज्ञापन में कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया कि किसी भी उपभोक्ता पर जबरन स्मार्ट मीटर नहीं थोपा जा सकता। यदि उपभोक्ता साधारण मीटर चाहता है, तो उसे वही उपलब्ध कराया जाना चाहिए। कार्यकर्ताओं ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर हटाकर पारंपरिक मीटर लगाए जाने के साथ स्मार्ट मीटर का उपयोग केवल व्यावसायिक कनेक्शनों तक सीमित करने की मांग की गई। इसके साथ विद्युत विभाग को उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश देने की भी मांग की। इस मौके पर शिजर गौस, नौशाद शेख, शाकिर मसूदी आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।



सम्भल-स्मार्ट मीटरों के विरोध में ज्ञापन देने जाते आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता।

## सकारात्मक सोच के साथ समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें युवा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** ग्राम मानकपुर, अकरोली एवं करेली में संविधान निर्माता, भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर जी का जन्मोत्सव बड़े सम्मान और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चंदौसी विधानसभा-31 की उपविजेता रही समाजवादी नेत्री विमलेश कुमारी द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। शोभायात्र को नीला झंडा दिखाकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विमलेश कुमारी ने कहा कि बाबा साहेब का संविधान सभी वर्गों को समान अधिकार, सम्मान और अवसर देने की गारंटी देता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज का हर वर्ग,विशेषकर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़े।उन्होंने युवाओं से शिक्षा, रोजगार, महंगाई और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे मुद्दों पर सजग रहने और सकारात्मक सोच के साथ समाज के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आहवान किया।

# जनपद में अब तक 854.32 मैट्रिक टन गेंहू की खरीद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** खाद्य सुरक्षा/रिक्त दुकान, खाद्य विपणन मण्डी की समीक्षा बैठक में राशन कार्ड सत्यापन और मॉडल शॉप दुकानों को लेकर चर्चा की गई।

कलक्ट्रेट सभागार में जिलाकिारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में क्रय केन्द्रों के अनुसार वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत गेहूँ खरीद के बारे में जानकारी ली गई। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी संजीव राय ने बताया कि जनपद में 854. 32 मेट्रिक टन गेहूँ की खरीद हो चुकी है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा द्वारा कोटेदारों को प्राप्त बोरों के बारे में जानकारी ली और केन्द्रों के अनुसार बोरे वितरण को लेकर निर्देशित किया। बैठक मे पीसीएफ के कितने केन्द्रों पर खरीद शून्य रही उसकी जानकारी लेकर जिलाधिकारी ने शून्य खरीद केंद्रों को सचेत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि अनावश्यक रूप से किसी किसान को परेशान न किया जाए इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। फार्मर रजिस्ट्री के अनुसार खरीद को लेकर निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री बनवाने में ग्राम सचिव रुचि लें। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सबसे कम प्रगति वाले ग्राम सचिवों की बैठक करें। जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गत वर्ष तद दिनांक को जो गेहूँ खरीद थी उससे अधिक खरीद रहे। एफसीआई के संबंधित अधिाकारी को रैक को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा अंत्योदय राशनकार्ड पर चर्चा की गयी। राशनकार्ड सत्यापन, रिक्त दुकानें, मॉडल शॉप आदि बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजीव राय, एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नज़र इधर भी

### बबराला में एएसपी ने किया फ्लैग मार्च

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर बबराला में नवागत एएसपी दक्षिणी मनोज रावत ने पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया इस दौरान उन्होंने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था का जायजा लिया तथा अतिक्रमण पर सख्त रुख अपनाते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए यह फ्लैग मार्च नगर के प्रमुख मार्ग इंदिरा चौक से शुरू होकर रेलवे स्टेशन मार्ग तक निकाला गया इसका उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का संदेश देना था। फ्लैग मार्च के दौरान एएसपी ने सड़क किनारे फैले अतिक्रमण को गंभीरता से लिया और इस पर नाराजगी व्यक्त की उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित लोगों और व्यापारियों को सख्त निर्देश दिए कि सड़क पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाए इससे वाहनों की आवाजाही सुचारु बनी रहेगी और आम लोगों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा एएसपी रावत ने विशेष रूप से ठेला रेहड़ी और पटरी पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण कर यातायात व्यवस्था में बाधाा उत्पन्न करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन के साथ मिलकर व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। एएसपी मनोज रावत ने पुलिस अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि नगर में नियमित रूप से गश्त की जाए जहां भी अतिक्रमण या अव्यवस्था की स्थिति मिले, वहां तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए फ्लैग मार्च के दौरान बबराला थाना प्रभारी सौरभ त्यागी उपनिरीक्षक जगवीर सिंह अल्केश सिंह अजय तथा कांस्टेबल जुनैद पवन मनोज सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### गरिमामयी वातावरण में आयोजित हुआ यू के जी का दीक्षांत समारोह

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में यूकेजी कक्षा के नन्हे विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन बड़े ही भव्य और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा वेलकम सॉन्ग से किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि विनय कुमार को स्कूल प्रबंधक मुशीर खान तरीन स्कूल प्रिंसिपल विल्सन राजन डायरेक्टर शबाना कोसर ने पुष्प देकर उनका स्वागत किया। समारोह में यूकेजी के बच्चों को पारंपरिक गाउन पहनाकर मंच पर सम्मानित किया गया तथा उन्हें मोमेंटो प्रदान किए गए। नन्हे-मुन्ने बच्चों के चेहरे पर खुशी और गर्व साफ़ झलक रहा था। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिनमें नृत्य, गीत और लघु प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। समारोह के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न थीम और गतिविधियों पर आधारित रंग-बिरंगी प्रस्तुतियां देकर पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने अलग-अलग शैक्षिक एवं रचनात्मक विषयों पर आधारित शिल्पकृतियों क्राफ्ट एक्टिविटीज के साथ मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।



सम्भल- नौ कुंडीय महायज्ञ को कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

### पीताम्बर वस्त्र धारण कर महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं मां गायत्री की मूर्ति स्थापना की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व कलश यात्रा का शुभारंभ नीलकंठ इंटरप्राइजेज शाहजीपुरा से किया गया। पीताम्बर वस्त्र धारण महिलाएं सर पर कलश धारण किए चल रही थीं। यात्रा का समापन पातालेश्वर मंदिर सराय तरीन पक्का आग पर हुआ। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई जबकि डीजे की धुन पर भक्ति गीत गुंजमान हो रहे थे। कार्यक्रम के संयोजक कमल कौशल गौरव सर्राफ ने बताया 18 तारीख दिन शनिवार को समूह साधना गायत्री महायज्ञ दीप यज्ञ प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन होगा और 19 अप्रैल दिन रविवार को समूह साधना गायत्री महायज्ञ गायत्री माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना का आयोजन किया जाएगा। इसके तत्व पश्चात दोपहर को भोजन प्रसाद का भंडारा चलेगा इस दौरान नवरत्न सर्राफ अरविंद टंकी नीलांशु पेट्रोल पंप वाले प्रिया रतन आर्य महेश्वरी देवी करुणा मैडम दीपा अध्यक्ष महिला समिति छाया गुप्ता आदि सहित महिला उपस्थित थी।

### मंडल जिला ओर शहर स्तर पर होगा महासभा का गठन

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** मंदिर बाबा गोरखनाथ आलम सराय में देर रात तक चली अखिल भारतीय श्रीमाली महासभा भारत की मंडल सभा जिलासभा व नगर सभा की संयुक्त बैठक में मंडल अध्यक्ष ज्वालेश श्रीमाली ने कहा कि मंडल मुरादाबाद में सभी सभी जगह इकाईयों के गठन का काम अति शीघ्र किया जायेगा। जिलाध्यक्ष अशोक कुमार श्रीमाली ने कहा कि श्रीमाली समाज को एकता सूत्र बांधकर रहना है। और अति शीघ्र राष्ट्रीय सम्मेलन सम्भल में सम्पन्न कराने की आवश्यकता है। जिला महामंत्री राजकुमार श्रीमाली ने कहा की हम सबको मिलकर संगठन की मजबूती को हर दिन प्रयास करना अनिवार्य है। नगर अध्यक्ष विष्णु श्रीमाली ने कहा की हम अपने समाज को अंधविश्वास कुरीतियों और नशे मुक्त बनाये रखने के लिए प्रयास कर रहे हैं। और सफलता भी प्राप्त हो रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में धूं-धूंकर जल उठा वाहन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क पर खड़ी कार में आग लग गई। कार स्वामी के भाई की ओर से तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की गुहार लगायी।

रायसत्ती थाना क्षेत्र के मौहल्ला पंजू सराय निवासी मौ. आलम पुत्र मौला बख्श का घेर चूना भटटी स्थित बेगम सराय में है। वहां उसके भाई की गाड़ी खड़ी होती है। पीड़ित अपने भाई का वाहन देखने गाया तो आरोप है कि जीशन पुत्र हाजी अंसार ने अपनी आईटेन कार खड़ी कर रखी थी। पीड़ित ने आरोपी से गाड़ी हटाने को कहा तो आरोप है कि आरोपी गालियां देने लगा और उसने अपने पिता हाजी अंसार को भी बुला लिया। आरोप है कि आरोपी उसके वाहन में आग लगाकर खत्म करने की धमकी दी। जिसे लेकर दोनों के बीच काफी कहासुनी हुई मगर कुछ लोगो ने बीच बचाव करा दिया। इसके बाद आरोपी ने उसके भाई के मोबाइल पर फोन कर धमकी दी कि तेरा भाई नेता बनता है और वपह अपनी गाड़ी वहीं पर खड़ी करेंगे। पीड़ित रात्रि के करीब 12:30 बजे अपनी गाड़ी को सही सलामत देखकर आया था। उसी सुबह करीब 4:30 बजे उसके रिश्ते के भाई ने उसके वाहन में ब्लास्ट होने की सूचना दी। मौके पर जाकर देखा तो गाड़ी धूँ-धूँ कर जल रही थी। पीड़ित ने थाना कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगायी है।

## परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा को दिया अन्तिम रूप

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्र ने गुन्नौर तहसील क्षेत्र में भ्रमण कर परशुराम जन्मोत्सव में सहभागिता करने को कहा। नगर चन्दौसी मै भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 19 अप्रैल 2026 दिन रविवार को धूमधाम से भव्यता के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रवक्ता विनीत शर्मा ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकल जाएगी सभी प्रकार की तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। प्रदेश संयोजक मुकेश गौड़ ने जन्मोत्सव की सारी तैयारियों से अवगत कराया और बताया इस बार भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा पहले से भी अधिक धूमधाम से और भव्यता के साथ निकाली जाएगी। इसमें विवेक मिश्रा, अविरल शर्मा, विवेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# महात्मा हंसराज का जीवन राष्ट्रनिर्माण के प्रति सर्म्पण

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल में महात्मा हंसराज जी की जयंती श्रृद्वा, गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में विद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत द्वारा दीप प्रज्वलित कर महात्मा हंसराज जी के चित्र पर पुष्पार्पण कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने उनके जीवन एवं आदर्शों पर आधारित नाटकीय प्रस्तुति दी, जिसमें शिक्षक-विद्यार्थी संवाद से उनके त्याग और समर्पण को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। जबकि महात्मा हंसराज की जय गीत की सामूहिक प्रस्तुति ने वातावरण को प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने कहा कि महात्मा हंसराज का जीवन सेवा, त्याग और राष्ट्रनिर्माण के प्रति समर्पण का आदर्श उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके सिद्वांतों को आत्मसात कर समाज के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि डीएवी संस्थान इस दिवस को समर्पण दिवस के रूप में मनाता है, जो निस्वार्थ सेवा का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को महान चिंतक एवं वैज्ञानिक की जीवनी पढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि उनके जीवन से अनुशासन, परिश्रम और आत्मनिर्भरता जैसे गुण सीखे जा सकते हैं। विद्यालय के चेयरमैन एवं यारा फर्टिलाइजर्स फैक्ट्री के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम एस प्रसाद ने विद्यार्थियों से अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव को जीवन में अपनाने का आहवान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार ने महात्मा हंसराज के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



सम्भल- महात्मा हंसराज जयंती कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारम्भ करते।

# अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर हो सांकरा पुल का नामकरण

**0 गुजरात पाल महासभा के अध्यक्ष में सौंपा ज्ञापन**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** सांकरा पुल का नामकरण लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम करने की मांग मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सौंपकर की गई।

गुजरात पाल महासभा के अध्यक्ष नेमसिह बघेल के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गयी कि साँकरा गंगाघाट पर जो पुल बना हुआ है। उसका नामकरण लोक माता देवी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर किया जाये। क्योंकि मातेश्वरी ने पूरे देश मे सैकड़ो मन्दिरो का जीर्णोद्वार कराया। सनातन धर्म की रक्षा के लिये बहुत बडा त्याग किया। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से इस मांग पर संज्ञान लेने की आशा जतायी। इस अवसर पर धनगर समाज एकता मंच उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चन्द्रभानसिह धनगर व सम्भल जिलाध्यक्ष तेजवीर सिह धनगर, सोमपाल सिह व रामेश्वर शास्त्री अखिलेश, अशोक कुमार धनगर, राहुल धनगर, अजय कुमार, रनसिंह धनगर आदि उपस्थित रहे।



सम्भल- सांकरा पुल का नामकरण करने की मांग को ज्ञापन देते।

# आबादी के निकट संचालित था एसडी वाशिंग प्लांट

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नगर मजिस्ट्रेट, अचानक मारे गए छापे में जींस वाशिंग प्लांट फिर संचालित पाया गया। जबकि मौके से घरेलू सिलेंडर बरामद किए। प्लांट में मिली लाखों पैंटो को कमरे में रखवाकर सील करा दिया गया।

नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने कस्बा सिरसी के मौ. शर्की में एस.डी. एन्टरप्राईसेज जींस वाशिंग प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जींस वाशिंग प्लांट आबादी से सटा हुआ था। और मौके पर संचालित मिला। प्लांट में 05 वाशिंग मशीनों में से 03 मशीने संचालित थीं। 01 मशीन को नीचे से घरेलू गैस सिलेण्डर द्वारा बर्नर के माध्यम से गर्म किया जा रहा था। मौके पर लगभग 2000 जींस पाई गई, तथा वाशिंग से सम्बन्धित मशीनें एवं उपकरण आदि स्थापित मिले। वाशिंग प्लांट परिसर में रफी-उल-हसन पुत्र शबी-उल-हसन निवासी मो. शर्की, सिरसी एवं अन्य 10 कर्मचारी मौजूद थे। जबकि जींस वाशिंग प्लांट के संचालन के अभिलेख मांगे गए तो जी.एस.टी. उद्यम पंजीकरण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा भू-गर्भ जल विभाग से अनापत्ति प्राप्त किये जाने हेतु किये गये आवेदन छायाप्रति दिखायी। इसके अलावा मौके पर 5 घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग व्यवसायिक प्रयोजन के लिये होता पाया गया।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मौ. दानिश गलत हरकतों अपराधिक प्रवृत्ति एवं बदचलन आवारा बदफेलों में पड़ गया है। जिस कारण मैने व मेरी पत्नी परवीन/पुत्रियों ने मौ. दानिश से अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये है। अब मैं व मेरा परिवार मौ. दानिश द्वारा किये गए किसी भी कार्य का जिम्मेदार नहीं होगा। बल्कि वह अपने किए गलत कृत्यों का स्वय जिम्मेदार होगा।

**यासर अरफात पुत्र मुशर्रफ हुसैन**
नि. मौ. चमन सराय तह. व जिला सम्भल।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मौ. अदनान मेरा कहना नही मानता है और वह गलत संगत में पड़ गया है। जबकि उसकी पत्नी रहनुमा भी उसके गलत कामों में उसका साथ देती है। इसलिए मैने अपने पुत्र के गलत कृत्यों के कारण मैने उससे अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये है। ओर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा पुत्र मौ. अदनान व पुत्रवधू रहनुमा से कोई सम्बंध नहीं है। अपने किसी भी कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**रिहाना परवीन पत्नी एम नाहिद**
नि. मौ. चमन सराय तह. व जिला सम्भल।

# संयुक्त चिकित्सालय में बंद कमरे से मिली स्वास्थ्यकर्मी की लाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** संयुक्त चिकित्सालय चन्दौसी में उस समय हड़कंप मच गया जब एक बंद कमरे से तेज दुर्गंध आने पर सफाईकर्मियों ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तुड़वाया गया। अंदर का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए।

कमरे में पलंग के नीचे एक व्यक्ति का शव पड़ा था, जिस पर मक्खियां भिनभिना रही थीं और दुर्गंध इतनी तेज थी कि वहां रुकना मुश्किल हो रहा था। घटना की खबर फैलते ही अस्पताल के कर्मचारी भी मौके पर एकत्र हो गए।मृतक की पहचान मोहन पाठक पुत्र केशवदत्त निवासी नीरकोट, रानीखेत के रूप में हुई, जो वर्तमान में चन्दौसी के आवास विकास क्षेत्र में रह रहे थे तथा संयुक्त चिकित्सालय में तैनात थे।





उनके भाई विजय पाठक ने दिल्ली से आकर उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों के अनुसार, मोहन पिछले करीब 12 वर्षों से कैंसर से पीडिघ्त थे और ऑनलाइन सट्टा खेलने की लत के कारण मानसिक तनाव में भी रहते थे। सीएचसी प्रभारी डॉ. हरविंदर चौधरी ने बताया कि मोहन पाठक नियमित रूप से ड्यूटी पर आते थे, लेकिन सोमवार के बाद से वह दिखाई नहीं दिए। शुक्रवार को कमरे से दुर्गंध आने पर ताला तोड़कर अंदर देखा गया तो घटना का पता चला।

उन्होंने बताया कि मृतक गंभीर बीमारी से ग्रसित थे और मानसिक रूप से भी परेशान थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। जिस कमरे में शव मिला, उसकी चाबी पहले एक स्वास्थ्यकर्मी के पास थी, जिसने बीआरएस ले लिया था, बाद में यह चाबी मोहन पाठक को सौंप दी गई थी। फिलहाल मामला आत्महत्या और बीमारी के बीच उलझा हुआ है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# बेढंगे खड़े बिजली के खम्बों को हटाने का काम शुरू



**कांठ ( शाह टाइम्स )** उमरी कला में बेढंगे खड़े बिजली के खम्बो को हटाने का काम नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी उस्मान अली ने शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि उमरी कला में कुछ खंबे नालियो में खड़े हैं और कुछ खंबे सड़कों के बीच में आ गए हैं जिसकी वजह से आवागमन भी बाधित होता है और कुछ खम्बो का कोई उपयोग भी नहीं हो रहा है इससे सड़कों की सफाई व्यवस्था भी खराब हो रही थी नगर वासियों द्वारा इस मामले में जानकारी देने पर हाजी उस्मान अली ने अपने कर्मचारियों को लगाकर खंबे हटाने का काम आज अपनी देखरेख में शुरू करा दिया।

## एक नजर

### गाली-गलौज और मारपीट में देवर व जेठ पर एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** गाली गलौज कर मारपीट करने के आरोप में महिला की शिकायत पर पुलिस ने जेठ एवं देवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर निवासी महिला का कहना है कि वह घर पर थी जहां उसका जेठ पवनीत और देवर राहुल आ गए और गालियां देनी शुरू कर दी विरोध किया तो मारपीट पर उतारू हो गए और कमरे की और खींचने लगे जिससे उसके कपड़े भी फट गए महिला ने देवर और जेठ पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया और कहा कि इस मारपीट में उसे काफी चोट आई आरोप है कि दोनों हमलावरों ने उसका मोबाइल भी छीन कर फोड़ दिया इससे पहले भी यह लोग कई बार उसका मोबाइल तोड़ चुके हैं और आए दिन मारपीट कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

### लाखों की चोरी में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** लाखों की चोरी में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गांव चकफेरी निवासी दीपक पुत्र जिले सिंह का परिवार रोजाना की तरह ही रात करीब 11 बजे खाना खाकर सोया था सुबह उसकी पत्नी सोनी की आंख खुली तो घर में रखें संदूक का ताला टूटा हुआ था जाकर देखा तो उसमें रखे सोने चांदी के जेवर एवं 11हजार रुपए नकदी गायव थी।

महिला ने बाकी परिवार को जगाकर घटना की जानकारी दी पीड़ित थाने पहुंचा और अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिला बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव कार्यक्रम घोषित, 15 मई को होगा मतदान



**मुरादाबाद।** जिला बार एसोसिएशन ने वार्षिक चुनाव की घोषणा कर दी है। एल्डर कमेटी के चेयरमैन फारूक अहमद निजामी, सदस्य ललित अरोड़ा, जयवीर सिंह,रामाशंकर टंडन एवं सत्यप्रकाश भटनागर ने चुनावी कैलेंडर जारी किया।चंदा जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, नामांकन की तिथि 4 मई,नामांकन जांच की तिथि 6 मई, नामांकन वापसी की तिथि11 मई, मतदान की तिथि 15 मई,मतगणना 16 मई चुनावी कैलेंडर की घोषणा जिला बार एसोसिएशन के सभागार में आयोजित बैठक में की गई।

बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष हर प्रसाद ने की तथा संचालन महामंत्री सरदार प्रकाश वीर सिंह ने किया।इस बैठक में डीजीसी सिविल अजय कुमार गुप्ता, सोमपाल सिंह,अनिल पाल सिंह, शेर सिंह बौद्ध, फुरकान अहमद, गोपाल कृष्ण, हर स्वरूप, चौतन्य पाल सिंह, ए. एच. जैदी, पूनम पाल, गजराम सिंह, भीकम सिंह सैनी, सत्यपाल सिंह, संजीव तिवारी, गजेन्द्र पाल सिंह, रागिनी ठाकुर, गुलफ्शा, वैशाली गुप्ता,आफरीन अकीक आदि ने प्रतिभाग किया।

### 18 अप्रैल को फिर लगेगा तहसील में विद्युत विभाग का कैंप

**कांठ ( शाह टाइम्स )** बिजली विभाग की ज्यादा शिकायत पाए जाने पर मंडल आयुक्त के आदेश से 18 अप्रैल को एक बार फिर तहसील में विद्युत विभाग का कैंप लगाया जाएगा उक्त निर्देश उप जिला अधिकारी संत दास पवार ने उपखंड अधिकारी कांठ और अगवानपुर को दिए हैं। दिए निर्देशो में बताया गया की 9 अप्रैल को गढ़ी गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया था जिसमें मंडल आयुक्त के सामने बिजली विभाग की ज्यादा शिकायते आई तो उन्होंने कैंप लगाकर इन शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए।

इस क्रम में 16 अप्रैल को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में विद्युत विभाग ने कैंप लगाया लेकिन उसमे मात्र 10 शिकायत आई जिनमें 5 का मौके पर निस्तारण किया गया। आज एसडीएम ने दोनों उपखंड अधिकारियों को पत्र जारी किया और कहा कि एक बार फिर कैंप लगाकर लोगों की शिकायतो का निस्तारण पांच दिवस में कराकर इसकी जानकारी उनके कार्यालय में दी जानी चाहिए।

# मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत 13 इकाइयों का लक्ष्य, दस लाख तक ऋण पर ब्याज उपादान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मुरादाबाद को 13 इकाइयों का लक्ष्य आवंटित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देना और परम्परागत व तकनीकी रूप से योग्य कारीगरों को प्राथमिकता देकर उद्यम स्थापना में सहायता करना है।जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत सेवा एवं उत्पादन सेक्टर में उद्यम की स्थापना के लिए 10.00 लाख रुपये तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। पात्र उद्यमी 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के पुरुष एवं महिला ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ब्याज उपादान का प्रावधान: अधिकतम 10.00 लाख रुपये तक के प्रोजेक्ट पर सामान्य श्रेणी के उद्यमियों को 4 प्रतिशत ब्याज स्वयं वहन करना होगा। उससे ऊपर का ब्याज, ब्याज उपादान के रूप में शासन/विभाग द्वारा टर्मलोन (पूंजीगत ऋण) पर 05 वर्षों तक प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत घटते क्रम में वित्तपोषण करने वाली बैंक शाखा को उपलब्ध कराया जाएगा।वहीं आरक्षित वर्ग जैसे अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक एवं महिलाओं के लिए ब्याज की पूरी धनराशि उपादान के रूप में शासन/विभाग द्वारा टर्मलोन पर 05 वर्षों तक प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत घटते क्रम में संबंधित बैंक शाखा को दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, मुरादाबाद से संपर्क किया जा सकता है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय से संपर्क कर योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करें।

# बच्चे पर हमले के उपरांत आज वन विभाग ने सलेमपुर के जंगल में लगाया पिंजरा, तेंदुए को लेकर दहशत व्याप्त

**कांठ( शाह टाइम्स )** सलेमपुर गांव के राजीव का परिवार जंगल में गेहूं कटाई कर रहा था शाम को वह गेहूं इकट्ठा कर रहे थे उनके साथ उनका 5 साल का बेटा लव्यांश भी था तभी अचानक गन्ने के खेत से तेंदुए ने आकर लव्यांश पर हमला कर दिया और उसे दबोच कर खेत के अंदर ले जाने लगा बच्चे के चीखने की आवाज सुनकर राजीव और उसकी पत्नी उस और दौड़ पड़े और तेंदुए से भिड़ते हुए बच्चे को उसके चंगुल से बचा लिया लेकिन तब तक बच्चा काफी घायल हो गया घायल बच्चे को सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार देकर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर



दिया गया। लेकिन इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई ग्रामीणों ने कहा कि 25 दिन के भीतर तेंदुआ बच्चों समेत कई लोगों पर हमला कर चुका है केवल एक तेंदुआ अभी तक पकड़ में आया है बाकी पिंजरे खाली है लोगों ने तेंदुओ से निजाद दिलाए जाने की मांग उठाई और कहा कि इस संबंध में शासन और प्रशासन जरूरी कदम उठाए। आज वन विभाग की टीम पिंजरा लेकर घटनास्थल पर पहुंची और तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगाकर लौट आई लेकिन समाचार लिखे जाने तक तेंदुआ अभी पिंजरे में नहीं फस पाया था क्षेत्र में इसे लेकर दहशत व्याप्त है।

# महानगर सपा ने नव नियुक्त वार्ड अध्यक्षों को सौंपे मनोनयन पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी संगठन के विस्तार करते हुए वार्डों अध्यक्षों को मनोनयन पत्र प्रदान किए गए। महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में महानगर के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में निम्नलिखित वार्ड अध्यक्षों को उनके वार्डों की कमान सौंपी गई जिसमे वार्ड संख्या 27 उबैद हुसैन , वार्ड संख्या 45 से वसीम अनवर ,वार्ड संख्या 48 से अहमद अली , वार्ड संख्या 63 से रेहान खान , वार्ड संख्या 69 से मौहम्मद अलमान आदि को नियुक्ति पत्र सौंप गए। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई देते



हुए उनसे संगठन के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से उठाएं और उनके त्वरित समाधान के लिए संघर्ष करें। अंसारी ने कहा कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का निराकरण करना और समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन युवा और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के जुड़ने से महानगर में समाजवादी पार्टी पहले से कहीं अधिक मजबूत होगी और आगामी समय में पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त अध्यक्षों ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती के लिए अपना पूर्ण योगदान देने का संकल्प लिया।

इस मौके पर महानगर उपाध्यक्ष सलीम वारसी, नगर विधानसभा अध्यक्ष कमरूज्जमा सैफी लालू परवेज पूर्व जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी शमशाद अंसारी मसरूर हसन शन्नू अरबाज खान एडवोकेट, अहमद मुरादाबादी आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत पुलिस की पहल



**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित 'मिशन शक्ति-5.0' के अंतर्गत जनपद सम्भल पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को एंटी रोमियो टीमों ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। चौपाल लगाकर बालिकाओं को जागरूक किया गया और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई तथा उन्हें आत्मनिर्भर और सजग बनने के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही पंपलेट वितरित कर लोगों को इन सेवाओं के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया।

# खाद वितरण के नए नियम लागू, फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य

**चन्दौसी।** किसानों के लिए खाद वितरण को लेकर नए नियम लागू कर दिए गए हैं। अब किसानों को खाद प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही यूरिया या डीएपी खाद लेने के लिए आधार कार्ड दिखाना भी जरूरी कर दिया गया है। कैथल साधन सहकारी समिति पर तैनात कर्मचारी सुनील रस्तोगी ने जानकारी देते हुए बताया कि बिना आधार कार्ड के किसी भी किसान को यूरिया खाद नहीं दी जाएगी। साथ ही एक किसान को फिलहाल केवल तीन कट्टे यूरिया ही उपलब्ध कराए जा रहे।

# नुक्कड़ नाटक वर्कशॉप में महिला सदस्यों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का किया स्वागत

**मुरादाबाद।** नुक्कड़ नाटक वर्कशॉप के माध्यम से यप महिला सदस्यों ने मनमोहक प्रस्तुतियों द्वारा नारी अधिनियम बिल का स्वागत करते हुए खुशी का इजहार किया एवं दूर दूर तक जनचेतना प्रचार प्रसार पीली कोठी स्थित होटल में किया यह बदलाव केवल योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सोच, व्यवस्था और नेतृत्वख्रतीनों स्तर पर दिखाई दे रहा है।

महिलाओं को "लाभार्थी" नहीं, बल्कि "निर्णयकर्ता" बनाने का काम हुआ है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम कानून सिर्फ 33% आरक्षण का प्रावधान नहीं है, बल्कि यह भारत की राजनीति और लोकतंत्र को नया स्वरूप देने वाला परिवर्तन है। अब संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी, और देश के बड़े फैसलों में उनकी सीधी भूमिका होगी।हमने देखा है कि जब महिलाओं को अवसर मिलता है, तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। इसका सीधा अर्थ है कि अब महिलाएं केवल दर्शक नहीं रहेंगी, बल्कि नीति-निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएंगी। यह बदलाव केवल संख्या बढ़ाने का नहीं है, बल्कि लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संतुलित और प्रतिनिधिक बनाने का है।पिछले वर्षों में महिलाओं के जीवन में कई बड़े बदलाव महिलाओं को विकास के केंद्र में रखा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि लोकतंत्र को और मजबूत करने वाला ऐतिहासिक कदम है।



# कुंदरकी विधायक ने तीन गांवों में ग्राम चौपाल का किया शुभारंभ, समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** शासन के निर्देश पर विकास खंड कुंदरकी के ग्राम इमरतपुर उद्यो एवं विकास खंड मूंढापांडे के ग्राम अक्का डिलारी और वीरपुर वरियार में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। तीनों चौपालों का शुभारंभ कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने किया।इस दौरान विधायक ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने इन समस्याओं के त्वरित और न्यायोचित निस्तारण के लिए चौपाल में मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रशासन की जवाबदेही पर जोर दिया।ग्राम चौपाल में स्वास्थ्य विभाग, ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, पूर्ति विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल कल्याण



विभाग सहित सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि सभी सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक सरलता से पहुंचे। उन्होंने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रशासन की पूर्ण प्रतिबद्धता दोहराई। विधायक ने कहा कि खुशहाल गांव और सशक्त ग्रामीण ही उनकी प्राथमिकता हैं।चौपाल में मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया गया। फार्मर रजिस्ट्री सहित अनेक व्यक्तियों के विभिन्न पेंशन योजनाओं के लिए आवेदन कराए गए। विद्युत विभाग के मीटर संबंधी शिकायतों का भी तत्काल निस्तारण किया गया। ग्रामीणों ने सड़क, नाली, आवास, राशन कार्ड और पेयजल से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिन पर अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह, पूर्ति निरीक्षक शैलेंद्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी कुलदीप सिंह, लेखपाल निक्की कुमारी, सीएचओ विशेष कुमार, विवेक कुमार, मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, विजेंद्र चौधरी, इरशाद खान, शक्ति केंद्र संयोजक राकेश कश्यप, राजवीर सिंह, जिला मंत्री ज्योति वाल्मीकि, मुदित त्यागी, अंकित चौहान, बबलू प्रजापति, महेन्द्र प्रजापति, केपी सिंह, उस्मान अली, विनोद यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्राम चौपाल के माध्यम से प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ, जिससे ग्रामीणों में योजनाओं के प्रति जागरूकता और विश्वास बढ़ा।

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद**
**मूलवाद संख्या** :-71 सन् 2026
**तारीख पेशी:** 27.05. 2026
1. जगदीश बउम्र 57 वर्ष पुत्र स्व. जीवन निवासी मिश्रीपुर छजलैट तहसील कांठ जिला मुरादाबाद, 2. महेन्द्र सिंह बउम्र 50 वर्ष पुत्र स्व. राम सिंह निवासी ग्राम माढ़ा तहसील कांठ जिला मुरादाबाद। **वादीगण।**
**बनाम**
1. श्रीमती शहनाज आरा बउम्र 71 वर्ष प्रथम पत्नी स्व. मौ. असलम शमसी, 2. मौ. अकबर शमसी बउम्र 57 वर्ष, 3. मौ. आजम शमसी बउम्र 54 वर्ष, 4. मौ . अखलद शमसी बउम्र 49 वर्ष पुत्रगण स्व. मौ. असलम शमसी निवासीगण भट्टी मौहल्ला, मुरादाबाद, 5. श्रीमति आसमा असलम बउम्र 60 वर्ष द्वितीय पत्नी स्व. मौ. असलम शमसी नि. भट्टी मौहल्ला, मुरादाबाद, 6. मौ. अजीम शमसी बउम्र 42 वर्ष पुत्र स्व. मौ. असलम शमसी नि. भट्टी मौहल्ला, मुरादाबाद- **प्रतिवादी गण।** हरगाह **वादीगण** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 27 माह 05 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 16 के माह 04 सन् 2026 को जारी किया है।
**वाद/लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी० डि० ) जनपद-मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**
हमने अपने पुत्र मो. नदीम ( उम्र 26 वर्ष) पुत्र हबीब अहमद निवासी हाशमपुर चौराहा पाकबडा, मुरादाबाद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में मो. नदीम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमें बाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। हबीब अहमद पुत्र हमीदुल्लाह व श्रीमती शमशादी पत्नी हबीब अहमद निवासीगण हाशमपुर चौराहा के पास आजाद नगर कस्बा व थाना पाकबड़ा तहसील व जिला मुरादाबाद

**बेदखली सूचना**
मैंने अपने पुत्र शेखर कुमार उर्फ नन्हे एवं पुत्रवधू मीनाक्षी पाल को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए उनसे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके किसी कृत्य से मेरा और बाकी परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।
**अशोक कुमार पुत्र फूलचंद सिंह, निवासी मुख्तियारपुर नवादा, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।**

# अंबेडकर मूर्ति की उंगली टूटने से भड़के विवाद में पथराव, एक दर्जन से अधिक घायल

## बसपा के पदाधिकारियों सहित अन्स संगठनों के हस्तक्षेप के बाद भाजपा नेता सहित 12 नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बीती देर रात क्षेत्र के गांव नारायणपुर छंगा स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की मूर्ति के साथ छेड़छाड़ की खबर ने रातों-रात पूरे इलाके का माहौल तनावपूर्ण बना दिया। मूर्ति की उंगली टूटने की बात सामने आते ही गांव में दो पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसके बाद पथराव और मारपीट में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। बसपा सहित अन्य संगठनों के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर जातिसूचक शब्द कहने सहित विभिन्न धाराओं में भाजपा नेता सहित 12 नामजद और 150 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

घटना 16 अप्रैल की रात की बताई जा रही है, जब गांव में भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह के जन्मदिन की पार्टी चल रही थी। इसी दौरान पास के आंबेडकर पार्क में लगी मूर्ति के साथ छेड़छाड़ करते हुए उनकी उंगली तोड़ दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में जाटव समाज लोग मौके पर जुट गए और जहां पर खड़ी गाड़ियो में तोड़फोड़ की। देखते ही देखते दोनो पक्ष आमने सामने आ गए। विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

आरोप है कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट और पथराव हुआ, जिसमें कई महिलाएं भी घायल हुईं। इसके अलावा कुछ गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की गई। घायलों को नगर सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सक ने दोनों पक्षो के पांच लोगों की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया और अन्य घायलों को उपचार किया। बतादें कि गांव में करीब 150 दलित परिवार रहते हैं, और घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भारी तनाव बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया, हम लोग जब पार्क पहुंचे तो देखा कि बाबा साहब की मूर्ति के साथ छेड़छाड़ हुई है। हमने विरोध किया तो हमारे साथ बदतमीजी की गई, गाली-गलौज हुई और मारपीट शुरू कर दी। हम चाहते हैं कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। एसपी देहात कुंवर आकाश पाल सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में ले लिया है। वह व उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के साथ सूचना मिलते ही हम मौके पर पहुंच गए थे।

स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इस बीच बसपा जिलाध्यक्ष ऋषि पाल सिंह एडवोकेट ने शुक्रवार को कोतवाली में पीड़ित परिवार से मुलाकात कर वार्ता की है। इसके बाद पूर्व बसपा सांसद गिरीश चंद ने पीडित लोगों को न्याय दिलाने और दोषियों के खिलाफ कडी कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया।

पुलिस मामले की जांच में जुटी। अभी इस मामले में कोई कार्रवाई नही की गई है। देर शाम बसपा और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता सहित अन्य संगठनों कार्यकर्ताओं कोतवाली में मुक. दमा दर्ज कराने के लिए डटे रहे। पुलिस ने पीड़ित मलखान सिंह पुत्र बसंत सिंह की तहरीर के आधार पर घर में घुसकर उसकी पत्नी के साथ और बेटियों के साथ अश्लील हरकतें करने और बलपुर्वक घुस में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर घायल करने, चार पहिया वाहन में तोड़फोड़ करने और 8-10 राउउ फायरिंग करने व जाति सूचक शब्दों को कहने के आरोप सहित विभिन्न धाराओं में भाजपा नेता अजय प्रताप, अभय प्रताप, तेज प्रकाश, निपेंद्र , हितांशु, तुषार, सूर्यप्रताप , नरेंद्र, राजीव , महेश कौशल व 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## नवोदय विद्यालय में दो दिवसीय क्लस्टर मीट का समापन, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**ठाकुरद्वारा।** जवाहर नवोदय विद्यालय, ग्राम कलेवाला (तहसील ठाकुरद्वारा) में आयोजित दो दिवसीय संकुल स्तरीय खो-खो एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 को सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ 16 अप्रैल को हुआ था, जिसमें आगरा संकुल के 11 नवोदय विद्यालयों से आए लगभग 125 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। चयनित प्रतिभागियों को आगामी क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जो 20 और 21 अप्रैल को अलीगढ़, मऊ एवं कन्नौज में आयोजित होंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ थाना प्रभारी ठाकुरद्वारा मनोज परमार ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा में भाग लेने और जीवन में अनुशासन को अपनाने का संदेश दिया।



विद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। समापन अवसर पर उपप्राचार्य अजय कुमार ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, निर्णायकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में खेल शिक्षिका सीमा सिंह और खेल शिक्षक हर्षित पाण्डे का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन से विद्यालय परिसर में उत्साह और गौरव का माहौल बना रहा।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय की शिक्षिका डॉ. रिद्धि गर्ग की पुस्तक का हुआ विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के गणित विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रिद्धि गर्ग की लिखी पुस्तक ''मास्टरिंग एआई इन सप्लाई चेंस: ए कॉम्प्रिहेंसिव गाइड टू इंटेलिजेंट लॉजिस्टिक्स'' का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय के कर कमलों द्वारा विमोचन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. पाण्डेय ने डॉ. गर्ग की इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी। कुलपति प्रो. पाण्डेय कहा कि यह पुस्तक शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होगी। वहीं कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने डॉ. गर्ग की लिखी पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुस्तक मार्गदर्शन और परामर्श से जुड़े लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इस मौके पर प्रतिकुलपति- एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति- एकेडेमिक्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव



त्रिवेदी, प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा ने भी डॉ. गर्ग का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पुस्तक लेखन में और शिक्षकों को भी आगे आना चाहिए। स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने भी डॉ. गर्ग को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह पुस्तक मार्गदर्शन का काम करने के साथ ही नए शिक्षकों को पुस्तक लेखन के प्रति प्रेरित करेगी। डॉ. गर्ग ने बताया कि इस पुस्तक का प्रकाशन 'नेक्स जेन पब्लिकेशन' ने किया है, जिसकी प्रतिनिधि शाखाएँ भारत के अलावा यूएई, नाइजीरिया, उज्बेकिस्तान, मोंटेनेग्रो, इराक, इजिप्ट, थाईलैंड, युगांडा, फिलीपींस और इंडोनेशिया में स्थित हैं। इस पुस्तक में कुल 8 अध्याय हैं, जिनमें मार्गदर्शन और परामर्श के विभिन्न पहलुओं का सारगर्भित तरीके से वर्णन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि यह पुस्तक बिक्री के लिए देश-विदेश के विभिन्न बुक स्टालों के अलावा अमेजन, फ्लिपकार्ट पर भी उपलब्ध रहेगी। डॉ. गर्ग ने इस पुस्तक की प्रथम लेखिका हैं, जबकि डॉ. राजेश और डॉ. सलोनी चिन्मय देसाई सह लेखक हैं। डॉ. गर्ग का अध्यापन के क्षेत्र में 27 वर्ष का लंबा अनुभव है तथा उनके अनेक शोध पत्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. गर्ग 35 से अधिक राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला व संगोष्ठियों में प्रतिभाग कर चुकी हैं। वर्तमान में डॉ. गर्ग के निर्देशन में 3 शोधार्थी शोध कर रहे हैं। डॉ. गर्ग की इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के निदेशकों व शिक्षकों ने भी बधाई दी है।

## गलशहीद थाना क्षेत्र में युवक के साथ जमकर मारपीट, वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

**मुरादाबाद।** शहर के गलशहीद थाना क्षेत्र स्थित दिल्ली-मुरादाबाद हाईवे पर गुरुवार की रात उस समय अफरातफरी मच गई, जब कुछ दबंगों ने बीच सड़क पर एक युवक पर हमला कर दिया। मामूली कहासुनी देखते ही देखते झड़प में बदल गई और पूरा क्षेत्र जंग के मैदान जैसा नजर आने लगा।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने युवक को सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर बेरहमी से पीटा। पीड़ित युवक खुद को बचाने के लिए आसपास मौजूद लोगों से मदद की गुहार लगाता रहा, लेकिन कोई भी आगे आने की हिम्मत नहीं जुटा सका। इस दौरान कुछ लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह दबंग युवक पर लगातार हमला कर रहे हैं। बीच सड़क पर हो रही इस मारपीट के कारण हाईवे पर यातायात बाधित हो गया और लंबा जाम लग गया। अचानक हुई इस घटना से राहगीरों में भय का माहौल बन गया और काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पाकबड़ा थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** थाना पाकबड़ा पुलिस ने नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता, जो थाना मझोला क्षेत्र की निवासी है, ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और नशे की हालत में उसके साथ शारी. रिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं, आरोपी ने घटना का वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना पाकबड़ा में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले की विवेचना शुरू की और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की तलाश तेज कर दी।विवेचनात्मक कार्रवाई के क्रम में शुक्रवार को थाना पाकबड़ा पुलिस ने आरोपी अरुण पुत्र प्रहलाद, निवासी ग्राम रामपुर भूड़, थाना हसनपुर, जिला अमरोहा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरा. पी को हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में अन्य आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और पीड़िता को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना या उत्पीड़न की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके। फिलहाल मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

## एक नजर

### एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज में नशा मुक्ति पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित



**चन्दौसी।** नगर के एन.के.बी.एम.जी. पी.जी. कॉलेज में शुक्रवार को नशा मुक्ति कमेटी, गाइडेंस एवं काउंसलिंग सेल तथा फर्स्ट एड कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ. हिमांशु वार्ष्णेय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा सकारात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहने का आह्वान किया। साथ ही नशे की लत से ग्रसित लोगों के पुनर्वास एवं उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की। इस अवसर पर डॉ. भावना सिंह, डॉ. नीता गुप्ता, डॉ. सपना अग्रवाल, डॉ. अंजलि अग्रवाल एवं शोध छात्रा सुरभि पाराशरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नाधौस गांव में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती



**चन्दौसी।** तहसील क्षेत्र के गांव नाधौस में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो आगे बहजोई तक पहुंची। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ नाधौस के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चौकी प्रभारी प्रशांत मलिक पुलिस बल के साथ शोभायात्रा में मौजूद रहे। इस दौरान ग्राम प्रधान महेन्द्र पाल, योगेश कुमार शर्मा एडवोकेट, छत्रपाल सिंह, वीरेन्द्र कुमार, राजेश कुमार एडवोकेट, तिलक सिंह, जनक सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जनकल्याण सेवा समिति ने जरूरतमंद कन्या की शादी में किया सहयोग

**चन्दौसी।** जनकल्याण सेवा समिति चन्दौसी द्वारा सामाजिक सरो. कारों की दिशा में कार्य करते हुए जरूरतमंद कन्याओं की शादी में सहयोग की पहल निरंतर जारी है। इसी क्रम में समिति ने इस माह 8 अप्रैल को एक कन्या की शादी में सहयोग करने के बाद 17 अप्रैल को दूसरी कन्या के विवाह हेतु आवश्यक सामान उपलब्ध कराया। समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया कि यदि उनके संज्ञान में कोई भी जरूरतमंद कन्या आती है, तो वे प्रतिमाह कम से कम एक कन्या की शादी में सहयोग अवश्य करेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय, सचिव भावना गुप्ता, कोषाध्यक्ष मीनू फैंसी, उपाध्यक्ष रेखा रस्तोगी, सीमा फैंसी, पूनम वार्ष्णेय, पूर्णिमा, दिनेश चन्द्र गुप्ता, दुष्यंत कुमार आदि का सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता रही।

### जमीन के बंटवारे को लेकर भाइयों में झगड़ा, लाठी-डंडों से हमला

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव मोसमपुर में जमीन के बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों के बीच विवाद हिंसक हो गया। बताया जाता है कि लंबे समय से चल रहे मनमुटाव के चलते शुक्रवार सुबह दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे मो. निका और अभिषेक घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घायलों को तुरंत कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नन्हूवाला गांव मे तेंदुआ पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने लगाया पिंजरा

**ठाकुरद्वारा।** तेंदुए भी बेखौफ होकर आबादी में दस्तक देने लगे हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम नहनू वाला में 2दिन पूर्व रात मे तेंदुआ आबादी में घुसकर दहाड़ लगने लगा जिससे ग्रामीण दहशत में आ गए । सूचना पर वन विभाग ने गांव में पहुंचकर पूछताछ की बाद में जंगलों में जाकर तेंदुए की तलाश

**दूसरे दिन भी वन विभाग टीम ने तेंदुए की तलाश**

कीलेकिन टीम को तेंदुआ तो नहीं मिला पदचिह्न अवश्य मिले । जिस पर वन विभागकी टीम वापस चली आई बताया जाता है कि गुरुवार की रात में तेंदुआ फिर गांव में घुस आया ।जिससे ग्रामीणों में दहशत और बढ़ गई । लोगों ने अपनी पशु शालाओं मैं पूरी रात जाग कर अपने पशुओं की रखवाली की । शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर काम भी करने के बाद तेंदुआ पकड ने के लिए जंगल में निगरानी शुरू कर दी । बताते चलें कि तेंदुआ रात के समय गांव के मुख्तार पुत्र छुट्टन के घर के पास तक पहुंच गया। घर में छोटे-छोटे बच्चे होने के कारण परिवार सहित



आसपास के लोगों में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि जब जंगली जानवर सीधे घरों के दरवाजे तक पहुंचने लगें, तो हालात की गंभीरता समझी जा सकती है। सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ क्षेत्र में कांबिंग की, जहां तेंदुए के पगचिह्न भी मिले। इससे यह स्पष्ट हो गया कि तेंदुए की मौजूदगी कोई अफवाह नहीं, बल्कि हकीकत है। हालांकि, हर बार की तरह इस बार भी कार्रवाई के नाम पर लोगों को केवल "सतर्क रहने" की नसीहत देकर जिम्मेदारी निभा ली गई। ग्रामीणों ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है, लेकिन सवाल वही पुराना हैकृक्या किसी बड़ी घटना के बाद ही ठोस कदम उठाए जाएंगे? फिलहाल लोग दहशत में हैं और अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते तेंदुए को नहीं पकड़ा गया, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

बावजूद इसके, जिम्मेदार विभाग की सुस्ती और औपचारिक कार्रवाई ग्रामीणों के डर को और बढ़ा रही है। वन दरोगा पीयूष जोशी मदन सिंह .का कहना है की ग्रामीणों की सुरक्षा हेतु तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया गया और ग्रामीणों से सावधान दक्षता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## आईएफटीएम में 'वित्तीय साक्षरता: आर्थिक और सामाजिक स्वतंत्रता' विषय पर हुआ सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) और स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में ''वित्तीय साक्षरता: आर्थिक और सामाजिक स्वतंत्रता'' विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सत्र के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान के सफलता प्राप्त पूर्व विद्यार्थी अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। इस सत्र में विश्व. विद्यालय से एमबीए-2016 बैच के पास आउट छात्र व वर्तमान में पीएनबी मेटलाइफ, चंदौसी में वरिष्ठ संबंध प्रबंधक के पद पर कार्यरत श्री प्रिंस कुमार दिवाकर ने बतौर रिसोर्स पर्सन निवेश को व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे भविष्य सुरक्षित,



कॅरियर में आगे बढ़ने और दीर्घकालिक निवेश सुरक्षित होता है। इस मौके पर आईयूएएके अध्यक्ष व परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव ने रिसोर्स पर्सन व एल्युमनस श्री दिवाकर को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने प्रतिभागी विद्यार्थियों और आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन सचिव डॉ. चारू दत्ता ने एल्युमनस श्री प्रिंस कुमार दिवाकर व अन्य अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार यादव, डॉ. शेफाली अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सह संयोजक डॉ. निखिल गुप्ता ने कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकों की उपस्थिति रही एवं 50 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

# कोलकाता ने गुजरात को 181 का टारगेट दिया

### कैमरन ने 55 बॉल पर 79 रन बनाए, कगिसो रबाडा को 3 विकेट

**अहमदाबाद, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के 25वें मैच में गुजरात टाइटंस को 181 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में केकेआर ने बैटिंग चुनी। कोलकाता 20 ओवर में 180 पर आलआउट हो गई। जवाबी पारी में गुजरात ने पहले ओवर में बिना नुकसान के 3 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और शुभमन गिल क्रीज पर हैं। कैमरन ग्रीन ने सीजन की पहली फिफ्टी लगाई। उन्होंने 55 बाल पर 7 चौके और 4 छक्के के सहारे 79 रन की पारी खेली। कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और अशोक शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान को एक-एक विकेट मिला। 20वें ओवर की आखिरी बाल पर कैमरन ग्रीम 79 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें राशिद खान ने जोस बटलर के हाथों कैच कराया। इसी के साथ कोलकाता 20 ओवर में 180 रन पर आलआउट हो गई। 19वें ओवर में कोलकाता ने 9वां विकेट गंवाया। यहां कार्तिक त्यागी 6 रन बनाकर रनआउट हो गए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने जोस बटलर के थ्रो पर नान स्ट्राइक पर रनआउट किया। 18वें ओवर की तीसरी बाल पर कोलकाता ने 8वां विकेट गंवाया। यहां पर सुनील नरेन जीरो पर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच कराया। 17वें ओवर में कोलकाता ने 7वां विकेट गंवाया। यहां पर रमनदीप सिंह (17 रन) को अशोक शर्मा ने सिराज के हाथों कैच कराया। अशोक शर्मा को दूसरा विकेट मिला है। 16वें ओवर में कोलकाता ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर रिंकू सिंह एक रन बनाकर आउट हुए। रबाडा की गुड लेंथ बाल बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर जोस बटलर के दस्तानों में चली गई। रबाडा को तीसरा विकेट मिला है। इसी ओवर में कोलकाता ने 150 रन का आंकड़ा भी पार किया। 15वें ओवर में कोलकाता ने पांचवां विकेट गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बाल प्रसिद्ध कृष्णा ने आफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। अनुकूल राय एक्स्ट्रा कवर्स के ऊपर से शाट खेलने गए, लेकिन काट बिहाइंड हो गए। वे 9 रन ही बना सके, लेकिन कैमरन ग्रीन के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की पार्टनरशिप कर गए। 14वें ओवर में कैमरन ग्रीन ने राशिद खान की बाल पर लगातार तीन बाउंड्री लगाई। उन्होंने पहली बाल पर छक्का लगाया। उसके बाद अगली दो बाल पर दो चौके लगाए दिए। राशिद के इस ओवर से 17 रन आए। 13वें ओवर में कैमरन ग्रीन ने अशोक शर्मा की बाल पर छक्का लगाया। जोकि मैदान के अंदर खड़ी डिस्प्ले कार पर लगा। ग्रीन ने गुड लेंथ की स्लोअर बाल को डीप बैकवर्ड पाइंट की दिशा में खेला था। अशोक के इस ओवर से 19 रन आए। 13वें ओवर में कैमरन ग्रीन ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने इस सीजन का पहला अर्धशतक लगाया। उन्हें 34 बाल लगी। उन्हें कोलकाता ने पिछली नीलामी ने 25 करोड़ 20 लाख रुपए में खरीदा था। 12वें ओवर में कोलकाता ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया।



# हैदराबाद के आतिशी व सैमसन की स्थिरता के बीच होगा मुकाबला

**हैदराबाद, वार्ता।** आज रात हैदराबाद में, जब माहौल थोड़ा तनावपूर्ण है, एक ऐसा मुकाबला खेला जा रहा है जो लीग मैच से कहीं अधिक क्रिकेट के दो दर्शनों की शांत परीक्षा है - एक पुराना और आजमाया हुआ, दूसरा नया और अभी भी अपने आप से जूझ रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स एक ऐसी संस्था की तरह मैदान में उतरी है जो संन्यास लेने से इनकार करती है।

रुतुराज गायकवाड़ निरंतरता का भार लेकर टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, वहीं इस सीजन में सबसे अधिक रन बनाने वाले संजू सैमसन बल्लेबाजी में ऐसी शालीनता दिखाते हैं जैसे उन्हें घबराहट में कोई दिलचस्पी नहीं है। उनके साथ, आयुष म्हात्रे युवा जोश और प्रतिष्ठा की परवाह न करते हुए बेखौफ होकर खेलते हैं, डेवाल्ड ब्रेविस अपनी अनूठी रचनात्मकता से सबको प्रभावित करते हैं, सरफराज खान दृढ़ निश्चय के साथ खेलते हैं, और शिवम दुबे चेन्नई सुपर किंग्स की उस जानी-पहचानी लय को बनाए रखते हैं जो पारी को लयबद्धता की नहीं, बल्कि विराम चिनों की जरूरत होने पर काम आती है। उनके पीछे, प्रशांत वीर एक शांत और उपयोगी गेंदबाज के रूप में मौजूद हैं,

जेमी ओवर्टन अंग्रेजी शैली की वह बहुमुखी प्रतिभा प्रदान करते हैं जो सीएसके के लिए हमेशा उपयोगी रही है, नूर अहमद एक कुशल गेंदबाज की तरह धैर्यपूर्वक स्पिन गेंदबाजी करते हैं, अंशुल कंबोज बढ़ते आत्मविश्वास के साथ गेंदबाजी करते हैं, और गुरजपनीत सिंह उस गेंदबाजी इकाई को पूरा करते हैं जिसने केवल आक्रमण करने के बजाय टिके रहना सीख लिया है। बेंच से, अकील हुसैन प्रभाव डालने वाले विकल्प के रूप में तैयार हैं - एक ऐसा गेंदबाज जो बिना आवाज उठाए अपना मिजाज बदल लेता है। इसके विपरीत, सनराइजर्स हैदराबाद एक ऐसी टीम के रूप में आई है जिसने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह खुद का कौन सा रूप पसंद करती है। अभिषेक शर्मा शीर्ष क्रम में लय बनाते हैं - कभी विस्फोटक, कभी अपनी महत्वाकांक्षा के कारण समय से पहले आउट हो जाते हैं। उनके बाद ट्रैविस हेड आते हैं, जो समान रूप से विनाशकारी या निराशाजनक प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। कप्तान ईशान किशन जिम्मेदारी और आजादी दोनों निभाते हैं, ऐसे बल्लेबाजी करते हैं जैसे हर पारी एक ऐसी बहस हो जिसे उन्हें जीतना ही है। उनके मध्य क्रम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन सबसे सटीक गेंदबाज बने हुए हैं, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी और अनिकेत वर्मा युवा आक्रामकता का प्रतिनिधित्व करते हैं जो संरचना खोजने की कोशिश कर रही है।

### खेल विशेष

#### मेसी ने बार्सिलोना का एक निचली लीग क्लब खरीदा

**मैड्रिड, वार्ता।** एफसी बार्सिलोना के पूर्व फॉरवर्ड लियोनेल मेसी ने स्पेन के पांचवें दर्जे के क्लब यूएई कोर्नेला को खरीदने का काम पूरा कर लिया है। अर्जेंटीना के इस दिग्गज खिलाड़ी ने, जो एमएलएस टीम इंटर मियामी के लिए खेलते हैं, बार्सिलोना के बाहरी इलाके में स्थित इस क्लब का 100 प्रतिशत मालिकाना हक हासिल कर लिया है। यूएई कोर्नेला फिलहाल आरएफईएफ थर्ड डिवीजन के ग्रुप 5 से ऊपर उठने की कोशिश कर रहा हैद्ध पिछले सीजन में यह आरएफईएफ सेकंड डिवीजन (जो चौथा दर्जा है) से नीचे खिसक गया था। 1951 में स्थापित इस क्लब ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि मेसी का आना ष्क्लब के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत है, जिसका मकसद खेल और संस्थागत, दोनों तरह की तरक्की को बढ़ावा देना, इसकी नींव को मजबूत करना और नई प्रतिभाओं में लगातार निवेश करना है। बयान में आगे कहा गया।

#### ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद उबेर कप से हटीं

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की शीर्ष महिला युगल जोघी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद, ट्रीसा की चोट के कारण उबेर कप फाइनल्स 2026 में हिस्सा नहीं लेंगी। भारतीय बैडमिटन संघ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उनकी जगह श्रुति मिश्रा और प्रिया कोंजेंगबम को टीम में शामिल किया गया है। उबेर कप में भारतीय महिला टीम मौजूदा और 16 बार के चैंपियन चीन के साथ ग्रुप-ए में है। मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन इस ग्रुप की अन्य टीमें हैं। भारत उबेर कप के पिछले टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर हो गया था।

#### शुभंकर ने जीता पहला बोल्डर्स क्लासिक खिताब

**हैदराबाद, वार्ता।** राउंडग्लास स्पोर्ट्स के एथलीट और ब्रांड एंबेसडर शुभंकर शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद के बोल्डर हिल्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित पहले 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के बोल्डर्स क्लासिक का खिताब अपने नाम किया। दिसम्बर 2021 के बाद अपने पहले घरेलू टूर्नामेंट में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सर्किट पर वापसी करते हुए, दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता शर्मा ने अपने अनुभव और क्लास का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह प्रतिष्ठित खिताब जीता। पूरे टूर्नामेंट के दौरान शर्मा का दबदबा कायम रहा। उन्होंने अपनी सटीक बॉल-स्ट्राइकिंग और शांत स्वभाव के दम पर कोर्स को लगातार नियंत्रित किया। उनके प्रत्येक दिन के स्कोर ने उनके प्रदर्शन को दर्शाया-पहले दिन उन्होंने छह अंडर 66 का संयमित स्कोर बनाया, जिसके बाद दूसरे दिन भी छह अंडर 66 के शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने हाफवे स्टेज पर दो शॉट की बढ़त बना ली। तीसरे दिन शर्मा ने पूरी तरह नियंत्रण दिखाते हुए आठ अंडर 64 का स्कोर बनाया, जिसमें नौ बर्डी और केवल एक बोगी शामिल थी।

# बेंगलुरु-दिल्ली के बीच बड़े मुकाबले में विराट पर रहेंगी सबकी नजरें



**बेंगलुरु, वार्ता।** चिन्नास्वामी में विराट कोहली बनाम दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं होता। यह उम्मीदों, यादों और उस खामोश हार को मान लेने की भावना से भरा होता है, जो पहली गेंद फेंके जाने से पहले ही मेहमान टीमों पर छा जाती है। आरसीबी पॉइंट्स टेबल में सबसे ऊपर है, पांच में से चार मैच जीत चुकी है,

और उस टीम जैसा थोड़ा-सा घमंड भी रखती है, जिसे अब खुद पर भरोसा होने लगा है। अपने घरेलू मैदान पर अजेय रहते हुए, वे चिन्नास्वामी की सिर्फ रक्षा ही नहीं करते, बल्कि उसे अपना घर मानते हैं। यह मैदान, अपनी छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजों के लिए मददगार आसमान के साथ, एक वेन्यू से ज्यादा उनकी बैटिंग लाइनअप का ही एक हिस्सा लगता है। विराट कोहली, पांच पारियों में 57 की औसत और लगभग 160 के स्ट्राइक रेट से 228 रन बनाकर, इस सब के केंद्र में हैं। न तो जोर-शोर से, न ही नाटकीय अंदाज में, बल्कि उस शांत आत्मविश्वास के साथ, जो किसी ऐसे खिलाड़ी में होता है जिसने इस लीग के हर रूप को देखा हो और पाया हो कि उनमें से ज्यादातर रूप दोहराए जाते हैं। उनके आस-पास, रजत पाटीदार 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं, मानो समय कोई ऐसी चीज हो जिसे सम्मान देने के बजाय पूरी तरह से इस्तेमाल कर लेना चाहिए। फिल सॉल्ट, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड मिलकर एक ऐसी बैटिंग लाइनअप बनाते हैं, जो एक क्रम से ज्यादा एक के बाद एक आने वाले तूफानों जैसी लगती है। दिल्ली कैपिटल्स पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर है, चार में से दो मैच जीते हैं, और उनका हालिया इतिहास थोड़ा उनके खिलाफ रहा है। वे कोई कमजोर टीम नहीं हैं, वे बस अभी पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। उनका क्रिकेट अक्सर उम्मीदों के साथ शुरू होता है और सवालों के साथ खत्म होता है। समीर रिजवी ने चार मैचों में 55-33 की औसत से 166 रन बनाकर लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।

## कोहली को रोकने के लिए अक्षर को थामनी होगी नई गेंद

**बेंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल 2026 में शनिवार के पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) का सामना दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) से बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। जहां आरसीबी की टीम पांच में से चार मुकाबले जीतकर शीर्ष-2 में है, वहीं डीसी चार में से दो मुकाबले जीत और दो मुकाबले हारकर अंक तालिका के बीच में है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 33 मुकाबलों में आरसीबी को 20, जबकि डीसी को 12 में जीत मिली है, जबकि एक मुकाबला रद्द हुआ था। बेंगलुरू में हुए दोनों टीमों के बीच 13 मुकाबलों में भी आरसीबी 7-5 से आगे है। पांच पारियों में दो अर्धशतकों के साथ 228 रन बना चुके विराट कोहली को अगर रोकना है, तो डीसी के कप्तान अक्षर पटेल को खुद नई गेंद थामनी होगी। अक्षर ने कोहली को आईपीएल में सिर्फ एक बार आउट किया है, लेकिन कोहली, उन पर सिर्फ 113 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाते हैं। अक्षर,कोहली के सलामी जोड़ीदार फिल सॉल्ट को भी परेशान करते हैं और सॉल्ट भी उनके खिलाफ सिर्फ 113 के ही स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। सॉल्ट, अक्षर के खिलाफ चार पारियों में दो बार आउट भी हुए हैं, जबकि लुंगी एनगिडी ने भी सॉल्ट को चार में से दो पारियों में आउट किया है। अक्षर ना सिर्फ शुरुआती बल्कि बाद के ओवरों में भी इस मैच में अपना प्रभाव छोड़ सकते हैं। उन्होंने टिम डेविड और जितेश शर्मा को दो-दो बार आउट किया है। जितेश उन पर सिर्फ 87 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

# हमें कुछ कठिन सवालों के जवाब ढूंढने होंगे और जिम्मेदारी लेनी होगी: हार्दिक

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस (एमआई) के आईपीएल 2026 में लगातार चौथा मैच हारने के बाद उनके कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि टीम को अपनी कस्मित बदलने के लिए कुछ कठिन सवालों के जवाब ढूंढने होंगे। उनकी ताजा हार पंजाब किंग्स के खिलाफ आई, जिन्होंने एमआई को 195/6 पर रोका और फिर 16-3 ओवरों में ही सात विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इसका मतलब यह रहा कि एमआई पांच मैचों में सिर्फ एक जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर बनी हुई है।



पंड्या ने मैच के बाद कहा कि हमें सच में देखना होगा कि क्या हमें कुछ मुश्किल फैसले लेने की जरूरत है या हमें इसी तरह आगे बढ़ते रहना चाहिए और उम्मीद करनी चाहिए कि चीजें बदल जाएंगी। ए कुछ कठिन सवाल हैं, जिनका जवाब हमें देना होगा और इसकी जिम्मेदारी भी लेनी होगी। मेरे पास अभी कहने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है। मुझे लगता है हमें फिर से शुरुआत करनी होगी और देखना होगा कि हम कहां कमी कर रहे हैं। क्या यह व्यक्तिगत स्तर पर है, क्या टीम के तौर पर है, या प्लानिग में कोई कमी है? हम इसे समझेंगे और देखेंगे कि आगे क्या किया जा सकता है। साथ ही, पंड्या ने विपक्ष को तीनों विभागों में बेहतर खेलने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है हमें उन्हें भी क्रेडिट देना चाहिए। पहली पारी में गेंद रिवर्स होने लगी थी और उस समय ओस नहीं आई। दूसरी पारी में ओस आई और पिच थोड़ी बेहतर हो गई। लेकिन इसके बावजूद, उन्होंने हमें हर विभाग में मात दी। उन्होंने बेहतर गेंदबाजी की, बेहतर बल्लेबाजी की और फील्डिग भी बेहतर की और यही हमारे मैच हारने की वजह बनी।

# श्रेयस अय्यर भारतीय टी-20 टीम में सीधे आने के लायक हैं: चावला

**मुंबई, वार्ता।** श्रेयस अय्यर ने आईपीएल 2026 में अपनी पिछली तीन पारियों में 50, नाबाद 69 और 66 रन बनाए हैं। यह उन कारणों में से एक हैं, जिसकी वजह से पंजाब किंग्स इस समय चार जीत और एक वॉशआउट के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। उनकी हालिया शानदार पारी के बाद आरोन फिच के पास उनकी तारीफ के लिए शब्द कम पड़ गए।



पंजाब की मुंबई इंडियंस पर जीत के बाद फिच ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो में कहा कि उन्हें खेलते देखकर हैरानी होती है कि वह कितने अच्छे हैं। उन्होंने पिछले और अभी के आईपीएल के बीच कोई टी20 मैच नहीं खेला और फिर भी उन्होंने शुरुआत से ही धमाकेदार प्रदर्शन किया है। उनकी कप्तानी शानदार है। यह देखकर हैरानी होती है कि वह भारत के लिए और ज्यादा क्रिकेट क्यों नहीं खेलते। वह बेहतरीन खिलाड़ी हैं और देखने में भी बहुत अच्छे लगते हैं। वह गेंद को जोर से मारने की कोशिश नहीं करते।

विकेट के दोनों तरफ खेलते हैं, फ्रंट फुट और बैक फुट दोनों पर शानदार हैं। अब उन्होंने अपने खेल के उस हिस्से को काफी सुधार लिया है। जहां पहले लगता था कि शॉर्ट गेंद पर उन्हें रोका जा सकता है या आउट किया जा सकता है, अब वह उसे भी नियंत्रण के साथ खेलते हैं। फिच के साथ बैठे पीयूष चावला मानते हैं कि अय्यर को टीम में होना चाहिए।

चावला ने कहा, ष्मेरे हिंसाब से अगर मैं चयनकर्ता होता, तो वह सीधे टीम में आते। वह मध्य क्रम के बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं। उनके पास क्रिकेटिंग दिमाग है, वह टीम को लीड भी कर सकते हैं। भविष्य के लिए देखें तो वह जरूर टीम में जगह बनाते हैं। 2025 की शुरुआत से आईपीएल में 500 से ज्यादा रन बनाने वाले 22 बल्लेबाजों में उनका स्ट्राइक रेट तीसरा सबसे ज्यादा है। अभिषेक शर्मा और उनके टीममेट प्रियांश आर्य उनसे ऊपर हैं। इस दौरान उनका औसत भी तीसरा सबसे बेहतर है। विराट कोहली और जॉस बटलर उनसे ऊपर हैं। इन दो सीजन में अब तक सिर्फ चार बल्लेबाजों ने उनसे ज्यादा रन बनाए हैं।

# टी-20 विश्वकप में कनाडा के मैच की हो रही है जांच

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीयू) क्रिकेट कनाडा से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही है। इसमें भारत और श्रीलंका में हुए पुरुष टी-20 विश्व कप के दौरान कनाडा से जुड़ा हुआ एक मैच भी शामिल है। क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार एसीयू के पास दो सक्रिय जांचें लंबित है। ए जांचें क्रिकेट कनाडा के अलग-अलग पहलुओं और अंतर्राष्ट्रीय व घरेलू स्तर पर आईसीसी के एंटी-करप्शन कोड के उल्लंघन के आरोपों से जुड़ी हैं।



इन आरोपों का खुलासा 'करप्शन, क्राइम और क्रिकेट' नामक एक डॉक्यूमेंट्री में हुआ, जिसे कनाडा के इन्वेस्टिगेटिव प्रोग्राम द फिफ्रथ इस्टेट ने बनाया है। 43 मिनट की यह फिल्म क्रिकेट कनाडा में भ्रष्टाचार और प्रशासन से जुड़े कई गंभीर आरोपों की पड़ताल करती हुई दिखती है। इस डॉक्यूमेंट्री को शुक्रवार को सार्वजनिक प्रसारक, कनैडियन ब्रॉडकास्टिंग कार्पोरेशन (सीबीसी) ने प्रसारित किया। डॉक्यूमेंट्री के अनुसार, विश्व कप में भ्रष्टाचार का आरोप कनाडा और न्यूजीलैंड के मैच से जुड़ा है। जांच का केंद्र न्यूजीलैंड की पारी का पांचवां ओवर है, जब कनाडा कप्तान दिलप्रीत बाजवा गेंदबाजी करने आए। बाजवा को टूर्नामेंट शुरू होने से केवल तीन हफ्रते पहले कप्तान बनाया गया था। मुख्य रूप से बल्लेबाजी ऑलराउंडर और ऑफ स्पिन गेंदबाज बाजवा ने गेंद तब संभाली, जब न्यूजीलैंड का स्कोर 35 रन पर दो विकेट था। कनाडा ने तेज गेंदबाज जसकरण सिंह और डिलन हेलिंगर से शुरुआत की थी और उन्होंने अपने पहले ओवर में क्रमश: 15 और 14 रन दिए। इसके बाद तीसरे ओवर में साद बिन जफर को लाया गया, जिन्होंने मेडेन ओवर विकेट डाला। चौथे ओवर में हेलिंगर ने एक विकेट लिया और फिर बाजवा आए। उन्होंने ओवर की शुरुआत नो-बॉल से की, फिर लेग साइड पर वाइड डाली और कुल 15 रन दे बैठे। दूसरी जांच एक टेलीफोन कॉल की रिकॉर्डिंग से जुड़ी है, जिसमें उस समय के कनाडा कोच खुर्रम चौहान यह दावा करते हैं कि क्रिकेट कनाडा के कुछ सीनियर द्धअब पूर्वद्ध बोर्ड सदस्यों ने उन पर राष्ट्रीय टीम में कुछ खिलाड़ियों को चुनने का दबाव डाला। यह ऑडियो पिछले साल लीक हुआ था और तब से एसीयू इसकी जांच कर रही है। इस रिकॉर्डिंग में मैच फिक्सिग की कोशिशों के भी आरोप हैं, हालांकि उन्हें साबित करना मुश्किल बताया गया है। आईसीसी की इंटीग्रिटी यूनिट के अंतरिम जनरल मैनेजर एंड्रयू एफग्रेव ने बयान में कहा कि एसीयू को सीबीसी द्वारा प्रसारित इस कार्यक्रम की जानकारी है। हमारी प्रक्रिया के अनुसार, हम इसमें लगाए गए आरोपों के विवरण पर टिप्पणी नहीं कर सकते।

# सीएसके के दल के साथ हैदराबाद पहुंचे धेनी

**हैदराबाद, वार्ता।** क्या एमएस धोनी शनिवार शाम को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ होने वाला चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का अगला मुकाबला खेलेंगे? भले ही इसकी पुष्टि अभी नहीं हो सकती लेकिन धोनी के टीम के साथ हैदराबाद की यात्रा करने के चलते इसकी संभावना काफी बढ़ गई है। जब टीम हैदराबाद एयरपोर्ट पर पहुंची तब प्रशंसक धोनी की एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़े।



सीएसके द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में यह देखा जा सकता है कि जब धोनी टीम बस में जा रहे हैं तब प्रशंसक उनका नाम चिल्ला रहे हैं। धोनी इस समय काफ स्ट्रेन से उबर रहे हैं और आईपीएल 2026 में सीएसके के पहले पांचों मुकाबले से बाहर रहे। उन्होंने घर के बाहर मुकाबलों के लिए सीएसके के साथ गुवाहाटी और बेंगलुरु की यात्रा भी नहीं की। वह सीएसके के मुकाबलों के दिन चेपॉक भी नहीं गए थे।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मुकाबले की पूर्व संध्या पर उन्होंने टीम के अभ्यास सत्र के अंतिम चरण में थोड़ी देर के लिए अभ्यास किया था लेकिन इस दौरान उन्होंने सिर्फ थ्रोडाउन का ही सामना किया था। सीएसके ने सीजन की शुरुआत लगातार तीन हार से की थी लेकिन उन्होंने अपने पिछले दोनों मुकाबले जीते हैं।

# दहेज हत्या प्रकरण में पति दोषी सिद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एक हंसता-खेलता परिवार दहेज और गृहकलेश की भेंट चढ़ गया। विवाहिता को पहले ससुराल पक्ष द्वारा प्रताडिघ्त किया गया और अंततः पति ने ही उसकी हत्या कर दी। सबसे मार्मिक पहलू यह रहा कि इस घटना का गवाह खुद मृतका का मासूम बेटा बना, जिसने अपनी मां को बचाने की कोशिश तो की, लेकिन अबोध होने के कारण असहाय रहा। करीब तीन वर्ष बाद न्यायालय ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी पति को दोषी सिद्ध कर दिया। थाना बहजोई में वर्ष 2023 में दर्ज दहेज हत्या के मामले में न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी पति को दोषी करार दिया है। यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए, 302 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत पंजीकृत किया गया था।

मामले के वादी कृष्णा शर्मा पुत्र रामस्वरूप शर्मा निवासी ग्राम चिरौली भगवंतपुर, थाना बहजोई ने जुलाई 2023 में थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री अनुपम शर्मा का विवाह करीब 13 वर्ष पूर्व हिंदू रीति-रिवाज से सचिन शर्मा पुत्र राजकुमार निवासी ब्रह्म बाजार, बहजोई के साथ किया था। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा उनकी पुत्री के साथ दुर्व्यवहार किया जाता था। पुत्री ने दो संतानों, ध्रुव शर्मा और वैष्णवी शर्मा, को जन्म दिया था। वादी के अनुसार, 04 जुलाई 2023 की रात्रि करीब 11:30 बजे उन्हें एक रिश्तेदार से सूचना मिली कि उनकी पुत्री अनुपम शर्मा की मृत्यु बहजोई स्थित डॉ. मनीष के अस्पताल में हो गई है। सूचना पर जब वह अपने परिजनों के साथ अस्पताल पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उनकी पुत्री के गले पर निशान थे और वह मृत अवस्था में थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर बहजोई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच के बाद आरोपी सचिन शर्मा सहित अन्य नामजद आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों, विशेषकर मृतका के पुत्र की गवाही के आधार पर 17 अप्रैल 2026, शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, संभल स्थित चन्दौसी, रागिनी सिंह की अदालत ने आरोपी पति सचिन शर्मा को दोषी सिद्ध किया। मामले में सजा का निर्धारण न्यायालय द्वारा आगे किया जाएगा। प्रकरण में पैरवी एडीजीसी हरिओम प्रकाश व रीता सिंह द्वारा की गई।

# गन्ने की फसल में अंकुर बेधक एवं चोटी बेधक कीट का प्रकोप गन्ना विभाग ने जारी की एडवाइज

**कांठ( शाह टाइम्स )** गन्ने की फसल में इस वक्त चोटी बेधक एवं अंकु बेधक कीट का प्रकोप कहीं कहीं देखा जा रहा है इसे लेकर गन्ना विभाग ने एडवाइज जारी की है। लखनऊ से जारी एडवाइज में बताया गया कि इस कीट का प्रकोप अप्रैल से जून तक अधिक रहता है इसकी सुंडी पौधों के गोप को खाती हुई नीचे की ओर जाती है जिसके कारण बीच की गोप सूख जाती है तथा खींचने पर आसानी से निकल जाती है। इसके नियंत्रण के लिए प्रभावित पौधों को सुंडी एवं प्यूपा सहित जमीन की सतह से काटकर नष्ट कर दें। गर्मी के दिनों में खेत की कम अंतराल पर सिंचाई कर गुड़ाई करें। बुवाई के 45 दिन पश्चात बताई गई दवाई की मात्रा को प्रति हेक्टेयर की दर से 1000 लीटर पानी के साथ मिलाकर ड्रेसिंग के पश्चात सिंचाई करें बताया गया की चोटी बेधक कीट के मादा सलभ जैसे सफेद रंग के होते है तथा पीछे की ओर नारंगी रंग की रोयेदार संरचना पाई जाती है। यह रात्रि में गन्ने की पत्तियों के मध्य शिरा के पास 75 से 250 अंडों के समूह में अंडे देती है जो एक दूसरे पर चढ़े हुए होते हैं तथा भूरे रंग के रोए से ढके रहते हैं। जो की पट्टी की मध्य सिरा से होते हुए अगोले तक पहुंच जाती है तथा अगोले की बिना खुली हुई पत्तियों को खाती है जिससे अगोले की पत्ती पर निशान दिखाई पड़ते हैं सुंडी द्वारा गन्ने के गोप को खा जाने से उसमें सड़न हो जाती है तथा उसके नीचे की आंखों से फुटाव हो जाता है बताया गया कि इसकी तीसरी पीढ़ी सर्वाधिक नुकसान पहुंचाती है जो जून के तीसरे सप्ताह में आती है और इस समय के अंडसमूह एवं सुंडिओ को इकठ्ठा करके नष्ट कर देने से इसकी सुंडी गन्ने के गौप में नहीं घुस पाती तथा अगली पीढ़ी से होने वाले नुकसान से काफी हद तक बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन कीटों की रोकथाम के लिए गन्ना विभाग से संपर्क करके किसान सलाह ले सकते हैं और बताए गए दवाइयां का उपयोग कर इस रोग से गन्ने की फसल को बचाया जा सकता है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया

**चन्दौसी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहन चालकों को 'सेफ ड्राइव' का संदेश देते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग पर जोर दिया गया, साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने की सलाह दी गई। पुलिस द्वारा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और प्रत्येक व्यक्ति की यात्रा सुरक्षित व सुगम बन सके।

## बिलारी समाचार

### सरकारी अस्पताल में कोल्ड चेन का निरीक्षण, साफ-सफाई के दिए निर्देश

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी में आज कोल्ड चेन व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह ने वैक्सीन भंडारण एवं रखरखाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रोग्राम मैनेजर चंचल सिंह, सानू सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। टीम ने कोल्ड चेन कक्ष में रखे फ्रिज, तापमान रजिस्टर, वैक्सीन स्टोरेज तथा अन्य व्यवस्थाओं की जांच की। निरीक्षण के समय चिकित्सा अधीक्षक ने फ्रिज की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वैक्सीन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कोल्ड चेन व्यवस्था का सुचारु रहना अत्यंत आवश्यक है, इसलिए नियमित निगरानी एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी उपकरणों का समय-समय पर रखरखाव किया जाए तथा स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रशासन पूरी तरह सक्रिय दिखाई दिया।



### रूट मार्शल टीएसआई यूनुस खाँ के नेतृत्व में एनएच-509 पर अतिक्रमण हटाओ अभियान, ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई



**बिलारी।** राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-509 पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने एवं सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों, मलबे तथा अन्य बाधक सामग्री को हटवाकर मार्ग को साफ कराया गया। यह अभियान रूट मार्शल टीएसआई यूनुस खाँ के नेतृत्व में संचालित हुआ। उनके साथ कांस्टेबल विष्णु एवं होमगार्ड अरविंद सहित पुलिस टीम ने मुखिया जी के ढाबे से सहसपुर तक क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे पड़े बड़े डेले, मलबा और अन्य अवरोधक सामग्री को हटवाया। अभियान के परिणामस्वरूप मार्ग पर यातायात सुगम हुआ और राहगीरों व वाहन चालकों को काफी राहत मिली। इसके साथ ही हाईवे पर अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा एवं अन्य धीमी गति के वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ चालान एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने ई-रिक्शा चालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऐसे वाहनों का संचालन प्रतिबंधित है। अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में यदि कोई ई-रिक्शा अथवा अन्य प्रतिबंधित वाहन हाईवे पर संचालित होता पाया गया, तो उसके विरुद्ध सीज की कार्रवाई भी की जाएगी।

# बिलारी से लौटते समय दो बाइक भिड़ीं, तीन युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** बिलारी क्षेत्र में मनकुला के आसपास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन युवक घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कांस्टेबल सचिन कुमार सैनी ने मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार शुरू कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवकों में सोनू, बबलू तथा विकास शामिल हैं। बताया गया कि तीनों युवक शाहाबाद क्षेत्र से बिलारी बाजार में खरीदारी करने आए थे और जूते-कपड़े खरीदकर वापस लौट रहे थे। वापसी के दौरान मनकुला के पास दोनों मोटरसाइकिलें आपस में टकरा गईं, जिससे तीनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने कांस्टेबल सचिन सैनी की तत्परता और मानवीय कार्यशैली की सराहना की। लोगों का कहना है कि समय पर अस्पताल पहुंचाने से घायलों को तुरंत इलाज मिल सका।



# तहसील कार्यालय में एसडीएम विनय कुमार सिंह ने की जनसुनवाई, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील कार्यालय बिलारी में उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनकी समस्याओं पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कई मामले भूमि विवाद, राजस्व अभिलेख, चक रोड एवं अन्य प्रशासनिक समस्याओं से जुड़े सामने आए। एक मामले में चक रोड से संबंधित शिकायत पर एसडीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए लेखपाल को कार्यालय में बुलाया और मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय और राहत दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करें। एसडीएम की कार्यशैली और समस्याओं के प्रति तत्परता को देखकर फरियादियों ने उनकी सराहना की। लोगों का कहना था कि यदि अधिकारी इसी तरह गंभीरता से जनसमस्याएं सुनते रहें तो आमजन को काफी राहत मिलेगी



# इस बार डिजिटल होने वाली है जनगणना प्रगणक घर-घर जाकर करेंगे सत्यापन

**कांठ (शाह टाइम्स)।** जनगणना की प्रदेश में शुरुआत होने जा रही है। इस बार डिजिटल जनगणना में किसी के घर आने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सात मई से लोग खुद अपने मोबाइल या कंप्यूटर से घर बैठे जनगणना की पूरी जानकारी भर सकेंगे। यह पहली बार हो रहा है, जब सरकार ने स्व-गणना की सुविधा शुरू की है, जिससे प्रक्रिया आसान, तेज और पारदर्शी बनेगी।

जनगणना के पहले चरण में 21 मई तक स्वगणना की सुविधा रहेगी। इसके बाद 22 मई से 20 जून तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना के 33 सवाल पूछेंगे और स्वगणना का सत्यापन भी करेंगे। जो व्यक्ति जहां रहता है, उसकी गणना वहीं की जाएगी। स्वगणना करने वाले लोग आनलाइन पोर्टल पर जाकर अपने परिवार और घर से जुड़ी सभी जानकारी खुद भर सकेंगे। 22 मई से 20 जून तक घर-घर जाएंगे प्रगणक, पूछेंगे लोगों से 33 सवाल सबसे पहले पोर्टल पर जाकर राज्य का चयन करना होगा।

इसके बाद परिवार के मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ई-मेल आइडी (वैकल्पिक) दर्ज कर पंजीकरण करना होगा। एक मोबाइल नंबर से सिर्फ एक ही परिवार का पंजीयन हो सकेगा।पंजीकरण के बाद मोबाइल पर आए ओटीपी से सत्यापन करना होगा। इसी दौरान अपनी पसंद की भाषा भी चुननी होगी, जिसे बाद में बदला नहीं जा सकेगा। इसके बाद अपने घर का पूरा पता भरना होगा। साथ ही मानचित्र पर लाल मार्कर को खींचकर अपने घर की सटीक लोकेशन भी तय करनी होगी। स्व-गणना के दौरान मकान और परिवार से जुड़े सभी सवालों के जवाब देने होंगे।

आनलाइन फार्म जमा होते ही 11 अंकों की स्व-गणना पहचान संख्या (एसईआइडी) जारी होगी, जो एसएमएस या ई-मेल के जरिये मिलेगी। स्वगणना के बाद 22 मई से 20 जून तक प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी का सत्यापन करेंगे। जिन्होंने पहले ही आनलाइन जानकारी भर दी है, उन्हें अपनी एसईआइडी दिखानी होगी। यदि जानकारी सही पाई जाती है, तो उसे तुरंत स्वीकार कर लिया जाएगा।

# राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सीबीएसई हाई स्कूल के घोषित परिणाम में राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल लालपुर बसतौर ने फिर से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया कक्षा 10 के परिणाम में सभी बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त किये। परीक्षा में रिचा दिवाकर पुत्री श्री शिशुपाल सिंह ने 90% अंक प्राप्त कर प्रथम , मोहम्मद अर्श ने 88% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा आरुष कुमार ने 87.6% अंक प्राप्त करते तृतीया स्थान प्राप्त किया इसके अलावा आदित्य चौहान 87 अलावा मोहम्मद अनस 84.6% कनक सैनी 83.8% मोहम्मद जुनेद 83.8% रिदा फातिमा 81.4% सोफिया 81.4 % मोईन रजा 80. 8% साक्षी सिंह 80. 2% प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया विद्यालय के प्रबंधक श्री साजिद खान जी ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रतिभाशाली बच्चों को बधाई दी ।

## आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योंडारा में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**बिलारी।** आर पी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योंडारा में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के लिए विभिन्न जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन बालिकाओं हेतु खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ-साथ रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी कराया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई तथा आपातकालीन परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने के उपाय सिखाए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रीमती पूजा यादव, श्रीमती शिवप्रिया एवं श्रीमती मिथलेश शर्मा ने संयुक्त रूप से छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बालिकाओं के लिए शिक्षा के साथ आत्मरक्षा का ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य करते हैं।

## मोहम्मद रय्यान ने किया स्कूल टॉप

**कुंदरकी।** इण्डियन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल ग्राम ढकिया जुम्मा में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें कक्षा 1 में मोहम्मद रय्यान प्रथम, अक्सा द्वितीय, सुमैयरा तृतीय,कक्षा 2 में शाने रजा प्रथम,उमेर अख्तर द्वितीय, महेरा तृतीय, कक्षा 3 में अहद प्रथम, शब्नूर द्वितीय, इनाया तृतीय, कक्षा 4 में अर्सलान प्रथम, तस्मिया नाज द्वितीय,इकरा तृतीय, कक्षा 5 में अलशिफा प्रथम, अर्श द्वितीय, मदीहा अम्बर तृतीय, कक्षा 6 में अनाविया प्रथम, दिपांशु द्वितीय, अफ्शा तृतीय, कक्षा 7 में हिमांशु प्रथम,गुल महक द्वितीय, शानिव रजा तृतीय, कक्षा 8 में अक्सा प्रथम, अलीशा द्वितीय,सलमान तृतीय स्थान पर रहे । वहीं विद्यालय में अधिक उपस्थिति के लिए आसिफा को एवं बेस्ट स्टूडेंट में फिजा, इरम, अबुजर, सबा,सिमरन,फैज,जैद,अल्तमस, सहजान, समद,जैनब, बुशरा ,इनाया,शिफॉन, जहरा नूर, सारा खान,अब्दुल रहमान, फैसल, फैज, अमीर हम्जा ने अपनी अपनी कक्षा में पुरस्कार प्राप्त किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबन्धक मोहम्मद इकराम अध्यक्ष हसमत अली, सुरेन्द्र सिंह, शिवम, प्रिंस कुमार,अली अब्बास, मासूम, शिफा, सबा, जोया, आलेमीन, सिफत, पूजा, तथा भारी संख्या में बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।



## ब्राह्मण महिला सभा ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**चन्दौसी।** ब्राह्मण महिला सभा चन्दौसी के तत्वाधान में शुक्रवार को भगवान श्रीपरशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभा संयोजिका संगीता भार्गव व जिलाध्यक्ष रंजना शर्मा द्वारा श्रीपरशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया। वंशिका भारद्वाज ने सरस्वती वंदना की। जिलाध्यक्ष रंजना शर्मा ने बताया कि श्री परशुराम, भगवान श्रीविष्णु के छठे अवतार हैं और मान्यताओं के अनुसार वे अजर और अमर हैं तथा अपने साहस और शौर्य के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर उर्मिला शर्मा, रानी शर्मा, सुमन मिश्रा, आशा सारस्वत, बबिता शर्मा, परवीन, सुधा शर्मा, सुनीता शर्मा, शालिनी शर्मा, अंशु नागर, कुमकुम मिश्रा, सुरेखा नागर, अनीता शर्मा, सपना शर्मा, साधना पाठक, शिप्रा शर्मा, ममता नागर, प्रीति शर्मा, रिंकी शर्मा, मीना शर्मा, संध्या शर्मा आदि मौजूद रहीं।

# थाना सोनकपुर पुलिस ने मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** थाना सोनकपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को बताया कि किसी भी आपात स्थिति में वे सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर सकती हैं।

उन्हें 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1078, 181 महिला हेल्पलाइन तथा 112 आपातकालीन सेवा नंबरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पुलिस कर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, उत्पीड़न तथा अन्य समस्याओं की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बताया गया कि पुलिस हर समय उनकी सहायता के लिए तत्पर है। इस जागरूकता अभियान में उप निरीक्षक तेजपाल शर्मा, महिला कांस्टेबल आशा सहित थाना सोनकपुर पुलिस टीम मौजूद रही। स्थानीय महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा व्यवस्थाओं की बेहतर जानकारी मिलती है।



# नई तबादला नीति पति-पत्नी और दिव्यांगों के लिए होगी वरदान सावित

**कांठ (शाह टाइम्स)।** प्रदेश सरकार 2026-27 के लिए नई तबादला नीति जल्द लाने जा रही है। नई तबादला नीति में पति-पत्नी और दिव्यांगों को मानचाही तैनाती के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। जिले में तीन साल और मंडल में सात साल की सेवा पूरी करने वालों को स्थानांतरित किया जाएगा। एक ही पटल पर सालों से कार्यरत कर्मियों को हटा कर दूसरे स्थान पर भेजा जाएगा।

प्रस्तावित तबादला नीति में विभागाध्यक्षों को तबादले के लिए एक माह का समय दिए जाने पर सहमति बनी है। पति-पत्नी दोनों के सरकारी सेवा में होने पर यथासंभव एक ही जिले में उनका तबादला किया जाएगा। चलने में लाचार और पूरी तरह से दिव्यांग बच्चों के माता-पिता की तैनाती उनके द्वारा दिए गए विकल्पों के आधार पर करने का प्रस्ताव है। दिव्यांग कर्मी और जिनके आश्रित परिवारीजन 40% से अधिक दिव्यांग हैं, उनको स्थानांतरण से मुक्त रखा जाएगा।

कोई दिव्यांग कर्मी यदि तबादला चाहता है, तो उसके अनुरोध पर मनचाहे जिलों में जाने का मौका दिया जाएगा। समूह श्कश व श्खश के अधिकारियों के तबादले के लिए जिले में तीन साल और मंडल में सात साल रहने का कटऑफ तय किया गया है।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कामकाजी परिस्थितियां!

भारत की औद्योगिक क्षमता के विस्तार से पुराने पड़ चुके बुनियादी ढांचे पर दबाव बढ़ रहा है, ज्यादा से ज्यादा संयंत्र करीब-करीब अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रहे हैं, और उनके प्रबंधन में व्याप्त खामियों को मीडिया में अधिक कवरेज और राजनीतिक ध्यान मिल रहा है। संभव है कि ये इकाइयां लंबे समय से अपने कामगारों को खतरनाक कामका. जी परिस्थितियों में झोंक रही हों और लिहाजा पैदा होने वाले संकट पूरी तरह से आकस्मिक नहीं हैं। अनुबंध पर काम करने वाले श्रमिक (कांट्रैक्ट लेबर) सबसे ज्यादा जोखिम में हैं। कामगारों का एक बढ़ता हुआ हिस्सा उपठेकेदारों के जरिए काम पर रखे गए प्रवासी श्रमिकों का है। किसी आपदा के बाद ये कामगार और संचालक एक-दूसरे पर दोष मढ़ते हैं। सुरक्षा संबंधी संकेत और नियमावली अक्सर कामगारों की मातृभाषा में उपलब्ध नहीं होते हैं। हाल ही में बायलर विस्फोट की घटनाओं में आई बाढ़ के पीछे की एक इंजीनियरिंग से जुड़ी हकीकत यह है कि बायलर कभी भी इस तरह अचानक खराब नहीं होते हैं। ये हादसे आमतौर पर बहुत ज्यादा दबाव, क्षमता में बदलाव (स्केलिंग), पानी के स्तर के कुप्रबंधन और/या फिर से सक्रिय करने संबंधी तनाव (रिवाइवल स्ट्रेस) की वजह से होते हैं। इनमें से हरेक कारक का जोखिम वक्त के साथ बढ़ता जाता है। कुल 20 लोगों की जिंदगी लील लेने वाले छत्तीसगढ़ के शक्ति संयंत्र में हुए बायलर विस्फोट और 2020 में विशाखापत्तनम गैस रिसाव एवं 2020 में नेवेली के एक ताप विद्युत केंद्र में हुए विस्फोट में काफी कुछ समानताएं हैं। विशाखापत्तनम वाले मामले में जहां लाकडाउन के बाद फिर से शुरू होने पर एक इकाई में सुरक्षा प्रणालियां निष्क्रिय या ठीक नहीं थीं, वहीं नेवेली वाले मामले में संयंत्र को दोबारा चालू करने की प्रक्रिया ने विस्फोट को जन्म दिया। शक्ति संयंत्र को भी हाल ही में अधिग्रहित व चालू किया गया था और विस्फोट के वक्त वह अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रहा था। संच. ालन की इन अस्थिर स्थितियों में, विफलताएं अक्सर क्षणिक तापीय और दबाव संबंधी असंतुलन की वजह से होती हैं। हालांकि, व्यवहार में, न तो राष्ट्रीय बायलर निरीक्षण व्यवस्था और न ही नियामक ढांचा इन चरणों में निगरानी को बढ़ाता है। बायलर की स्थिति भले ही रोजाना बदलती रहती हो, लेकिन इनका प्रमाणन एक साल तक वैध रहता है। मौजूदा ढांचा असुरक्षित संचालन के बजाय काम बंद रहने की अवधि (डाउनटाइम) के लिए दंडित करता है और रखरखाव के लिए की गई कार्यबंदी (शटडाउन) को पुरस्कृत करता है। शक्ति संयंत्र में हुए हादसे जैसी घटनाएं इस बात का भी सबूत हैं कि निरंतर यंत्रीकरण (इंस्ट्रूमेंटेशन) और जांच के बजाय निर्माण संबंधी मानकों पर ढांचे का ध्यान केंद्रित करना कारगर नहीं है। केंद्र सरकार का व्यावसाय करने में आसानी पर ध्यान केंद्रित करने से औचक सरकारी निरीक्षणों की जगह पर स्व-प्रमाणीकरण और निर्धारित तीसरे-पक्ष द्वारा जांच को बढ़ावा मिला है।


## महिलाओं का सशक्तिकरण नहीं होने वाला



सरकार परिसीमन की आड़ में भारत का निर्वाचक मानचित्र बदल देना चाहती है, लेकिन इससे महिलाओं का सशक्तीकरण नहीं होने वाला है, संसदीय सीटों का परिस. ीमन देश द्रोह है और विपक्ष इसे किसी कीमत नहीं होने देगा सरकार लोक सभा सीटों का परिसीमन और विधायिका में महिलाओं का आरक्षण जिस तरह से देना चाहती है, वह अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलितों और अल्पसंख्यकों के हितों पर हमला है। विपक्षी सदस्य इसका कड़ा विरोध करते हैं, आप ओबीसी को, दलितों को हिन्दू तो कहते हैं, पर सत्ता में उन्हें स्थान नहीं देते, कार्पोरेट में ओबीसी, दलित कहां हैं, शिक्षा क्षेत्र में वंचित वर्ग कहां है, निजी क्षेत्र में ओबीसी -दलित कहां हैं, सार्वजनिक क्षेत्र से वंचित वर्गों को हटाया जा रहा है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# धरोहरों में धड़कता भारतीय इतिहास



विश्व धरोहर दिवस, जिसे आधिकारिक रूप से 'स्मारकों और स्थलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस' कहा जाता है, मानव सभ्यता की स्मृतियों और भविष्य की जिम्मेदारियों के बीच सेतु का प्रतीक है। वर्ष 1983 में यूनेस्को द्वारा स्थापित यह दिवस हर वर्ष 18 अप्रैल को हमें यह स्मरण कराता है कि इतिहास केवल पुस्तकों में नहीं बल्कि पत्थरों, गुफाओं, नदियों, जंगलों और स्मारकों में जीवित रहता है। यह उन कहानियों का जीवंत संग्रह है, जिन्हें समय ने तराशा है और जिन्हें संरक्षित रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। भारत, जो हजारों वर्षों की सतत सभ्यता का वाहक रहा है, अपनी विविधता, गहराई और सांस्कृतिक समृद्धि के कारण विश्व धरोहर मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान रखता है।

वर्तमान में भारत के पास 44 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हैं, जो इसे वैश्विक स्तर पर अग्रणी देशों में स्थापित करते हैं और यह दर्शाते हैं कि भारत केवल अतीत का संग्रहालय नहीं बल्कि प्रकृति और संस्कृति के अद्भुत संतुलन का जीवंत उदाहरण है। भारत की सांस्कृतिक धरोहरों में ताजमहल की श्वेत संगमरमर में उकेरी गई प्रेमगाथा, कुतुब मीनार की स्थापत्य भव्यता, खजुराहो मंदिर की कला और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम तथा अजंता और एलोरा गुफाओं की भित्ति चित्रों और शिल्पकला की अनूठी परंपरा शामिल है। यह केवल स्मारक नहीं बल्कि भारतीय चेतना की परतों को खोलने वाली जीवित कृतियां हैं, जो धर्म, दर्शन, कला और विज्ञान के समन्वय को प्रस्तुत करती हैं। इसी तरह हम्पी और महाबलपुरम जैसे स्थल यह प्रमाणित करते हैं कि प्राचीन भारत में स्थापत्य, जल प्रबंधन और खगोल विज्ञान कितने उन्नत स्तर पर थे। प्राकृतिक धरोहरों की बात करें तो भारत की जैव विविधता विश्व में अद्वितीय है। काजीरंगा नेशनल पार्क, सुंदरबन नेशनल पार्क, वेस्टर्न घाट और वैली ऑफ फ्लावर्स नेशनल पार्क जैसे स्थल न केवल प्राकृतिक सौंदर्य के प्रतीक हैं बल्कि पारिस्थितिक संतुलन और जैव विविधता के संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यह क्षेत्र हमें यह भी सिखाते हैं कि प्रकृति और मानव का संबंध प्रतिस्पर्धा का नहीं बल्कि सह-अस्तित्व का होना चाहिए। भारत का एकमात्र मिश्रित धरोहर स्थल कंचनजंघा नेशनल पार्क इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण है कि किस प्रकार प्रकृति और संस्कृति एक-दूसरे में घुल-मिलकर एक समग्र विरासत का निर्माण करती हैं। यहां के पर्वत, मिथक, स्थानीय आस्थाएं और पारंपरिक ज्ञान इस क्षेत्र को केवल भौगोलिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक रूप से भी विशिष्ट बनाते हैं। विश्व धरोहर सूची में किसी स्थल का शामिल होना केवल सम्मान नहीं बल्कि एक कठोर और बहुआयामी प्रक्रिया का परिणाम होता है। पहले किसी स्थल को 'टेंटेटिव लिस्ट' में शामिल किया जाता है, फिर विशेषज्ञों द्वारा उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, स्थापत्य और संरक्षण संबंधी पहलुओं का गहन मूल्यांकन किया जाता है। जब वह सभी मानकों पर खरा उतरता है, तभी उसे विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त होता है। यह प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि सूची में शामिल प्रत्येक स्थल मानवता के लिए असाधारण सार्वभौमिक मूल्य रखता हो। हाल के वर्षों में भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 2024 में असम के मोइदाम-अहोम राजवंश की दफन प्रणाली को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया जबकि 2025 में मराठा सैन्य परि.श्यों को यह प्रतिष्ठा प्राप्त हुई। यह दोनों उदाहरण यह दर्शाते हैं कि भारत की विरासत केवल प्राचीन मंदिरों और स्मारकों तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें विविध ऐतिहासिक परंपराएं और क्षेत्रीय पहचान भी शामिल हैं। भारत की धरोहरें केवल राजाओं और साम्राज्यों की कहानी नहीं कहती बल्कि आम जनजीवन की रचनात्मकता, विश्वास और सामाजिक संरचना को भी अभिव्यक्त करती हैं। नालंदा विश्वविद्यालय और विक्रमशिला जैसे प्राचीन शिक्षा केंद्र यह दर्शाते हैं कि भारत कभी वैश्विक ज्ञान का केंद्र रहा है, जहां दुनियाभर से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते थे। इसी प्रकार भीमबेटका की गुफाएं मानव सभ्यता के प्रारंभिक चरणों की झलक प्रस्तुत करती हैं, जहां हजारों वर्ष पुराने चित्र आज भी संवाद करते प्रतीत होते हैं। हालांकि इस गौरवशाली विरासत के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। तेजी से बढ़ता शहरीकरण, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, अतिक्रमण और अनियंत्रित पर्यटन कई धरोहर स्थलों के अस्तित्व पर खतरा बनकर मंडरा रहे हैं। ताजमहल के आसपास बढ़ता वायु प्रदूषण और काजीरंगा नेशनल पार्क में मानवीय हस्तक्षेप इस बात के उदाहरण हैं कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो ये धरोहरें केवल स्मृतियों में सिमट सकती हैं।

इस दिशा में भारत सरकार और विभिन्न संस्थाओं द्वारा कई महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण लगातार संरक्षण और पुनरुद्धार के कार्यों में सक्रिय है। 'एडॉप्ट ए हेरिटेज' जैसी योजनाओं के माध्यम से निजी क्षेत्र और स्थानीय समुदायों को भी संरक्षण में भागीदार बनाया जा रहा है। डिजिटल तकनीक के माध्यम से 'वर्चुअल हेरिटेज वॉक' जैसी पहलें नई पीढ़ी को धरोहरों से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं। फिर भी, केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। धरोहर संरक्षण को जनआंदोलन बनाना होगा। जब तक स्थानीय समुदाय स्वयं इन स्थलों को अपनी पहचान का हिस्सा नहीं मानेंगे, तब तक संरक्षण के प्रयास अधूरे रहेंगे। बिश्नोई जैसे समुदायों का उदाहरण यह दर्शाता है कि यदि समाज जागरूक हो तो वह प्रकृति और विरासत दोनों की रक्षा कर सकता है। भारत की कई ऐसी धरोहरें भी हैं, जो अभी यूनेस्को की सूची



श्वेता गोयल

में शामिल नहीं हैं लेकिन उनकी महत्ता किसी भी . ष्टि से कम नहीं है। वाराणसी की प्राचीनता, मथुरा-वृंदावन की सांस्कृतिक जीवंतता, उज्जैन की धार्मिक परंपरा और लोकटक झील की पारिस्थितिक विशिष्टता यह दर्शाती है कि भारत की विरासत केवल सूचीबद्ध स्थलों तक सीमित नहीं है बल्कि हर क्षेत्र, हर संस्कृति और हर परंपरा में समाई हुई है। आज के समय में, जब वैश्वीकरण और उपभोक्तावाद के प्रभाव में समाज तेजी से बदल रहा है, यह आवश्यक हो जाता है कि हम अपनी जड़ों से जुड़े रहें। धरोहरें केवल अतीत का अवशेष नहीं बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाली प्रेरणा हैं। वे हमें यह सिखाती हैं कि विकास केवल आधुनिकता में नहीं बल्कि परंपरा और नवाचार के संतुलन में निहित है। भारत की धरोहरों में इतिहास पत्थरों में दर्ज है लेकिन उनका अर्थ जीवंत है। वे हमें हमारी पहचान, हमारी संस्कृति और हमारी सामूहिक चेतना से जोड़ती हैं। इन्हें संरक्षित करना केवल अतीत को बचाना नहीं बल्कि भविष्य को संवारना है। यह जिम्मेदारी जितनी सरकार की है, उतनी ही समाज की भी है। यही वह संवाद है, जो धरोहरों को अमर बनाता है। भारत की 44 विश्व धरोहरें इसी अमर संवाद की प्रतीक हैं, एक ऐसा संवाद, जो अतीत से वर्तमान और वर्तमान से भविष्य तक निरंतर प्रवाहित हो रहा है।

# भारत का फार्मा सेक्टर : युवाओं के लिए नया आकाश

**हम उद्योग-अकाद. मिक साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं। इसी दिशा में, शिक्षा और उद्योग के बीच तालमेल बिठाने के लिए नाईपर और उद्योग के बीच 356 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। साथ ही स्किल डेवलपमेंट मिशनों के माध्यम से छात्रों को सीधे कंपनियों के साथ जुड़ने के मौके दिए जा रहे हैं। इससे न केवल युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ेगी, बल्कि भारत एक ग्लोबल इना. ेवेशन हब बनेगा।**

भारत आज दुनिया की श्फार्मेसीश के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर चुका है, और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन के अनुरूप अब हम केवल जेनेरिक दवा बनाने वाले देश से आगे बढ़कर एक श्नवाचार-आधारितश वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर हैं। हमारी सरकार का उद्देश्य ऐसी नीतियां बनाना है जिससे देश के हर नागरिक कम कीमत में गुणवत्तापूर्ण दवाएं से मिल सकें। साथ ही सरकार निरंतर अनुसंधान और विकास को बढ़ावा दे रही है और भारतीय फार्मा उद्योग को वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए काम कर रही है। भारत की अब तक की सफलता उसकी उत्पादन क्षमता, लागत दक्षता और गुणवत्ता मानकों पर आधारित रही है। विश्व की लगभग 20 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं और 60 प्रतिशत वैक्सीन आपूर्ति के साथ देश ने वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसको देखते हुए भारत सरकार ने 8 से 10 वर्षों में देश को उच्च-मूल्य, नवाचार-आधारित बायोफार्मा और उन्नत चिकित्सीय उत्पादों का वैश्विक केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इसकी आधारशिला के रूप में हालिया केंद्रीय बजट में घोषित रुपये 10,000 करोड़ की 'बायोफार्मा शक्ति' पहल महत्वपूर्ण है। यह कार्यक्रम देश में वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार आधारित उद्योगों और अगली पीढ़ी की दवाओं के विकास को गति प्रदान करेगा। आर्थिक आंकड़े भी इस बात को दर्शाते हैं कि भारत का फार्मास्युटिकल उद्योग वर्तमान में 50 अरब डॉलर का है। जिस रफ्तार से हम आगे बढ़ रहे हैं, 2030 तक इसके 130 अरब डॉलर तक पहुंचने की पूरी संभावना है। इसे केवल संख्या नहीं, बल्कि देश के लाखों युवाओं के लिए बेहतर भविष्य के रोडमैप के तौर पर भी देखने की जरूरत है। वर्तमान में फार्मास्युटिकल उद्योग प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से 30 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे रहा है। 2030 तक हेल्थकेयर और फार्मा क्षेत्र में 20 से 25 लाख नए रोजगार सृजित होंने की उम्मीद है। बायोफार्मा, मेडटेक और क्लीनिकल रिसर्च जैसे उभरते क्षेत्रों ने संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं।

हमारी सरकार का मानना है कि युवाओं की सफलता की नींव एक मजबूत शैक्षणिक ढांचे पर टिकी होती है। इसी विजन को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय बजट में फार्मा सेक्टर के लिए और भी कई क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं। सरकार ने देश में तीन नए राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाईपर) स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही, वर्तमान में कार्यरत सात नाईपर संस्थानों को अपग्रेड किया जा रहा है। इन सात संस्थानों में श्सेंटर ऑफ एक्सीलेंसश की स्थापना की गई है, जो अनुसंधान और विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। इन केंद्रों के माध्यम से विशेष क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा दिया जा रहा है, नाईपर मोहाली में एंटी-वायरल और एंटी-बैक्टीरियल दवाओं की खोज एवं विकास, नाईपर अहमदाबाद में मेडिकल डिवाइसेज, नाईपर हैदराबाद में बल्क ड्रग्स, नाईपर कोलकाता में फ्लो केमिस्ट्री और सतत विनिर्माण, नाईपर रायबरेली में नोबेल ड्रग डिलीवरी सिस्टम, नाईपर गुवाहाटी में फाइटोफार्मास्यूटिकल्स तथा नाईपर हाजीपुर में बायोलॉजिकल थेरैप्यूटिक्स पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए गए हैं। इन संस्थानों का सीधा लाभ हमारे विद्यार्थियों को मिलेगा। नाईपर केवल डिग्री देने वाले संस्थान नहीं रह जाएंगे, बल्कि वे ऐसे केंद्र बनेंगे जहां छात्र उद्योग की वास्तविक चुनौतियों पर काम करेंगे। इससे हमारे छात्र केवल जॉब सीकर नहीं बल्कि जॉब क्रिएटर और नवाचारी बनेंगे। बदलते दौर में काम करने के तरीके बदल रहे हैं। अनुमान है कि 2030 तक फार्मा सेक्टर के लगभग 30-35 प्रतिशत कार्यबल को री-स्किलिंग यानी नए कौशल सीखने की जरूरत होगी। केयर डिलीवरी, रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग की परिभाषाएं बदल रही हैं। डेटा विश्लेषण, डिजिटल हेल्थ और नियामक मामलों में उच्च कौशल वाले युवाओं की मांग तेजी से बढ़ेगी। हमारी सरकार का ध्यान इसी स्किल गैप को भरने पर है। हम चाहते हैं कि हमारे छात्र क्लीनिकल रिसर्च और अनुसंधान और विकास में विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करें। शिक्षा और उद्योग के बीच की दूरी को कम करना हमारी प्राथमिकता है। जब तक हमारे कॉलेजों में पढ़ाया जाने वाला पाठ्यक्रम और उद्योग की जरूरतें एक समान नहीं होंगी।

**-अनुप्रिया पटेल**

**(लेखक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं)**

# नोएडा में अशांति : कारखाना मालिकों को सबक लेने की जरूरत

नोएडा के औद्योगिक क्षेत्र में बीते 13 अप्रैल को जो घटना घटी, वह केवल एक स्थानीय प्रदर्शन नहीं थी। फेज-2 के होजरी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 60, 62, 63 और आसपास के दर्जनों कारखानों के हजारों मजदूर वेतन वृद्धि, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान, साप्ताहिक छुट्टी, बोनस और शिकायत निवारण समिति जैसी मांगों को लेकर सड़क पर उतरे। शुरू में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन था, लेकिन जल्द ही पथराव, वाहनों में आगजनी, संपत्ति तोड़फोड़ और पुलिस के साथ टकराव का रूप ले लिया। पुलिस को आंसू गैस और लाठीचार्ज का सहारा लेना पड़ा। सैकड़ों लोग घायल हुए, दर्जनों वाहन जलाए गए और सैकड़ों मजदूरों की गिरफ्तारी हुई। उत्तर प्रदेश सरकार ने तुरंत न्यूनतम मजदूरी में 21 प्रतिशत की अंतरिम वृद्धि की घोषणा कर दी, लेकिन आग बुझने में समय लगा।यह घटना मात्र नोएडा की नहीं है। यह पूरे देश के लिए एक बड़े संदेश की तरह है। आज भारत मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अगर श्रमिक-प्रबंधन संबंधों को नजरअंदाज किया गया तो नोएडा जैसी स्थिति कहीं भी दोहराई जा सकती है।

मुख्य वजह हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच न्यूनतम मजदूरी का बड़ा अंतर था। हरियाणा सरकार ने हाल ही में अनुभवी मजदूरों के वेतन में करीब 35 प्रतिशत की वृद्धि कर दी। अकुशल श्रमिकों के वेतन को 14,000 रूपए से बढ़ाकर 19,000 रूपए तक कर दिया गया। नोएडा के मजदूरों को यही खबर मिली और उन्होंने मांग की कि उनका वेतन भी उसी स्तर पर हो। वर्तमान में



नोएडा में कई कारखानों में अनुभवी मजदूरों को 11-13 हजार रूपए मासिक मिल रहे थे, जबकि महंगाई, किराया, राशन, शिक्षा और स्वास्थ्य खर्च ने आसमान छू लिया है। साथ ही लंबे काम के घंटे, ओवरटाइम का सिंगल रेट, वेतन स्लिप न मिलना और यौन उत्पीड़न समिति जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी ने आक्रोश को भड़काया। सोशल मीडिया पर 'हरियाणा मॉडल' की खबरें तेजी से फैलीं। कुछ बाहरी तत्वों ने भी इसे भड़काने की कोशिश की, लेकिन मूल समस्या आर्थिक थी। तीन-चार दिन के शांत प्रदर्शन के बाद 13 अप्रैल को हिंसा भड़क गई। पुलिस ने न्यूनतम बल प्रयोग किया, लेकिन स्थिति बिगड़ चुकी थी। सरकार ने बाद में 1 अप्रैल से लागू होने वाली वेतन वृद्धि की घोषणा की, फिर भी कई मजदूर संतुष्ट नहीं हुए। यह अशांति अचानक नहीं आई है। पिछले कुछ वर्षों में देश भर में श्रमिकों के बीच असंतोष बढ़ा है। कारण कई हैं। महंगाई और वास्तविक आय में कमीरू खाने-पीने, आवास और परिवहन का खर्च तेजी से बढ़ा है, लेकिन वेतन वृद्धि धीमी रही। विशेषकर अनुबंधित और ठेकेदार मजदूर सबसे ज्यादा प्रभावित रहे।श्रम कानूनों का अधूरा कार्यान्वयनरू चार नए श्रम संहिताओं का उद्देश्य सुविधा देना था, लेकिन कई राज्यों में उन्हें पूरी तरह लागू नहीं किया गया। न्यूनतम मजदूरी की समीक्षा समय पर नहीं होती।प्रबंधन की उदासीनतारू कई कारखाने एमएसएमई क्षेत्र के हैं। मालिक लागत बचाने के चक्कर में वेतन, बोनस और सुरक्षा पर ध्यान नहीं देते। संवाद की कमी भी रहती है। जब हरियाणा में वेतन बढ़ा, तो नोएडा के मालिकों ने इसे 'स्थानीय मुद्दा' मानकर नजरअंदाज कर दिया। नोएडा जैसे क्षेत्रों में ज्यादातर मजदूर बिहार, उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों और पूर्वी राज्यों से आते हैं। वे परिवार को पैसा भेजने के लिए कम वेतन पर भी काम करते हैं, लेकिन महंगाई ने उनका सब्र तोड़ दिया। सोशल मीडिया और सूचना का प्रसार ऐसा होने लगा कि एक जिले की खबर दूसरे जिले में तुरंत पहुंचने लगी। जिस कारण तुलना आसान हो गई है। इसी तरह की घटनाएं पहले गुरुग्राम, चेन्नई, कोयंबटूर और अहमदाबाद में भी देखी गई हैं। सवाल उठता है कि क्या दोष किसी एक पक्ष का है? उल्लेखनीय है कि कई फैक्टरियां लाभ कमा रही हैं, लेकिन मजदूरों को न्यूनतम सुविधाएं भी नहीं दे पा रही। संवाद की जगह दमन का रवैया अपनाया जाता है। वहीं सरकार की बात करें तो उनके द्वारा न्यूनतम मजदूरी की समीक्षा में देरी करना। पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय की कमी।

श्रम विभाग की कमजोरनिगरानी, आदि जैसे कई कारण हैं जो सरकार को भी सवालों के घेरे में लाते हैं। वहीं मजदूरों की बात की जाए तो हिंसा कभी जायज नहीं होती। वाहनों में आग लगाना, पथराव और संपत्ति तोड़फोड़ से उनकी अपनी मांगें कमजोर होती हैं। ऐसे में कुछ बाहरी उकसावे वाले तत्व इन सब का फायदा उठा लेते हैं। कई जगह यूनियनें राजनीतिक रंग ले लेती हैं और संवाद की बजाय आंदोलन को बढ़ावा देती हैं। वास्तव में दोष 'व्यवस्था' का है, जिसमें त्रिपक्षीय संवाद (सरकार-प्रबंधन-श्रमिक) कमजोर हो गया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### कर्मचारियों के हक

**नोएडा से सबक लेकर देश भर के कारखाना मालिकों को तुरंत कुछ कदम उठाने चाहिए।**

- **हर साल महंगाई के आधार पर 10 से 20 फीसदी वेतन बढ़ोतरी का फॉर्मूला तय करें।**
- **वेतन समय पर और स्लिप के साथ दें।**
- **ग्रेविएंस कमेटी, वर्कर्स वेलफेयर कमेटी बनाएं।**
- **मासिक बैठकें रखें।**
- **ओवरटाइम, पीएफ, ईएसआई, बोनस, छुट्टियां जैसे सभी नियमों का पालन करें।**
- **मजदूरों को ट्रेनिंग दें ताकि वे ज्यादा उत्पादक बनें व बेहतर वेतन का हकदार हों।**
- **काम का माहौल सुरक्षित और सम्मानजनक बनाएं।**
- **यौन उत्पीड़न समिति अनिवार्य रूप से सक्रिय रखें।**
- **राज्य और केंद्र सरकार के साथ मिलकर लंबी अवधि की मजदूरी नीति बनाएं।**



रजनीश कपूर




प्रयागराज। भीषण गर्मी में पानी के टैंकर के ऊपर से पानी की बोतलें भरता व्यक्ति।

## मार्को रुबियों-एवेट कपूर के बीच युद्ध विराम व होर्मुज को लेकर चर्चा

**लंदन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर के साथ अमेरिकी-ईरान युद्ध विराम और होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा पर चर्चा की। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बताया कि दोनों नेताओं ने युद्ध विराम के अगले कदमों की समीक्षा की और जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया, ताकि वाणिज्यिक जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और ईरान के बीच वर्तमान संघर्षविराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उल्लेख किया कि यह अभी भी अनिश्चित है कि युद्ध विराम को आगे बढ़ाया जाएगा या नहीं, लेकिन उन्होंने चल रही बातचीत के बारे में आशा व्यक्त की।

## मैक्रों ने इजरायल व लेबनान युद्धविराम का समर्थन किया

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इजरायल और लेबनान के बीच दस दिनों के युद्धविराम का 'पूर्ण समर्थन' किया है। मैक्रों ने हालांकि इस समझौते को लेकर चिंता भी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं इस बात को लेकर चिंतित हूं कि सैन्य अभियानों के जारी रहने से यह युद्धविराम कमजोर पड़ सकता है। मैं सीमा के दोनों ओर नागरिक आबादी की सुरक्षा की अपील करता हूं। हिजबुल्लाह को अपने हथियारों का त्याग करना चाहिए और इजरायल को लेबनान की संप्रभुता का सम्मान करते हुए युद्ध रोकना चाहिए। इजरायल और लेबनान दोनों ने इस युद्धविराम का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे 'ऐतिहासिक शांति समझौता करने का अवसर' बताया है। यह समझौता फिलहाल दस दिनों के लिए है, जिसे बातचीत में प्रगति होने पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

# क्यूबा के राष्ट्रपति की ट्रम्प को दो टूक

### अमेरिका ने सैन्य आक्रामकता दिखाई, तो लड़ाई लड़ेगा देश, हमें एक बार फिर गंभीर खतरों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा

**हवाना।** क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज-कैनेल ने कहा कि क्यूबा नहीं चाहता कि अमेरिका उस पर सैन्य कार्रवाई करे। उन्होंने कहा, अगर ऐसा होता है तो उनका देश लड़ने के लिए तैयार है। डियाज-कैनेल ने यह बात एक रैली में कही, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए थे।

यह रैली क्यूबा की क्रांति के 65 साल पूरे होने पर आयोजित की गई थी, जब क्यूबा ने खुद को समाजवादी देश घोषित किया था। डियाज-कैनेल ने कहा, यह बेहद चुनौतीपूर्ण समय है और हमें एक बार फिर गंभीर खतरों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा, जैसे 16 अप्रैल 1961 को थे। इन खतरों में (संभावित) सैन्य हमला भी शामिल है। हम यह नहीं चाहते, लेकिन इससे बचने के लिए तैयारी करना हमारा कर्तव्य है और अगर यह टालना संभव न हो, तो हमें इसे हराना होगा। उन्होंने यह बात ऐसे समय में कही, जब



■ डियाज कैनेल ने यह बात एक रैली में कही, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए थे

दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है। अमेरिका की ऊर्जा नाकेबंदी के कारण क्यूबा का संकट और गहरा गया है। इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रम्प ने कहा था कि ईरान के साथ जंग खत्म होने के बाद उनका प्रशासन क्यूबा पर फोकस कर सकता है। उन्होंने कहा कि हम इसे खत्म करने के बाद क्यूबा की ओर भी जा सकते हैं। उन्होंने क्यूबा को विफल देश बताया और कहा कि यह लंबे समय से खराब तरीके से चलाया जा रहा है। जनवरी के शुरुआत में ट्रम्प ने पहले भी क्यूबा में दखल की धमकी दी थी, जब अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला पर हमला किया और वहां से आने वाले तेल की आपूर्ति रोक दी। कुछ हफ्तों बाद ट्रम्प ने उन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी, जो क्यूबा को तेल बेचते हैं या उपलब्ध कराते हैं। ट्रम्प और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के माता-पिता 1950 के दशक में क्रांति से पहले क्यूबा से प्रवास कर गए थे। दोनों ने क्यूबा की सरकार को अक्षम और दमनकारी बताया है। डियाज-कैनेल ने उन पर आरोप लगाया कि वे एक ऐसा 'कहानी' बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसका कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा क्यूबा असफल देश नहीं है। क्यूबा एक घिरा हुआ देश है। क्यूबा एक ऐसा देश है, जो कई तरह के हमलों का सामना कर रहा है। इनमें आर्थिक युद्ध, कड़ी नाकेबंदी और ऊर्जा नाकेबंदी शामिल हैं। उन्होंने कहा क्यूबा एक ऐसा देश है जिसे धमकाया जाता रहा है, लेकिन वह झुकता नहीं है। हर चीज के बावजूद समाजवाद की वजह से क्यूबा एक ऐसा देश है, जो संघर्ष करता है, आगे बढ़ता है और याद रखिए, यह देश जीतकर रहेगा। क्यूबा और अमेरिका दोनों ने माना है कि तनाव कम करने के लिए बातचीत चल रही है, लेकिन इसके बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईडीएफ ने लेबनान में हिजबुल्लाह के 380 से अधिक ठिकानों को बनाया निशाना

**यरूशलेम।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में लेबनानी शिया आंदोलन हिज्बुल्लाह के 380 से अधिक ठिकानों पर हमले किए। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि पिछले 24 घंटों में, आईडीएफ ने दक्षिणी लेबनान में सक्रिय जमीनी बलों के अभियानों का समर्थन करने के लिए हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन के 380 से अधिक ठिकानों पर हमले किए। आईडीएफ ने कहा कि हमलों में हिजबुल्लाह के सदस्यों, मुख्यालयों और लॉन्चरों को निशाना बनाया गया।

### इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप पर हेलीकॉप्टर क्रैश, आठ की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप पर एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां पाम आयल के बागानों के बीच उड़ान भर रहा एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार सभी आठ लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को इस घटना की जानकारी दी। यह हेलीकॉप्टर 'पीटी मैथ्यू एयर नुसंतारा' कंपनी का था और इसका माडल एयरबस एच130 था। इसने पश्चिमी कालीमंतन प्रांत के मेल्वी जिले से उड़ान भरी थी।

### लव एंड वॉर 21 जनवरी 2027 को होगी रिलीज

**मुंबई।** रणबीर कपूर, विक्की कौशल और आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म लव एंड वॉर 21 जनवरी 2027 को दुनियाभर में रिलीज होगी भव्य स्तर पर बनी लव एंड वॉर, संजय लीला भंसाली की अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। अपनी भव्य कहानी और इमोशनल गहराई के साथ, यह फिल्म भारत की सबसे बड़ी लव सागा और इंडियन सिनेमा की सबसे शानदार रोमांटिक फिल्मों में से एक बनकर उभर रही है।

# ईरान से समझौते को खुद पाक जाएंगे ट्रम्प!

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः ईरान के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे हैं, टिप्पणी को उनके यू-टर्न की तरह भी पेश किया जा रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे हैं। 40 दिनों से अधिक की जंग के बाद तनावपूर्ण शांति के बीच आई इस टिप्पणी को उनके यू-टर्न की तरह भी पेश किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने भारत और अमेरिका के संबंधों पर भी टिप्पणी की। ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना 'दोस्त' बताते हुए कहा कि मोदी के साथ फोन पर उनकी बातचीत 'बहुत अच्छी' रही।

पीएम मोदी ने भी ट्रम्प के फोन काल की पुष्टि की थी। गौरतलब है कि दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और समुद्री सुरक्षा पर चर्चा की। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित रखने पर जोर दिया। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भी दोनों नेताओं के बीच की बातचीत को सकारात्मक बताया। वहीं ट्रम्प ने यह भी कहा है कि अगर ईरान के साथ समझौता हो जाता है तो वह समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए पाकिस्तान जा सकते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत और ईरान से इतर इजरायल और लेबनान के बीच युद्धविराम पर भी बयान दिया। उन्होंने लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ आउन और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी बात की। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल में 10वां युद्ध रोकने में सफलता हासिल की है। डोनरो सिद्धांत जुमले का इस्तेमाल ट्रम्प की 2026 की विदेश नीति के संदर्भ में किया जाता है। इस धारा के तहत सरकार 'अमेरिका सबसे पहले और केवल अमेरिका' जैसे रुख पर जोर देती है। डोनरो सिद्धांत पूर्व राष्ट्रपति के दौर में इस्तेमाल 'मोनरो सिद्धांत' से प्रेरित है। दरअसल, 1823 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जेम्स मुनरो ने यूरोपीय उपनिवेशीकरण बंद करने का एलान किया था। उन्होंने कहा था कि अमेरिका में किसी भी हस्तक्षेप को अमेरिका के खिलाफ दुश्मनी बढ़ाने जैसे कृत्य के रूप में देखा जाएगा। बीते करीब 200 साल से अधिक समय से इस नीति को डोनरो सिद्धांत की तरह पेश किया जा रहा है। अब गाहे-ब-गाहे ट्रम्प की नीतियों को भी इसी जुमले के आधार पर पेश किया जाता है।

वहीं ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ बहुत जल्द जीत का दावा किया। उन्होंने ईरान की सैन्य क्षमताओं में भारी गिरावट का उल्लेख किया। ट्रम्प ने ईरान को कठिन, स्मार्ट देश बताया, पर कहा उसकी नौसेना खत्म हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि ईरान के 158 जहाज समुद्र में डूब चुके हैं। ट्रम्प ने ईरानी कमांडर घोलमरेजा सुलेमानी को निशाना बनाने का भी जिक्र किया। उन्होंने सुलेमानी को 'सबसे बुरे आतंकवादियों में से एक' बताया, उस पर अमेरिकी सैनिकों पर हमलों का आरोप लगाया। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच, ट्रम्प ने ईरान के साथ युद्धविराम विस्तार पर अनिश्चितता जताई। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान के साथ जल्द ही एक समझौता हो सकता है। उन्होंने दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना मुख्य लक्ष्य है। अगले दौर की वार्ता सप्ताहांत में होने की संभावना है।




■ मोदी के साथ फोन पर उनकी बातचीत 'बहुत अच्छी' रहीः ट्रम्प
■ दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और समुद्री सुरक्षा पर चर्चा की

## अमेरिका-ईरान के बीच पाकिस्तान में शांति वार्ता के दूसरे दौर की तैयारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अगले हफ्ते अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली दूसरे दौर की महत्वपूर्ण शांति वार्ता की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को समाप्त करना है। इस युद्ध ने दुनिया भर में ऊर्जा की आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित किया है। पिछले हफ्ते हुई पहली सीधी बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई थी। हालांकि, दोनों पक्ष अभी दो हफ्ते के अस्थायी युद्धविराम का पालन कर रहे हैं। यह युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होगा। पाकिस्तान इस मौके का फायदा उठाकर दोनों देशों को फिर से बात. चीत की मेज पर लाने की कोशिश कर रहा है। अधिकारिक ने सूत्रों ने शुक्रवार को कहा, दोनों पक्षों को बातचीत की टेबल पर वापस लाने के लिए तेजी से डिप्लोमैटिक काम हुआ। इस शांति प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर काफी सक्रिय हैं।

# ट्रम्प ने अपनी आर्थिक नीतियों का बचाव किया

■ ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों पर अमेरिकी राष्ट्रपति दे रहे सफाई

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पश्चिम एशिया में ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों के बीच गुरुवार को लास वेगास में एक कार्यक्रम के दौरान अपनी सरकार के आर्थिक रिकॉर्ड का बचाव किया। श्रम विभाग की हालिया रिपोर्ट में पिछले महीने महंगाई में 0.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाई गई है, जो पिछले चार वर्षों में सबसे बड़ी उछाल है। ट्रम्प ने इस रिपोर्ट की सत्यता पर संदेह जताते हुए इसे ईंधन और ऊर्जा की कीमतों में अस्थाई वृद्धि का परिणाम बताया।

उन्होंने कहा कि यह मत भूलिए कि ईंधन और ऊर्जा की कीमतों के कारण हमें कुछ 'फर्जी महंगाई' का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि ये बढ़ी हुई कीमतें 'अल्पकालिक' हैं और उन्होंने अमेरिकियों से आने वाले सप्ताह के घटनाक्रमों पर नजर रखने का आग्रह किया। गौरतलब है कि खाड़ी क्षेत्र में ईरान के जवाबी हमलों के बाद ईंधन की कीमतों में यह उछाल आया था, जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से होने वाला तेल व्यापार प्रभावित हुआ था। हालांकि, ट्रम्प द्वारा शांति वार्ता के दौरान संघर्ष पर अस्थाई रोक लगाने की घोषणा के बाद ऊर्जा बाजारों में कुछ राहत देखी गई है। उल्लेखनीय है कि आम जनता के लिए खर्चों को वहन करने योग्य बनाना ट्रम्प के 2024 के राष्ट्रपति अभियान का मुख्य आधार था। आगामी मध्यावधि चुनावों में भी जीवन यापन की लागत से जुड़ी चिंताएं बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। लास वेगास के इस कार्यक्रम में सरकार की 'नो टैक्स ऑन टिप्स' नीति पर प्रकाश डाला गया। इसे पिछले साल के 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट' के तहत लागू किया गया था, जो सेवा उद्योग की 60 से अधिक नौकरियों में मिलने वाली बख्शीश पर संघीय कर को समाप्त करता है। इस गोलमेज बैठक में वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट, सांसद टॉमी ट्यूबर. विल और नेवादा के लेफ्टिनेंट गवर्नर स्टावरोस एंथोनी भी शामिल हुए।

## नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बड़ी जांच शुरू

■ सात पूर्व पीएम, तीन राष्ट्रपति, राजा की संपत्ति की जांच, 100 मंत्री और अधिकारी भी दायरे में

**काठमांडू।** नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार ने 5 सदस्यीय न्यायिक पैनल बनाया है, जो 2006 से लेकर 2025-26 तक सार्वजनिक पदों पर रहे लोगों की संपत्ति की जांच करेगा। जांच के दायरे में 2005-06 के बाद के सभी 7 प्रधानमंत्रियों को भी शामिल किया गया है।

इनमें सुशील कोईराला, पुष्प कमल दहल, माधव कुमार नेपाल, झलनाथ खनाल, बाबूराम भट्टराई, केपी शर्मा ओली और शेर बहादुर देउबा शामिल हैं। इसके साथ ही दो अंतरिम सरकारों के प्रमुख खिलराज रेग्मी और सुशीला कार्की भी जांच के दायरे में आएंगे। इसमें पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह भी आएंगे। इसके अलावा तीन राष्ट्रपति राम बरन यादव, विद्या देवी भंडारी और मौजूदा राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल भी जांच के घेरे में होंगे। यह जांच सिर्फ बड़े नेताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मंत्री, संवैधानिक पदों पर बैठे 100 से ज्यादा लोग और वरिष्ठ नौकरशाह भी शामिल होंगे। यह जांच नेपाल में राजशाही खत्म होने के बाद के पूरे दौर को कवर करेगी। इसका मतलब 2006 के बाद का लगभग पूरा राजनीतिक नेतृत्व अब जांच के दायरे में आ गया है। खास बात यह है कि यह जांच शाह सरकार के अपने राजनीतिक दायरे तक भी जा सकती है।

## अमेरिका में वैज्ञानिकों के लापता होने पर ट्रम्प बोलेः मामला गंभीर जांच का दिया आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका में संवेदनशील राष्ट्रीय सुरक्षा रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों के लापता या मृत होने की रिपोर्ट को लेकर चिंता बढ़ गई है। ट्रम्प ने इस मामले को 'गंभीर' बताया और जांच के आदेश दिए। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर बैठक की है और जल्द ही इसकी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ बेहद महत्वपूर्ण लोग इससे जुड़े हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2023 के बाद से कम से कम 10 वैज्ञानिक या सरकारी कर्मचारी, जो एडवांस डिफेंस और एयरोस्पेस रिसर्च में काम कर रहे थे, लापता हो गए हैं या उनकी मौत हो गई है। इन मामलों में लास एलामोस नेशनल लैबोरेटरी, नासा की जेट प्रोपल्शन लैब और डप्ज के प्लाज्मा साइंस एंड फ्यूजन सेंटर से जुड़े लोगों का जिक्र किया गया है।

# अमेरिकी सेना ने 12 साल बाद सीरिया छोड़ा

### जॉर्डन लौट रहे सैनिक, सरकार बोलीः अब देश में एक ही प्रशासन चलेगा

**दमिश्क।** करीब 12 साल की सैन्य मौजूदगी के बाद अमेरिका ने सीरिया से अपने सभी सैनिक निकाल लिए हैं और सैन्य ठिकाने खाली कर दिए हैं। अप्रैल 2026 में हसाका के कसराक एयरबेस से आखिरी अमेरिकी काफिला निकल गया। इसके बाद सीरियाई सरकार ने सभी बेस अपने कब्जे में ले लिए।

सीरियाई विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम देश को एकजुट करने और पूरे इलाके पर सरकार का नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में बड़ा मोड़ है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की कि करीब 2000 सैनिक जार्डन जा रहे है। अमेरिका ने हसाका, रुमैलान और देइर एज-जोर में मौजूद कम से कम सात बड़े ठिकाने खाली किए। आखिरी ठिकाना कसराक एयरबेस था। अब इस पर सीरियाई सेना का नियंत्रण है। हसाका प्रांत के ग्रामीण इलाके में स्थित कसरक



बेस है। अमेरिकी सेना की वापसी के बाद इसे सीरियाई सरकारी बलों को सौंप दिया गया। इस बीच, सीरिया सरकार और एसडीएफ के बीच हुए समझौते के बाद कुर्द लड़ाकों को राष्ट्रीय सेना में शामिल किया जा रहा है। हसाका और क़ामिशली जैसे शहरों में सरकारी बल तैनात हो चुके हैं और सीमाई इलाकों पर भी दमिश्क का नियंत्रण बढ़ा है। इसी साल दोनों पक्षों के बीच झड़पें भी हुई थीं, जिसके बाद मार्च में एक नया समझौता हुआ। इसके तहत एसडीएफ और कुर्द प्रशासनिक ढांचे को धीरे-धीरे राज्य में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हुई। सीरिया ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय एंटी-आईएसआईएल गठबंधन में शामिल होकर अपनी भूमिका बदली है। इससे अमेरिका के लिए सीरिया में सैन्य मौजूदगी का आधार कमजोर हुआ और अब वह क्षेत्र में अपनी रणनीति को नए सिरे से तय कर रहा है। एसडीएफ एक कुर्द-नेतृत्व वाला गठबंधन है, जिसे 2015 में बनाया गया था और इसमें कुर्द, अरब और दूसरे स्थानीय समूह शामिल हैं। सीरिया के गृहयुद्ध के दौरान जब सरकार कमजोर हुई, तब कुर्द लड़ाकों ने उत्तर-पूर्वी इलाकों पर कब्जा कर लिया। बाद में यही एसडीएफ के रूप में मजबूत ताकत बन गया। सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शारा और सीरिया के विदेश मंत्री असद हसन अल शैबानी दमिश्क में एसडीएफ के नेता मजलूम अब्दी से मिले। फोटो 16 अप्रैल की है।

# इजरायल-लेबनान के बीच युद्धविराम लागू

### आक्रामक सैन्य अभियानों को रोकने पर सहमत हुए दोनों देश

**तेल अवीव/बेरूत।** इजरायल और लेबनान 10 दिनों के लिए संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं, जो पूर्वी समय अनुसार 16 अप्रैल शाम पांच बजे (भारतीय समयानुसार 17 अप्रैल तड़के 3:30 बजे) से प्रभावी हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा कि लेबनान के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन हो सकता है।

अच्छी चीजें हो रही हैं। ट्रम्प ने फिर से दावा किया कि उन्होंने दुनिया भर में नौ युद्धों को सुलझाया है और यह दसवां होगा। उन्होंने कहा कि तो चलिए इसे पूरा करते हैं। इस अस्थाई युद्धविराम का उद्देश्य स्थाई शांति समझौते की दिशा में बातचीत के लिए अवसर प्रदान करना है। यह समझौता ट्रम्प द्वारा इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ औन के साथ चर्चा के बाद कराया गया था। समझौते के अनुसार, इजरायल और लेबनान आक्रामक सैन्य अभियानों को रोकने पर सहमत हुए हैं। लेबनान ने हिजबुल्लाह को हमले करने से रोकने के लिए सार्थक कदम उठाने की प्रतिबद्धता जताई है। इस अवधि के दौरान इजरायली बल दक्षिणी लेबनान में 10 किलोमीटर के 'सुरक्षा क्षेत्र' में बने रहेंगे। भले ही युद्धविराम आधिकारिक तौर पर प्रभावी है लेकिन लेबनानी सेना ने आज सुबह दक्षिणी गांवों में इजरायल द्वारा कई हमलों की सूचना दी। इस बीच, इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दावा किया कि उन्होंने पिछले 24 घंटों के दौरान लेबनान में हिजबुल्लाह के 380 से अधिक ठिकानों पर हमला किया। हिजबुल्लाह ने कहा कि वे तभी तक संघर्षविराम का 'पालन' करेंगे जब तक इजरायली हमले बंद रहेंगे। यह संघर्षविराम एक व्यापक क्षेत्रीय राजनयिक प्रयास का हिस्सा है जिसमें अमेरिका और ईरान के बीच अलग से चल रहा दो सप्ताह का युद्धविराम भी शामिल है।



■ लेबनान के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन हो सकता है: ट्रम्प

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)